


भारतीय नौसेना दिवस

वाराणसी, बुधवार, 4 दिसम्बर, 2024

मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष 13, अंक 296, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स (प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•


## मिर्जापुर में प्रभारी थानेदार संग 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड

### पेट्रोल पंप लूटकांड में बड़ा ऐक्शन

**मिर्जापुर।** जिले के लालगंज में पेट्रोल पंप लूटकांड में एसपी ने मंगलवार की शाम लालगंज के प्रभारी थानेदार समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। एसपी अभिनंदन ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी लालगंज उपनिरीक्षक आत्मा राम यादव, पीआरवी आरक्षी संतोष कुमार, उपनिरीक्षक केशनाथ राम, मुख्य आरक्षी संतोष चौधरी, आरक्षी (द्वीतीय मोबाइल) बाबू लाल, मुख्य आरक्षी निलेश कुमार यादव और आरक्षी कुलदीप कुमार को निलंबित किए गए है। एसपी ने बताया कि लालगंज थाने के थानेदार इन दिनों अवकाश पर है। आत्माराम यादव को प्रभारी थानेदार की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। क्षेत्र के बस्तरा मोड़ पर भदोही के ज्ञानपुर निवास सूरज शंकर उर्फ राजू मिश्रा का ज्ञान गंगा पेट्रोल पंप है। सोमवार की भोर में बाइक सवार दो नकापोश बदमाशों ने तमंचे व धारदार हथियार के बल पर पेट्रोल पंप के कैश काउंटर से पांच लाख रुपये लूटकर भाग गए थे। पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दो नकाबपोश बदमाश दिखे थे। लूट की घटना के 24 घंटे बाद भी बदमाशों के न पकड़े जाने पर एसपी ने कार्रवाई की है।

# अडानी मुद्दे पर ‘इंडिया’ में दरार!

## कांग्रेस के प्रदर्शन से नदारद दिखी एसपी, टीएमसी

### शीतकालीन सत्र

### सातवें दिन भी संसद में जारी रहा हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन मंगलवार को भी हंगामा जारी रहा। दरअसल, अदाणी मामले पर विपक्ष ने लोकसभा से वॉकआउट किया। उसके बाद संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन करने लगे। विपक्षी दलों के सांसदों के हाथ में 'मोदी-अदाणी एक हैं' और 'भारत अदाणी के खिलाफ जवाबदेही की मांग करता है', लिखी तख्तियां दिख रही थीं। इस प्रदर्शन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी शामिल हुए। हालांकि, इससे समाजवादी पार्टी (एसपी) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने दूरी बना ली है। ऐसे में सरकार के खिलाफ विपक्ष बिखरता नजर आया। इस दूरी ने एक बार फिर इंडिया गठबंधन में आई दरार को सामने ला दिया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। हम सदन के अंदर प्रदर्शन नहीं कर सकते इसलिए हमने संसद परिसर में विरोध किया है। टीएमसी के न शामिल होने पर कहा उन्होंने, 'हमारे बीच अबतक और मामलों में सही समन्वय चल रहा है। उनको पता है बंगाल में हम लोग एक साथ नहीं है। इसलिए शायद वह इस विषय पर भी अलग हैं। संसद में किस विषय पर बात होगी यह सरकार तय करेगी। मगर विपक्ष और कोई रास्ता निकाल लेगा अपने विषयों पर बात करने का।

25 नवंबर से शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार गतिरोध



बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी का पूरा फोकस अदाणी मामले को लेकर है, लेकिन समाजवादी पार्टी संभल हिंसा पर चर्चा की मांग कर रही है। इससे पहले सोमवार को संसद की कार्यवाही से पहले इंडिया ब्लॉक के नेताओं की मुलाकात राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे से हुई थी, जिसमें राहुल गांधी तो शामिल हुए थे, लेकिन टीएमसी का कोई सांसद नहीं पहुंचा था। दरअसल तृणमूल कांग्रेस चाहती है कि सदन में मंहगाई, बेरोजगारी, किसान, उर्वरक, विपक्षी राज्यों को मिलने वाले पैसे में कटौती और मणिपुर जैसे मुद्दों को लेकर चर्चा हो। वहीं कांग्रेस चाहती है कि अदाणी मुद्दे पर ही चर्चा हो। कांग्रेस के रूख से सपा भी किनारा करती दिख रही है। वहीं अन्य विपक्षी दल भी चाहते हैं कि किसान, संभल और मणिपुर जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो। यानि विपक्षी दलों में टीएमसी का रुख साफ है कि संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा हो, कमोबेश ऐसा ही कुछ समाजवादी पार्टी भी चाहती है।

सपा सांसदों ने आज लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की और संभल मुद्दे पर चर्चा का अनुरोध किया। सपा नेताओं के अनुसार अदाणी का मुद्दा संभल जितना बड़ा नहीं है। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हमारे लिए अदाणी से बड़ा मुद्दा किसान हैं। यानि कांग्रेस भले ही अदाणी की रट लगाए बैठी हो, मगर विपक्ष के कई दल और भी मुद्दों पर बहस करना चाहते हैं। सपा की सांसद इकरा हसन ने कहा, 'अदाणी मुद्दे पर चर्चा महत्वपूर्ण है। हालांकि, चूंकि पांच लोगों की मौत हो गई है, इसलिए संभल समाजवादी पार्टी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता वाला मुद्दा बन गया है।'

# नए साल में लगेगा महंगाई का करंट!

### झटका

### कोल्ड ड्रिंक्स, सिगरेट-तंबाकू पर 35% जीएसटी, कपड़े भी हो सकते हैं महंगे

**नई दिल्ली।** नए साल में एक बार फिर आम जनता को महंगाई का झटका लग सकता है। जी हां, रिपोर्ट्स के मुताबिक, नए साल में सिगरेट , तंबाकू और कोल्ड ड्रिंक्स महंगी हो सकती हैं। और इसकी वजह है जीएसटी दरों में होने वाली बढ़ोत्तरी। बेवरेजेज, तंबाकू से जुड़े उत्पाद और सिगरेट पर जीएसटी दर को बढ़ाकर 35 फीसदी तक किया जा सकता है। फिलहाल इन उत्पादों पर सरकार 28 फीसदी जीएसटी वसूलती है। इन उत्पादों पर जीएसटी बढ़ाने का प्रस्ताव जीएसटी रेट्स को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह ने दिया है। बता दें कि 21 दिसंबर 2024 को राजस्थान के जैसलमेर में जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक होने जा रही है जिसमें कोल्ड ड्रिंक्स, तंबाकू और सिगरेट पर जीएसटी रेट बढ़ाने से जुड़ा आखिरी फैसला लिया जा सकता है। इसके अलावा ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने रेडीमेड गारमेंट समेत 148 अन्य उत्पादों




पर भी जीएसटी बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी रेट्स को तर्कसंगत बनाने के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का गठन किया था। जिसका अध्यक्ष बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बनाया गया था। मंत्रियों के समूह ने आपसी सहमति के बाद सिगरेट, तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों के अलावा एयरेटेड पेय पदार्थ (कोल्ड ड्रिंक) पर जीएसटी को 28 फीसदी से बढ़ाकर 35 फीसदी करने का प्रस्ताव दिया है।

# संभल हिंसा का पाकिस्तानी कनेक्शन

### खुलासा

### बवाल में विदेशी कारतूस का हुआ इस्तेमाल, जांच टीम को मिले 9 एमएम के खोखे

**संभल।** जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में नौ एमएम पिस्टल का भी इस्तेमाल किया गया। मंगलवार को पुलिस छानबीन के दौरान मोहल्ला कोटगर्वी में टंकी रोड पर कूड़े के अंदर पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्टरी में बने एक कारतूस और एक खोखा मिला है। इसके



अलावा 12 बोर का यूएसए में बना खोखा मिला है। इसी तरह तीन खोखे 32 बोर के भी मिले हैं। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि यह गंभीर तथ्य सामने आया है। इसकी बारीकी से जांच की जाएगी। नौ एमएम कारतूस का इस्तेमाल सरकारी असलहा में ही किया जाता है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे। किसने पिस्टल का बवाल में इस्तेमाल किया है। एसपी ने बताया कि मंगलवार को पुलिस की जांच टीम छानबीन कर रही थी। इसी दौरान एक खोखा और एक कारतूस पुलिस को मिला है। इसके पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्टरी का होने का प्रमाण मिला है। इसी तरह यूएसए में बना एक 12 बोर का खोखा भी मिला है। 32 बोर के तीन खोखे मिले हैं।

# महाराष्ट्र में सरकार गठन का रास्ता साफ

### 5 को शपथ ग्रहण

### सीएम पद समेत 22 मंत्रालय रखेगी बीजेपी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर अभी भी पेंच फंसा हुआ है। 5 दिसंबर को तो शपथ ग्रहण समारोह का ऐलान हो चुका है लेकिन अभी तक यह तय नहीं हो पाया कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। हालांकि माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री पद बीजेपी के पास रहेगा और देवेंद्र फडणवीस का नाम सबसे आगे चल रहा है। इस बीच 5 दिसंबर को लेकर खबर आ रही है कि सिर्फ मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री ही शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार बाद में किया जाएगा। कहा जा रहा है कि भाजपा 21 से 22 मंत्रालय अपने पास रखेगी जबकि शिवसेना को 11 से 12 मंत्री पद मिल सकता है। वहीं अजीत पवार की एनसीपी को 10 मंत्री पद मिल सकता है। हालांकि एकनाथ शिंदे 16 मंत्री पद की मांग कर रहे हैं। शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। बीजेपी की विधायक दल की बैठक 4 दिसंबर को है और इसमें मुख्यमंत्री का नाम फाइनल होगा। वहीं एकनाथ शिंदे और अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। सूत्रों के अनुसार गृह विभाग और राजस्व विभाग भाजपा को मिलेगा जबकि एनसीपी को वित्त मंत्रालय और शिवसेना को शहरी विकास मंत्रालय मिल सकता है। वहीं विधानसभा और विधान परिषद का स्पीकर पद बीजेपी के खाते में जा सकता है। महाराष्ट्र में सरकार गठन से पहले एनसीपी के नेता छगन भुजबल का बड़ा बयान आया है। छगन भुजबल ने कहा है कि एनसीपी को भी शिवसेना के बराबर ही कैबिनेट में पद मिले। उन्होंने कहा है कि महायुति में एनसीपी का स्ट्राइक रेट दूसरे नंबर पर है, जबकि शिवसेना तीसरे नंबर पर है।





आरबीआई लोकपाल से सीधे शिकायत दर्ज करने पर वह अस्वीकृत हो सकती है.

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ios पर विजिट करें
फ़ीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

*बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, भुगतान प्रणाली सहभागी, प्रीपेड इन्स्ट्रूमेंट, क्रेडिट सूचना कंपनियां.
**सीआरपीसी: भारतीय रिज़र्व बैंक, सेक्टर 17, चंडीगढ़-160017.

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# वक्फ बोर्ड के विरोध में छात्रों ने किया हनुमान चालीसा पाठ

## पुलिस प्रशासन छात्रों को रहे समझाते पर परिसर में गूंजता रहा जय श्रीराम





**आक्रोश**

**छात्रों को काबू करने में पुलिस के छूटे पसीने, कई लिए गए हिरासत में**

**सुरक्षा की दृष्टि से देर शाम तक तैनात रही काफी संख्या में पुलिस फोर्स**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** यूपी कॉलेज में वक्फ बोर्ड का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को छात्रों के उग्र तेवर को देखते हुए कॉलेज परिसर और आसपास काफी पुलिस फोर्स तैनात रही। 'सोमवार को वक्फ बोर्ड का प्रतीकात्मक पुतला फूंकने के बाद मंगलवार को छात्रों ने यहां हनुमान चालीसा का पाठ किया। अंदर मस्जिद में नमाज भी नहीं हो सकी।' हल्की नोंक-झोंक के बाद कई छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेज दिया। सुरक्षा व्यवस्था के बाद पुलिस परिसर में जांच के बाद केवल छात्रों को ही प्रवेश दिया जा रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से देर शाम तक काफी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। किसी आशंका को देखते हुए अग्निशमन का दस्ता भी मौके पर बुला लिया गया था।

यूपी कॉलेज परिसर स्थित मजार के पास छात्रों ने मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने का ऐलान किया था। इसे देखते हुए मौके पर काफी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। मौके पर अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. एस चनप्पा छात्रों से बात करने पहुंचे। लेकिन छात्रों ने किसी की एक नहीं मानी। काफी संख्या में जुटे छात्रों ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। हनुमान चालीसा का पाठ करने पहुंचे छात्रों को काबू करने में पुलिस के भी पसीने छूट गए। पाठ करने पर रोकने पर छात्रों और पुलिस के बीच धक्कामुक्की भी हुई। छात्रों के विरोध के बीच पुलिस अधिकारी उन्हें समझाने में जुटे रहे, लेकिन छात्रों की जुबान पर केवल जय श्रीराम का नारा ही गूंजता रहा। पुलिस के जवानों ने छात्रों को रोका तो उन्होंने विरोध जताते हुए बैरिकेडिंग हटाने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को समझाने का प्रयास जारी रखा। बता दें कि यूपी कॉलेज के छात्र सुबह से ही इकट्ठा होने लगे। उन्होंने हनुमान चालीसा पढ़ने का ऐलान करने के साथ ही जय श्री राम का नारा लगाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे छात्रों की संख्या सैकड़ों में हो गई। सभी एक सुर में हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। छात्रों ने परिसर में जुलूस निकाला और जय श्री राम, जय श्री राम, हर-हर महादेव का नारा लगाए। पुलिस के विरोध के बीच कॉलेज के मुख्य द्वार पर भी छात्रों ने हनुमान चालीसा का वाचन किया। पुलिस का कहना है कि कॉलेज प्रबंधन ने सुरक्षा की मांग की थी। कॉलेज में सोमवार से सेमेस्टर परीक्षा चल रही है। परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न न हो, इसलिए केवल कॉलेज के छात्रों को ही परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जा रही थी। इस हंगामे के कारण परिसर में स्थित मस्जिद में नमाज भी नहीं पढ़ी जा सकी। पुलिस का कहना है कि कोई नमाजी आया ही नहीं। जबकि नमाजियों का कहना है कि पुलिस ने वापस लौटा दिया। परिसर और आसपास भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। परिसर में पुलिस कमिश्नर, डिप्टी पुलिस कमिश्नर, एडीएम सिटी समेत कई थानों की पुलिस और पीएसी भी तैनात रही।

### कई छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया

यूपी कॉलेज में छात्रों का आंदोलन बढ़ता ही जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे कई छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया। इस दौरान उन्हें जीप में भरकर ले जा रही पुलिस को भी अन्य छात्रों ने रोकने का प्रयास किया। भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाते हुए छात्र जीप के आगे आने लगे। कई छात्र जीप के सामने ही लेट गए। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस छात्रों को रोकने में जुटी रही।

### वायरल लेटर के बाद आक्रोशित हुए छात्र

पिछले हफ्ते यूपी कॉलेज में सीएम योगी का आगमन हुआ था। उन्होंने कॉलेज को यूनिवर्सिटी बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही थी। इसी के बाद अचानक यहां की 100 एकड़ जमीन पर वर्षों पहले वक्फ बोर्ड की तरफ से किए गए दावे का लेटर वायरल हो गया। सुन्नी वक्फ बोर्ड की तरफ से जारी नोटिस वायरल होने के बाद यूपी कॉलेज की जमीन के मालिकाना हक को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। हालांकि कॉलेज प्रशासन की तरफ से बयान जारी कर साफ कर दिया गया कि मामला पुराना है और इसे निस्तारित किया जा चुका है। इसके बाद भी छात्रों और हिंदूवादी संगठनों की तरफ से इसे लेकर विरोध प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया। बीते जुमे की नमाज के दौरान भी छात्रों को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था।




# 331 अग्निवीर भारतीय सेना में हुए शामिल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मंगलवार को 39 जीटीसी के परेड ग्राउंड में 331 अग्निवीरों ने देश पर प्राण न्योछावर करने की कसम खाने के बाद भारतीय सेना में सम्मिलित होने का गौरव प्राप्त किया।

उन्होंने एक शानदार परेड के दौरान राष्ट्र की सेवा करने की शपथ ली। परेड की समीक्षा ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता (सेना मैडल) कमांडेंट 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र द्वारा की गई। 31 सप्ताह के बेसिक और एडवांस कॉम्बैट ट्रेनिंग के बाद अग्निवीरों को सामान्य युवाओं से अनुशासित सैनिक होने का गौरव प्राप्त हुआ।

गोरखा प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को मजबूत, मानसिक रूप से चुस्त, सख्त और युद्ध के लिए तैयार सैनिकों में बदलने और उनकी क्षमताओं का निर्माण करने में माहिर हैं। इन सैनिकों को फिर हमारी सीमाओं की सुरक्षा के लिए सक्रिय यूनिटों में तैनात किया जाता है। परेड में बड़ी संख्या में पासिंग आउट बैच के माता- पिता और भूतपूर्व सैनिक मौजूद थे। यह वास्तव में सैन्य ड्रिल का एक बेदाग प्रदर्शन था। प्रशिक्षुओं ने अपनी कला कौशल सटीकता और शान प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया परेड के दौरान जैसे ही नवागत सैन्य टोली ने सलामी मंच के सामने हथियार पेश किए, दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। आत्मविश्वास से भरी छाती लिए हुए वीर जवानों के मार्च करते हुए शानदार दृश्य को देखकर प्रशिक्षुओं के माता- पिता की आंखों में खुशी के आंसू आ गए।

### सैन्य प्रशिक्षण के दौरान इनका हुआ सम्मान

टैक्टिक्स में सर्वश्रेष्ठ-अग्निवीर संदीप लिम्बू, बैटल फिजिकल में सर्वश्रेष्ठ- अग्निवीर बृजेन परियार, फायरिंग में सर्वश्रेष्ठ अग्निवीर सूर्या तमांग, ड्रिल में सर्वश्रेष्ठ अग्निवीर प्रवीण राय, बायोनेट फाइटिंग में सर्वश्रेष्ठ अग्निवीर अक्षय कुंवर, दूसरा ऑल राउंड बेस्ट अग्निवीर प्रवीण राय।



# प्रधानमंत्री पर अभ्रद टिप्पणी पड़ी भारी

जनसंदेश न्यूज



**जंसा।** कपसेठी थाना क्षेत्र के सकलपुर बाजार में सोमवार की देर शाम चाय की दुकान पर सकलपुर निवासी एक मनवढ अधेड़ टीरु मियां खुलेआम सनातन धर्म व प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्द कह रहा था। वहीं चाय की दुकान पर बैठे लोग उसकी बात इसलिए सुन रहे थे कि विरोध करने पर फसाद हो जाएगा इसी बीच बगल के गांव केवटान चकलोला गांव निवासी प्रकाश बिन्द पहुंच गये और उनसे यह बात बर्दाश्त नहीं हुई और मनबढ़ की बात का विरोध कर दिया। जिससे नाराज होकर आरोपी मनबढ ताबड़तोड़ प्रकाश बिन्द पर चाकू से वार करने लगा अचानक हुए हमले से वहां बैठे लोग घबरा गये और वहां से खिसक लिए और आरोपी तब तक चाकू से वार करता रहा जब तक पीड़ित खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर नहीं गया। सूचना पर जब तक पीड़ित परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तब तक मन बढ़ वहां से फरार हो गया था। पीड़ित के परिजनों ने घटना की सूचना तत्काल डायल 112 को दी मौके पर पहुंची पुलिस घायल को सेवापुरी के राजकीय अस्पताल ले गई जहां उसका इलाज हुआ उधर पुलिस पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संगीता की धारा 115, 2 352, 131 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि मेरे द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को पुलिस ने जानबूझकर बदलवा दिया और जबरदस्ती दूसरी तहरीर लिखवा कर मुकदमा दर्ज किया है।

## संक्षेप

### नौकरी के नाम पर साढ़े आठ लाख की ठगी

**वाराणसी।** सारनाथ लेढ़ूपुर निवासी एक युवक से रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर वहीं के युवकों ने साढ़े आठ लाख रुपए की ठगी कर ली। युवक द्वारा पैसा मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दिया गया। भुक्तभोगी युवक की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार आयुष मिश्रा लेढ़ूपुर का रहने वाला है। उसका लेढ़ूपुर में ही हार्डवेयर की दुकान है। लेढ़ूपुर के ही कुंदन यादव ने रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 25 जुलाई 2025 को लगभग साढ़े आठ लाख रुपया ले लिया था। लेकिन कुंदन यादव रेलवे में नौकरी नहीं लगवा पाए। इसके बाद जब आयुष मिश्रा अपना पैसा मांगने लगा तो कुंदन यादव अपने दोस्तों के साथ आयुष मिश्रा के यहां पहुंचे और उसे पैसा न देने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दे दिया। आयुष की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने कुंदन यादव, पत्नी अंशिका यादव, इरशाद अली सहित तीन अज्ञात के खिलाफ धारा 316 (3), 318 (4) व 351 (3) बी एन एस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

### क्षय उन्मूलन के प्रति जागरूकता

**पिंडरा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार प्राथमिक विद्यालय जमापुर में बच्चों को टीबी रोग के बाबत जागरूक किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडरा व आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमापुर के तत्वाधान में आयोजित जागरूकता अभियान के तहत सैकड़ो छात्र छात्राओं को टीबी चैंपियन सरोज वर्मा व सीएचओ सचिन कटारा ने कहाकि टीबी जागरूकता और समय से इलाज से खत्म हो सकता है। वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के लिए सभी का जागरूक होना जरूरी है। इस दौरान टीबी के बचाव, लक्षण, उपचार के बाबत विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पीएचसी के साथ आरोग्य मंदिर में भी निशुल्क जांच व दवा उपलब्ध है। बच्चों को टीबी मरीज के सम्पर्क में आने से बचने की सलाह दी गई। वही सअ संजय गुप्ता ने छात्रों को बचाव के उपाय व लक्षण पर प्रकाश डाला। दौरान ई प्र अ विनोद कश्यप, डॉ राजीव गौतम, अरविंद वर्मा, तेजबहादुर वर्मा समेत अनेक शिक्षक रहे।

### छत से गिरे अधेड़ की मौत

**चिरईगांव।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के बरियासनपुर निवासी कांता राजभर 55 की बीते सोमवार की रात्रि सेहमलपुर सिंधोरा में छत से नीचे गिरने से मौत हो गयी। परिजन मृतक को रात्रि में ही घर ले आये ।शव को मंगलवार सिंधोरा पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर अन्त्यपरीक्षण हेतु भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कांता राजभर अपने बड़े बेटे बहादुर के साढ़ू के यहां उसकी बेटी की शादी में शामिल होने सिंधोरा क्षेत्र के सेहमलपुर गया था ।बारात आने वक्त वह छत पर बैठे थे ।वहीं से नीचे गिर गये ।नीचे आने पर गंभीर रूप से चोट लग गयी ।उसे इलाज हेतु चोलापुर सीएचसी लाया गया ।जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया ।परिजन शव को घर ले आये।

### रेलवे स्टेशन के सामने से बाइक चोरी

**चौबेपुर।** क्षेत्र के कादीपुर रेलवे स्टेशन के समीप खली चूनी की दुकान से बाईक चोरी हो गयी। बताया जाता हैं कि रामविकाश यादव पुत्र स्व. मेवालाल यादव निवासी परानापुर की कादीपुर रेलवे स्टेशन के सामने खली चूनी की दुकान है, सोमवार को जब अपनीं दुकान खोलकर ग्राहकों को समान देनें लगे थे , व्यस्त होनें के बाद जब बाईक पर नजर पड़ी तो दुकान के सामनें खड़ी बाईक नादारद मिली। काफी खोजबीन के बाद भी स्प्लेंडर प्लस बाईक नंबर यू.पी. 65 एश 8908 चोर लेकर फरार हो चुके थे। जिसकी सूचना थानें पर दी गयी है, पुलिस तहरीर लेकर जांच-पड़ताल कर रही है।

### ई-रिक्शा की बैटरी चोरी

**रोहनिया।** पुलिस चौकी मोहनसराय अंतर्गत दरेखु गाँव मे घर के सामने खड़ी ई रिक्शा में लगे बैट्री पर चोरो ने हाथ साफ कर दिया,पीड़ित ने रोहनिया पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की माँग किया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहनिया के दरेखु निवासी भूमि राज पांडेय अपने ई रिक्शा वाहन सख्या यूपी 65 पीटी 2806 को अपने घर के दरवाजे के सामने बीते रविवार को खड़ी कर घर मे सोने चले गए थे सुबह उठे तो देखे की ई रिक्शा में लगी चारो बैट्री गायब है जिसके बाद सोमवार को पीड़ित ने रोहनिया पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की माँग किया है ।वही इस बाबत प्रभारी निरीक्षक रोहनिया विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि घर के दरवाजे के बाहर खड़ी ई रिक्शा से बैट्री चोरी करने के बाबत वाहन स्वामी भूमि राज पांडेय के द्वारा तहरीर दी गयी थी जिसके बाद अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जाँच पड़ताल की जा रही है।

### अध्यापक का मोबाइल छीन कर भागे बदमाश

**तरना।** बेखौफ बदमाश मंगलवार की सुबह कोचिंग से पढ़ा कर लौट रहे अध्यापक का मोबाईल छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने तहरीर दिया। पीड़ित दीपांशु मिश्रा ने बताया कि वह कोचिंग में पढ़ाते है और मंगलवार की सुबह लगभग 7:10 बजे कोचिंग से पढाकर निकले और मोबाइल से बात करते हुए पैदल जा रहे थे, उसी वक्त शांति विहार कालोनी के समीप पैशन प्रो बाइक से आये तीन बदमाश बाइक चलाते हुए उनके हाथ से मोबाइल छीन कर बीएचईएल की तरफ भाग निकले। उन्होंने बताया कि वह ऑटो में बैठ कर बदमाशों का पीछा किये लेकिन बदमाश भाग गए। पीड़ित ने घटना के संदर्भ में तहरीर दिया।

### जमीन के नाम पर 15.50 लाख की ठगी

**वाराणसी।** सारनाथ अकथा (पहाड़िया) में जमीन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति ने लगभग 15.50 लाख रुपए का धोखाधड़ी कर लिया। न्यायालय के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार नाउपर, केराकत, जौनपुर निवासी अजय सिंह श्रीनगर कालोनी पहाड़िया में किराए के मकान में रहते हैं। ये भदेवरा गौरा, बादशाहपुर जौनपुर निवासी सुरेंद्र सिंह को जमीन दिलाने के नाम पर 23 जुलाई 2023 से चार बार में लगभग 15.50 लाख रुपया ले लिये। सुरेंद्र सिंह के मांगने पर अजय सिंह पैसा देने से मना कर दिया। इस बाबत सुरेंद्र सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अजय सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र रमना गांव में रहने वाले रवि शंकर पटेल की पत्नी नीतू पटेल 22 साल ने मंगलवार देर शाम को घर के भीतर फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची लंका पुलिस फोरेंसिक जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजवाया। नीतू पटेल की शादी चार पहले रविशंकर के साथ हुई थी। मृतिका के बच्चे नहीं थे ।जिसके लिए दवा भी हो रही थी। रवि शंकर सुसुवाही हैदराबाद गेट के बाद एक होटल में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है। घटना के समय रवि ड्यूटी करने के लिए गया ।इस दौरान दोपहर बाद महिला ने घर में दुपट्टे से पट्टा लगाकर फांसी लगाकर जान दे दी ।घटना के रवि शंकर के परिवार में कोहराम मच गया। मृतिका के मायके वाले को परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

### सेन्ट्रल बार में स्टोन लगाने का शिलान्यास

**वाराणसी।** सेंट्रल बार विश्रामालय के भूतल पर कोटा स्टोन लगाने के कार्य का शिलान्यास एम एल सी हंसराज विश्वकर्मा ने और रजिस्ट्री ऑफिस से जिला पंचायत तक सीवर लाइन व इंटर लार्किंग का कार्य एल सी घर्मेंद्र सिंह ने किया कहा कि अधिवक्ता हित में भविष्य में जो भी संभव होगा करते रहेंगे लगभग 30 लाख रुपए का यह कार्य एम एल सी गण के निधि से कराये जायेंगे, कार्यक्रम के दौरान सेंट्रल बार अध्यक्ष मुरलीधर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाठक महामंत्री सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय अन्य पदाधिकारी व वकील मौजूद रहे।

# मजदूर यूनियन को समर्थन देगा ट्रैक मेंटेनर



**वाराणसी।** ऑल इंडिया ट्रैक मेंटेनर यूनियन के न्यायालय द्वारा चुनाव लड़ने की अनुमति न दिए जाने पर ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन ने लिया बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन देने का मन बना लिया।

ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के मंडल मंत्री शिवचंद यादव के निर्देश पर पूरे लखनऊ मंडल सहित वाराणसी के पदाधिकारियों ने भी उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन को अपना समर्थन देने की कर दिया घोषणा। ऑल इंडिया ट्रैक मेंटेनर यूनियन के पदाधिकारियों का मजदूर भवन कार्यालय वाराणसी में किया गया भव्य स्वागत शाखा मंत्री श्री विंध्यवासिनी यादव ने ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के पदाधिकारियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया! शाखा मंत्री श्री विंध्यवासिनी यादव ने कहा कि इससे उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन को ताकत मिलेगी साथ ही ट्रैक मेंटेनर भाइयों के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ यूआरएमयू, एनएफआईआर के नेतृत्व में आंदोलन को बल मिलेगा कल से शुरू होने वाले मतदान जो 4, 5, 6 दिसंबर 3 दिन मान्यता संबंधित चुनाव में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन को नंबर एक का संगठन बनने से कोई रोक नहीं सकता! उक्त अवसर पर ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के पदाधिकारी सर्वश्री शाखा अध्यक्ष अजीत पटेल, शाखा मंत्री रामशंकर यादव , आकाश कुमार, श्रीकृष्णा सूबेदार, रणधीर कुमार, मुन्ना कुमार, उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित कार ने एक को रौंदा, दो घायल





जनसंदेश न्यूज

**हादसा**

**कार की चपेट में तीन बाइक क्षतिग्रस्त**

**पिंडरा।** बाबतपुर-जमालापुर मार्ग पर लखमीपुर गांव के सामने एक तेज रफ्तार कार द्वारा नियंत्रण खो देने के बाद बाइक गैरेज के सामने खड़ी तीन बाइकों व वहां कुर्सी पर बैठे दो युवकों को चपेट में लेती हुई पेड़ से टकराते हुई सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। घटना के चलते जहां एक युवक की मौत हो गई वही दूसरा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सायँ साढ़े 3 बजे चक्का जाम कर दिया।

बताया जाता है कि बाबतपुर की तरफ से तेज गति से एक मारुति ओमनी कार कुआर बाजार की तरफ जाते समय लखमीपुर के समीप ड्राइवर ने नियंत्रण खो देने के बाद तेज गति से धक्का मारते हुए दोपहर एक बजे गड्ढे में पलट गई। जिसके चपेट में आने से राहुल विश्वकर्मा 26 वर्ष निवासी रसूलपुर की जहाँ मौत हो गई वही राहुल गुप्ता 24 वर्ष निवासी लखमीपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने अपराह्न साढ़े 3 बजे विरोध में शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। मौके पर पहुचे एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार व इंस्पेक्टर फुलपुर प्रवीण कुमार सिंह व चौकी इंचार्ज आयुष ओझा ने किसी तरह समझा बुझाकर आधा घण्टे बाद जाम खत्म कराया। पिता कमलेश विश्वकर्मा ने बताया कि दो दिन पहले गौना आया था। वही घटना के बाद कोहराम मच गया। पत्नी का रो रो कर बुरा हाल था। वह 3 भाई व एक बहन के बीच सबसे बड़ा था । वही घायल राहुल गुप्ता की हालत सामान्य बताई जाती है। पुलिस ने कार सवार प्रदीप जायसवाल निवासी नोनारी थाना नेवढ़िया जौनपुर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने काजीसराय स्थित हॉस्पिटल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम भेज दिया।

### अवैध निर्माण के प्रति तहरीर

**वाराणसी।** सारनाथ गंज मुहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा अवैध भवन निर्माण के खिलाफ पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर दे दिया। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गंज मुहल्ले में बाबूलाल पटेल अवैध भवन का निर्माण कर रहे हैं। यह क्षेत्र पुरातत्व विभाग द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र के अधीन आता है। इस क्षेत्र में पुरातत्व विभाग द्वारा अनुमति मिलने के बाद ही निर्माण किया जा सकता है। बाबू लाल पटेल गंज मुहल्ले में पुरातत्व विभाग द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र के अवैध भवन का निर्माण कर रहे हैं। इसको लेकर उनके खिलाफ तहरीर दे दिया गया है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना
अद्रा यूनिट 5 यू पी एस डी वर्ष 2009 अनुक्रमांक 06/290060 का प्रमाण पत्र खो गया है। विकास सिंह पुत्र राजकुमार सिंह पता ग्राम-बीबीपुर, पोस्ट-जफराबाद, जौनपुर।

# याद किये गये प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** चित्रगुप्त सभा काशी द्वारा मंगलवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को याद किया गया। वक्ताओं ने बताया कि वह सिर्फ राष्ट्रपति ही नही वरन महान विधिवेत्ता, सरलता के प्रतिमूर्ति और संविधान के रचईता थे।

भारत के सर्वाधिक समय तक राष्ट्रपति रहने के बावजूद हम उन्हे सही अर्थों मे सम्मान नही दे सके। आज आवश्यकता इस बात की है कि उनकी शिक्षा विद्वता व सरलता से नईपीढ़ी सीखे और अपने जीवन मे समाहित कर उन्नति करे। यह विचार उच्च न्यायालय इलाहाबाद की पूर्व न्यायमूर्ति विजयलक्ष्मी ने यह विचारोक्ति चित्रगुप्त सभा काशी द्वारा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती पर आयोजित विचारगोष्ठी का उद्घाटन करते हुये व्यक्त किया।

चित्रगुप्त सभा काशी ने भारतीय संविधान के रचईता महान विधिवेत्ता भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के 140वीं जयन्ती पर विचार गोष्ठी का आयोजन जीवनदीप शिक्षण समूह बड़ालालपुर में आयोजित किया। संगोष्ठी मे विशिष्ठ अतिथि विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कहा कि राजेन्द्र बाबू का संपूर्ण जीवन ही देश के लिये समर्पित था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष पूर्व स्वास्थ्य एवं चिकित्सा निदेशक डॉ. प्रसन्न कुमार जी ने बताया कि अपने अध्ययन काल मे ही राजेन्द्र बाबू महात्मा गांधी के चंपारन सत्याग्रह से जुड़ कर देश सेवा मे स्वयं को लगा दिया ।कार्यक्रम का संयोजन व संचालन चित्रगुप्त सभा के महामंत्री राव आईएएस के निदेशक अजीत प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद द्वारा हम देशवासियों को संविधान के रूप मे अनुपम भेंट दिया है, जो एक मार्गनिर्देशिका के रूप मे आम नागरिक से लेकर विधायिका कार्यपालिका न्याय पालिका के लिये मार्गनिर्देशिका का कार्य कर रही है। जीवनदीप शिक्षण समूह के निदेशक डॉ.अशोक कुमार सिंह ने संगोष्ठी मे आये समस्त सहभागियों का स्वागत व सम्मान किया।

# लार्ड विशेश्वर मामले की सुनवाई कल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन (फास्ट ट्रैक) युगल शंभू की कोर्ट में मंगलवार को 1991 से लम्बित अतिप्राचीन स्वयम्भू लॉर्ड आदिविश्वेश्वर पुरानेवाद में सुनवाई हुई। पक्षकार बनाए जाने की अर्जी पर विरोध में वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने दलील पेश की। अपनी बहस जारी रखी है। इस मामले में अगली सुनवाई पांच दिसंबर को होगी। पिछले दिनों वादी रहे मृतक सोमनाथ व्यास के भतीजे योगेंद्र नाथ व्यास की पक्षकार बनने की अर्जी पर अपना बहस पूरी कर ली थी।

वादी रहे मृतक सोमनाथ व्यास के भतीजा योगेंद्र नाथ व्यास ने भी पक्षकार बनाने के लिए अर्जी दी थी। इसी अर्जी पर सुनवाई हुई है। पिछले दिनों योगेंद्र की ओर से कहा गया कि उक्त परिसर में देवी देवताओं के पूजा पाठ के अधिकार व्यास परिवार के वंशज्य चला आ रहा है। इसके दर्शन ,पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास परिवार का था। इसके संबंध उसके परिवार के सोंभनाथ इस मामले में वादी थे। उनके मरने के बाद इस मुकदमे में पक्षकार बनने का अधिकार उसे बनता है। इस के बाद इस मामले के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने दलील पेश किया ।उन्होंने कहा कि इस मामले में पक्षकार बनाने की जो अर्जी दी गई है ।जो वर्तमान वाद में विवादित नहीं है। इसलिए उसके संबंध में यदि कोई क्लेम बनता है तो अलग से दाखिल कर सकता है। जबकि योगेंद्र व्यास द्वारा एक व्यक्तिगत वाद न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। जिसमें अगली सुनवाई की तिथि 10 जनवरी नियत है। इसकी जानकारी इस मामले में न्यायालय को नहीं दी गई है। यह महर्षि व्यास जो प्रार्थना ऋषि के पुत्र थे यह महर्षि व्यास जो पराशर ऋषि के पुत्र थे। ये विरक्त सन्यासी थे। सन्यासी थे जो अपना पूर्वज मानते हैं । जबकि स्कंद महापुराण काशी खंड में यह दशार्या गया है। व्यास गृहस्थ है सन्यासी नही है। इस लिए ये अधिकार का अधिकारी नहीं है। अभी बहस जारी है।

**वाराणसी सर्राफा भाव**



सोना (RTGS 999.0) 79000/inc.GST

चांदी (99.50) 92150/- प्रति किलो

चांदी सिक्का 120000/- प्रति सैकड़ा


# वाराणसी



# बर्खास्तगी की धमकी देकर डर का वातावरण बना रहा प्रबंधन


## पूर्वांचल-डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने के प्रस्तावित फैसले से खफा है कर्मचारी

जितेंद्र श्रीवास्तव

**प्रदेश में बकाया 66000 करोड़ रुपये के बंदरबाट की तैयारी में जुटे आला अफसर**

**2200 करोड़ रुपये बकाया आगरा में डकार गई निजी कंपनी, सरकार को नहीं मिला**

**निजीकरण का विरोध**



**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का कहना है कि बिजली व्यवस्था के निजीकरण का विरोध करने वालों को बर्खास्तगी की धमकी देकर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन डर का वातावरण बना रहा है। इससे कर्मचारी भयभीत होने वाले नहीं है। निजीकरण के पीछे भारी घोटाले की आशंका जतायी जा रही है। संघर्ष समिति ने दावा किया है कि निजीकरण का विरोध करने वाले उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों को पंजाब, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर के बिजली अभियंताओं ने अपना समर्थन दिया है।

संघर्ष समिति के नेताओं आरके वाही, मायाशंकर तिवारी, राजेन्द्र सिंह, नरेंद्र वर्मा, संजय कुमार, रमाशंकर पाल, अनिल, मीडिया सचिव/प्रभारी अंकुर पांडेय, ओपी सिंह, संतोष वर्मा आदि का कहना है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन कर्मचारियों के बीच में बर्खास्तगी और दमन का भय पैदाकर संपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण करना चाहता है। पहले कदम में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के नाम का खुलासा कर दिया गया है, लेकिन उद्देश्य संपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण का है। नेताओं कहा कि प्रबंधन का झूठ बेनकाब हो चुका है, इसीलिए प्रबंधन बर्खास्तगी की धमकी देकर डर का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि ऐसा भी पता चला है कि निजीकरण के पीछे भारी घोटाला है।

संघर्ष समिति के नेताओं कहा कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन को यह बताना चाहिए कि आगरा में फ्रेंचाइजी के साढ़े 14 साल के प्रयोग का क्या परिणाम निकला है? यह भी बताना चाहिए कि 31 मार्च 2010 तक का लगभग 2200 करोड़ रुपये का बकाया टोरेंट पावर कंपनी ने 14 साल से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद पावर कॉरपोरेशन को बकाये का भुगतान क्यों नहीं किया? संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में बिजली राजस्व का बकाया लगभग 66000 करोड़ रुपये हैं। निजी कंपनियों की इसी पर नजर लगी हुई है। देश के अन्य प्रांतों में जहां पर भी फ्रेंचाइजी या निजीकरण हुआ है। निजी कंपनियों ने कहीं पर भी बिजली राजस्व के पुराने बकाया को पावर कॉरपोरेशन को वापस नहीं किया है। यह सब रिकॉर्ड पर है। अब जो नई कंपनियां आएंगी, इसी बिजली राजस्व के 66000 करोड़ रुपये के बकाए के बंदरबांट की लूट होने वाली है।

### जुलाई में हुआ था पीपीपी मॉडल का प्रेजेंटेशन

संघर्ष समिति के नेताओं का कहना है कि यह भी पता चला है कि जुलाई महीने में बिजली क्षेत्र की एक बड़ी निजी कंपनी ने पावर कॉरपोरेशन के सामने पीपीपी मॉडल का प्रेजेंटेशन किया था। अब निजीकरण की योजनाओं की प्रतिदिन जो घोषणा की जा रही है, वह निजी कंपनी के उसी प्रेजेंटेशन का हिस्सा है। इससे साफ हो जाता है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की निजी कंपनियों से सांठगांठ है और निजीकरण के बाद आने वाले मालिक पहले ही तय कर लिए गए हैं कि उनको क्या करना है?। संघर्ष समिति ने इस संबंध में उपभोक्ता परिषद की तरफ से किए गए खुलासे का समर्थन करते हुए मांग की है कि निजीकरण पर उतारू प्रबंधन को तत्काल हटाया जाए।

### दमन करने से बाज आए प्रबंधन

संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन अनावश्यक रूप से बिजली कर्मियों का दमन करने से बाज आए। अभी कोई आंदोलन का नोटिस नहीं दिया गया है। निजीकरण के बारे में जनसंपर्क कर कर्मचारी और उपभोक्ताओं को अवगत कराया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि पंजाब राज्य बिजली बोर्ड इंजीनियर्स एसोसिएशन, जम्मू कश्मीर इलेक्ट्रिकल इंजीनियर ग्रेजुएट एसोसिएशन और उत्तरांचल पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर निजीकरण के निर्णय को वापस लेने की मांग की है और निजीकरण के विरुद्ध संघर्ष में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारी और अभियंताओं को पूरजोर समर्थन दिया है।

### प्रबंधन बताए कि कितने कर्मचारी को निजी कंपनी ने नौकरी पर रखा

संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि प्रबंधन यह भी बताएं कि टोरेंट पावर कंपनी और ग्रेटर नोएडा पावर कंपनी ने राज्य विद्युत परिषद के कितने कर्मचारियों को अपने यहां नौकरी पर रखा। प्रबंधन की तरफ से यह कहा जा रहा है कि टांडा और ऊंचाहार बिजली घर एनटीपीसी को पूरी तरह बेच दिए गए थे, जबकि ज्वाइंट वेंचर में एनटीपीसी में 50 प्रतिशत कर्मचारी रखे जाएंगे तो प्रबंधन यह भी बताएं कि ज्वाइंट वेंचर कंपनी मेजा, घाटमपुर व बिल्हौर में भी है। इन कंपनियों में उत्पादन निगम के एक भी कर्मचारी को क्यों नहीं रखा गया है? प्रबंधन यह भी बताएं कि जब इन्ही कर्मचारियों ने उत्पादन निगम और ट्रांसमिशन निगम को मुनाफे में ला दिया है तो यही कर्मचारी रहते हुए विद्युत वितरण निगम मुनाफे में क्यों नहीं लाया जा सकते। विद्युत वितरण निगम में घाटा लगातार बढ़ रहा है। घाटे की जिम्मेदारी क्या प्रबंधन की नहीं है? संघर्ष समिति ने कहा कि घाटे के जिम्मेदार प्रबंधन हटा दिया जाए तो एक साल में संघर्ष समिति वितरण निगमों को मुनाफे लाकर दिखा सकती है।

# स्मार्ट काशी एप का महापौर ने किया शुभारंभ

## घर बैठे नागरिक सुविधाएं करें प्राप्त, एप से जमा करें 29 प्रकार का लाइसेंस

जनसंदेश न्यूज

**सुविधा**

**एचडीएफसी बैंक के सहयोग से होगा कार्य**

**जनशिकायत होगी दर्ज, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र और टैक्स का होगा त्वरित्व समाधान**

**एप पर डाला जा सकेगा फोटो,वर्तमान स्टेटस और निस्तारण की मिलेगी जानकारी**





**वाराणसी।** महापौर अशोक कुमार तिवारी ने मंगलवार को सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में नगर निगम स्मार्ट काशी एप का शुभांरभ किया। इसके माध्यम से अब घर बैठे लोगों को 29 प्रकार के लाइसेंस जमा करने के लिए सुविधा प्राप्त होगी। इस एप में नगर निगम से सम्बन्धित कई सुविधाओं को सम्मिलित किया गया है। कोई भी व्यक्ति अपने फोन से गुगल प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड कर सकता है। इस एप के माध्यम से नगर निगम लाइसेन्स जमा करने व टैक्स जमा करने की व्यवस्था भी किया है। इस कार्य के लिए अब लोगों को कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। घर बैठे ही लोग नगर के सभी अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लिनिक, डेन्टल क्लिनिक, होटल, लाज, धर्मशाला, नावों का कर सहित कई प्रकार के लाइसेन्स जमा कर सकते हैं। एचडीएफसी बैंक के सहयोग से तैयार किए गए इस एप से स्थल का फोटो खींचकर डाला जा सकता है,जो तत्काल सम्बन्धित अधिकारी के पास पहुंच जायेगा। जिसे समयान्तर्गत निस्तारित करना होगा। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जो 21 दिन के भीतर का होगा, उसे एप के माध्यम से आवेदन करने पर निर्गत किया जायेगा। शहर के बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिये भी सुविधा होगी उन्हें काशी के पर्यटन के बारे में जानकारी होगी। जिससे वह अपने गंतव्य पर आसानी से जा सकें। महापौर अशोक तिवारी ने एप के शुभारंभ पर कहा कि बदलते भारत में तकनीकी क्षेत्र की महत्ता बहुत बढ़ी है। शहर को व्यवस्थित रखने और उसे साफ-सुथरा करने में जनता नगर निगम को याद करती हैं। शहर को चलाए जाने में नगर निगम की विशेष भूमिका होती हैं, विभाग जनता के सहयोग के लिये तकनीकी क्षेत्रों का इस्तेमाल कर रहा है। इसे और बेहतर ढंग से संचालित किए जाने की जरूरत हैं। जिससे जनता में नगर निगम के प्रति धारणा बदले और विभाग को बेहतर सम्मान मिल सके। प्रारम्भ में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उसके फायदे के बारे बताया। वहीं अधिकारियों से एप के प्रति जागरूक रहने और समस्या का निस्तारण करने में तत्पर रहने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन एचडीएफसी बैंक के मनीष टंडन ने किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर रास, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त दुष्यन्त कुमार मौर्य, विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य अभियन्ता मोईनुद्दीन, समस्त जोनल अधिकारी, समस्त अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, समस्त स्वास्थ्य निरीक्षक, जलकल के अधिकारी उपस्थित थे।

# सिविल और यांत्रिक संवर्ग के अभियंताओं की तैनाती का विरोध

जनसंदेश न्यूज

**नाराजगी**

**उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन ने यूपीपीसीएल चेयरमैन को लिखा पत्र**

**कहा-विद्युत खंडों व उपखंडों में अप्रशिक्षित की तैनाती से दुर्घटना की संभावना**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन ने विद्युत विभाग के वितरण खंडों एवं उपखंडों में सिविल और यांत्रिक संवर्ग के अभियंताओं की तैनाती का विरोध किया है। संगठन ने इस बाबत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल को मंगलवार को पत्र लिखकर विरोध जताया है।

संगठन के महासचिव आशीष यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन एवं विद्युत वितरण निगमों को आकस्मिता की स्थिति में विद्युत आपूर्ति के सुचारू संचालन एवं अन्य आवश्यक कार्य के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवाएं प्रदान करने का अनुरोध किया है।

इस बाबत महासचिव आशीष ने पत्र में उल्लेख किया है कि पावर कॉरपोरेशन में कार्यरत अभियंताओं के स्थान पर अन्य विभागों में कार्यरत सिविल/यांत्रिक संवर्ग के अभियंताओं की ड्यूटी लगाया जाना सर्वथा अनुचित है। क्योंकि सिविल/यांत्रिक संवर्ग के अभिंयता विद्युत कार्यों के लिए प्रशिक्षित एवं दक्ष नहीं है। परिणाम स्वरूप विद्युत खंडों या उपखंडों में कोई भी दुर्घटना हो सकती है, जो उनके स्वयं एवं जनता के हित में नहीं है। इसलिए सिविल/यांत्रिक संवर्ग के अभियंताओं से विद्युत वितरण खंडों/उपखंडों पर ड्यूटी करना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि सरकार की निजीकरण नीति अधिकारी/कर्मचारी हित में नहीं है। इससे कार्मिकों का शोषण होगा। लिहाजा, इंजीनियर्स एसोसिएशन निजीकरण की नीति का पूरजोर विरोध करता है। इतना ही नहीं, सगठन के निर्णय के तहत सिविल/यांत्रिक संवर्ग के अभियंता प्रदेश में कार्यरत विद्युत अभियंताओं के स्थान पर ड्यूटी करने में असमर्थ है।

# निजीकरण के खिलाफ विद्युतकर्मियों का सत्याग्रह



**वाराणसी।** पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को निजी कम्पनियों के साथ संयुक्त उद्यम बनाए जाने से संविदा कर्मियों की छटनी की संभावना को देखते हुए विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने भिखारीपुर स्थित विभागीय मुख्यालय पर मंगलवार को सत्याग्रह किया और पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष को संबोधित पत्रक विद्युत वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता को सौंपा। सत्याग्रह स्थल पर संविदा कर्मियों को सम्बोधित करते हुए संगठन के प्रदेश संयोजक उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पावर कारपोरेशन प्रबंधन से हुई वार्ता में स्पष्ट कर दिया गया है कि कार्यरत संविदा कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी और सेवा मे निरन्तरता की गारंटी के बगैर निगमों के स्वरूप में किसी भी प्रकार के परिवर्तन के विरूद्ध संविदा कर्मियों द्वारा आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। सत्याग्रह में पूर्वांचल अध्यक्ष संजय सिंह, जिलाध्यक्ष रविन्द्र पटेल, जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा, प्रियांशु सिंह, गुलाब यादव, जितेंद्र गौड़, अवधेश यादव, जयप्रकाश पटेल, दीपु मिश्रा, अवधेश यादव, सुरेंद्र कुमार, रुद्र प्रताप आदि शामिल थे।

# निजीकरण यानी लूट-खसोट की खुली छूट

**उपभोक्ता कहिन**

**बिजली व्यवस्था निजी हाथों में सौंपने पीछे सरकार की कोई गहरी चाल**

**वर्तमान में कई निजी कंपनियों के मनमानेपन का दंश झेल रही जनता**



राजेश अरोड़ा



उषा सिन्हा



किशोर केजरीवाल



राजीव कुमार

**वाराणसी।** बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने के पीछे सरकार की कोई गहरी चाल नजर आ रही है। पूर्वांचल हो या दक्षिणांचल निगम, इसके निजीकरण का मतलब लूट-खसोट की खुली लूट को बढ़ावा देने के समान है। अभी तक बिलिंग, मरम्मत कार्य, ट्रांसफॉर्मर लोडिंग-अनलोडिंग, विद्युत उपकेंद्रों के परिचालन समेत तमाम कार्यों को निजी हाथों में सौंपने का दंश जनता झेल रही है। इस काम के लिए कार्यदायी एजेंसियों या कंपनियों को दिये जाने वाला पैसा तो जनता का ही होता है। आखिर सरकार को यह बात समझ में क्यों नहीं आती?

सारनाथ स्थित हर नारायण विहार कॉलोनी निवासी राजेश अरोड़ा का कहना है कि पावर कारपोरेशन के निजीकरण से पब्लिक को कोई लाभ नहीं होगा, क्योंकि जनता को निश्चित रूप से महंगी मिलेगी। जैसे मुंबई में निजी वितरण कंपनी जनता को 10 से 15 रुपये प्रति यूनिट बिजली दे रही है। प्रदेश सरकार अपने अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों पर लगाम कसने में क्यों कतराती है? आखिर प्राइवेट कंपनियों के अधिकारी, अभियंता और कर्मचारी अपने काम के प्रति संजीदा कैसे और क्यों होते है? इस पर सरकार को मंथन करना चाहिए। लोहिया नगर-सारनाथ निवासिनी पूर्व प्रशासनिक अधिकारी उषा सिन्हा का कहना है कि आमतौर पर देखा जा रहा है कि निजी कंपनियां चाहे वे बिजली के क्षेत्र में विद्युत वितरण कंपनी हो अथवा टेलीकॉम ऑपरेटर हो, उनके द्वारा तय या बढ़ाई जाने वाली दरों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रहता है, जिससे यह कंपनियां जब चाहे अपनी टैरिफ को संशोधित करती रहती हैं। इससे जनता का शोषण होता है। इसलिए पावर कॉरपोरेशन का निजीकरण जनहित नहीं होना चाहिए, क्योंकि सरकार विद्युत उपभोक्ताओं के हित में समय-समय पर योजनाएं चलाती रहती हैं, जिसका सीधा लाभ विद्युत उपभोक्ता को मिलता है। जबकि यदि पावर कारपोरेशन का निजीकरण हो जाएगा तो विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा लाभ नहीं मिलेगा।

लंका निवासी व्योसायी किशोर केजरीवाल को पावर कॉरपोरेशन के वर्तमान सिस्टम से शिकायत है। उनका कहना है कि इस सिस्टम में बिलिंग कार्य समय से और सही नहीं होता है और यदि इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की जाती है तो उसका निस्तारण भी नहीं होता है। टोल फ्री नंबर पर भी खानापूर्ति की जाती है और न ही संबंधित अधिकारी फोन ही उठाते हैं। जबकि निजी कंपनियों के समय में ऐसा नहीं होगा। उदाहरण के लिए विभिन्न टेलीकॉम ऑपरेटर की सर्विस को देख ले, जहां उपभोक्ता की शिकायत का त्वरित निस्तारण होता है। जनता को भले थोड़ी बिजली महंगी मिले लेकिन उपभोक्ता की शिकायतों पर ध्यान दिया जाएगा। निजीकरण करते समय बस इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बिजली के दरों पर विद्युत नियामक आयोग का नियंत्रण हमेशा बना रहे। पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार, गजोखर गांव निवासी राजीव कुमार राजू ने कहा कि अगर बिजली विभाग का निजीकरण हुआ गरीबों, मजदूरों, छोटे-छोटे कारोबारियों का शोषण होगा। निजी कंपनियां अपने हिसाब से बिजली देंगी और अपने हिसाब से पैसा लेंगी। इससे भ्रष्टाचार और बढ़ जाएगा।

# चार संविदाकर्मी की सेवा समाप्त, एक कार्यालय सहायक का वेतन कटा

**कर्मचारियों के आंदोलन की वीडियो व फोटोग्राफी कराकर की जा रही जांच**

**वाराणसी।** पूर्वांचल-डिस्कॉम के निजीकरण का विरोध करना पांच कर्मचारियों पर भारी पड़ा है। चार संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गयी है जबकि एक कार्यकारी अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के साथ उसका अन्य जगह पर तबादला करने की संस्तुति की गयी है। सूत्रों की माने तो कर्मचारियों के आंदोलन की वीडियो एवं फोटोग्राफी कराकर जांच की जा रही है। ऐसे में संभावना है कि अन्य कर्मचारी भी कार्रवाई की जद में आ जाये। बिजली विभाग में मैन पॉवर सप्लाई करने वाली टीडीएस मैनेजमेंट कंसलटेंट कंपनी ने अजय वर्मा, दीपक सेठ, कमलेश सिंह व राजकुमार मौर्या की सेवा समाप्त कर दी है। जबकि विभाग के अधिकारियों ने कार्यकारी सहायक एनजी शुक्ला का एक दिन का वेतन काटने के साथ उनके तबादले की संस्तुति की है।

# सहायक निदेशक ने परखी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियां

**वाराणसी।** सहायक निदेशक स्वच्छ भारत मिशन उत्तर प्रदेश शासन गिरीश द्विवेदी मंगलवार को अचानक काशी पहुंचे। नगर निगम के मीटिंग सभागार में बैठक की और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण में दिए गए गाइड लाइन पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और स्वच्छतम पोर्टल पर डाटा अपलोडिंग की व्यवस्था देखी। सहायक निदेशक ने भौतिक रूप से फील्ड में किए जा रहे सभी बिंदुओं और कार्यों को परखा। उन्होंने सभी मानकों को समय से पूरा किया जाने का निर्देश दिया। जिससे वाराणसी की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े और बेहतर कार्य किया जा सके। नगर निगम के जोनल स्वच्छता अधिकारी रवि चंद्र निरंजन ने कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम दिए गए गाइड लाइन पर तेजी के साथ कार्य कर रहा है । जिसके कारण समय के पूर्व सभी डाटा को पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा। सहायक निदेशक ने भौतिक रूप से फील्ड में किए जा रहे सभी बिंदुओं के कार्यों की जानकारी की। उन्होंने सभी मानकों को समय से पूरा किया जाने का निर्देश दिया। जिससे वाराणसी की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े। इस अवसर पर जोनल स्वच्छता अधिकारी रवि चंद्र निरंजन, स्वच्छ भारत मिशन विभाग निदेशालय से संबद्ध अरविंद कुमार,कु. शुभांगी श्रीवास्तव, स्वच्छ भारत मिशन विभाग नगर निगम के सुश्री सरिता तिवारी,आई सी एक्सपर्ट, प्रीति सिंह, डाक्युमेंट मैनेजर विनय कुमार आदि उपस्थित थे।






# अस्सी नदी का शीघ्र होगा जीर्णोद्धार

**बैठक**

**ड्राइंग, डिजाइन व डीपीआर हेतु हुई समीक्षा बैठक**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण द्वारा वाराणसी स्थित अस्सी नदी के जीर्णोद्धार हेतु ड्राइंग, डिजाइन व डी.पी.आर. तैयार किये जाने को लेकर मंगलवार को हुई बैठक कार्य की प्रगति की जहां जानकारी की गई, वहींआईआईटी बीएचयू के तकनीकी सदस्यों के साथ समीक्षा भी हुई। आईआईटी बीएचयू द्वारा बनाया गया प्राइमरी इंस्पेक्शन रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही वीडीए को भेज दिया जायेगा। इस परियोजना का विस्तृत प्लान तैयार करने में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए नगर निगम,जल निगम और तहसील से डाटा की आवश्यकता हैं। जिसमें अस्सी नदी के किनारे जमीनों के स्वामित्व, जलनिकास उक्त हेतु सम्बंधित से पत्राचार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डा. शिशिर गौर, प्रोफेसर डा. अनुराग ओहरी, प्रोफेसर डा.मेधा झा,वीडीए के विभागीय अधिशासी अभियन्ता अरविन्द शर्मा एवं सहायक अभियन्ता शिवाजी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।




# काशीवासियों की हुंकार, बांग्लादेश में बंद हो हिंदुओं पर अत्याचार

**आयोजन**

### बांग्लादेश में हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने का प्रयास करे केंद्र सरकार






**वाराणसी।** बांग्लादेश में पिछले चार माह से जारी हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में काशी के हिन्दू समाज ने आवाज बुलन्द की। मंगलवार को 102 सामाजिक, धार्मिक व आर्थिक संगठनों ने एक स्वर में विरोध करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू एवं अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचार बंद हो।

हिन्दू रक्षा समिति वाराणसी के बैनर तले राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने एवं विरोध प्रदर्शन का आयोजन नदेसर स्थित मिंट हाउस तिराहा (स्वामी विवेकानन्द प्रतिमा स्थल) से आरम्भ किया गया। प्रदर्शन स्वामी विवेकानन्द प्रतिमा स्थल से निकलकर वरुणापुल, कचहरी होते हुए जिला मुख्यालय पहुंचा। जहां जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देते हुए अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती ने कहा कि बांग्लादेश के अन्दर चुनी हुई सरकार को षड़यंत्र के तहत गिराकर हिन्दू जेनोसाइड का प्लान डीप स्टेट ने रचा और इस षड़यंत्र के तहत मो. युनुस को शान्ति का नोबेल पुरस्कार दिया गया। इसी पुरस्कार के आधार पर मो. युनुस को बांग्लादेश की अन्तरिम सरकार चलाने की जिम्मेदारी दी गयी, जो कानून की दृष्टि से भी विधि सम्मत नहीं थी।

उन्होंने कहा कि मो. युनुस के नेतृत्व में हिन्दुओं के कत्ल का आगाज किया गया। मन्दिर तोड़े गये, हिन्दू बहन-बेटियों का मान-मर्दन किया जा रहा। बांग्लादेश के ज्ञात इतिहास में अब तक सबसे बड़ा हमला हिन्दुओं पर वर्तमान कार्यवाहक प्रधानमंत्री मो. युनुस के कार्यकाल में हो रहा। उन्होंने कहा कि अब हिन्दू समाज विश्व भर में उठ खड़ा हुआ है और ऐसी घटनाओं को सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। काशी का हिन्दू समाज बांग्लादेश सरकार से यह आह्वान करता है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों तथा श्री चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त करें। काशी का हिन्दू समाज भारत सरकार से भी यह आह्वान करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के प्रयासों को हरसंभव जारी रखे तथा इसके समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने के लिए यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठायें। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की चुप्पी पर प्रश्न करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के सन्दर्भ में अभी तक उपरोक्त सभी ने क्या कार्यवाही की? यह सम्पूर्ण हिन्दू समाज और भारत वर्ष जानना चाहता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश कुमार, महापौर अशोक तिवारी, डॉ. राकेश तिवारी, सत्यप्रकाश सिंह, अरविन्द श्रीवास्तव, विद्यासागर राय, बिपिन सिंह, राजेश विश्वकर्मा, नितिन, कन्हैया सिंह, एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह व हंसराज विश्वकर्मा, पूजा दीक्षित, राघवेन्द्र समेत आमजन भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संयोजन भारत विकास परिषद के प्रमोद राम त्रिपाठी एवं संचालन नवीन श्रीवास्तव ने किया।

#### दिव्यांगजनों ने की विरोध प्रदर्शन की अगुवाई

बात धर्म पर आयी तो दिव्यांगजन भी पीछे नहीं रहे। 'शांति और सौहार्द चाहिए, जीने का अधिकार चाहिए। कल नहीं कुछ हल बचेगा, आज लड़े तो कल बचेगा।' जैसे उद्घोषों से लिखी तख्तियां लेकर अपने ट्राइसाइकल पर उन्होंने रैली की अगुवाई की। विरोध प्रदर्शन में उन्होंने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दिखायी। प्रदर्शन में उपस्थित दिव्यांगजनों ने कहा कि जिस हिन्दू का खून न खौले, खून नहीं वो पानी है। कहा कि हिन्दू समाज में बहन-बेटियों को देवी का स्वरुप माना गया है। बांग्लादेश में हिन्दू बहन-बेटियों के पर हो रहे अत्याचार एवं हिन्दू के साथ अमानवीय व्यवहार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

#### इन संगठनों के लोगों ने निभाई सहभागिता

भारत विकास परिषद, अखिल भारतीय संत समिति, विश्व हिन्दू परिषद्, विश्व संवाद केंद्र, काशी, बजरंग दल, क्रीड़ा भारती, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, भाजपा, सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद्, महिला व्यापार मण्डल, जिला व्यापार मण्डल समेत काशी में संचालित अन्य धार्मिक/सामाजिक/आर्थिक संगठन की।

## रघुराय ने फोटो पत्रकारिता को दी एक दिशा



**बोले डॉ. नागेंद्र**

### महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में राय पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान में मंगलवार को विश्व के प्रमुख फोटोग्राफर रघुराय पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया। डॉक्यूमेंट्री का निर्माण प्रमुख फोटोग्राफर रवि शेखर ने किया। इस दौरान निदेशक डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि रघुराय ने भारत में फोटो पत्रकारिता को एक नई दिशा दी।

डॉक्यूमेंट्री में रघुराय के दुर्लभ तस्वीरों को दिखाया गया है, जो उनके फोटो पत्रकारिता जीवन के आरंभिक काल से लेकर आज के हैं। करीब एक घंटे की इस डॉक्यूमेंट्री में विभिन्न फोटोग्राफ आश्चर्यचकित करने वाले थे, जिसे रघुराय ने अपने कमरे से कैद किया था। इसमें ताजमहल, भोपाल गैस त्रासदी, पाकिस्तान से विभाजित होकर बांग्लादेश पर आधारित तस्वीर थी। इस डॉक्यूमेंट्री को विद्यार्थियों ने बड़ी तमन्यता से देखा और इसके निर्माता रवि शेखर से सवाल किया तो उन्होंने उत्तर देते हुए छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने छात्रों को फोटोग्राफी की बारीकी भी बतायी। संस्थान के निदेशक डॉ, नागेंद्र कुमार सिंह ने रवि शेखर का स्वागत किया। धन्यवाद डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह ने दिया। इस दौरान डॉ. संतोष मिश्रा, डॉ. जयप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. शिवकुमार यादव, देवेंद्र गिरी, रवि मद्धेशिया, किशन मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की लीकेज हुई पाइप लाइन

**चौबेपुर के लोग परेशान**

### हजारों लीटर पानी रोजाना हो रहा बर्बाद,अधिकारी मौन

**चौबेपुर।** वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की पाइप लाइन कई दिनों से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके कारण मार्ग के भी खराब हो जाने से जहां लोग परेशान हैं, वहीं हजारों लीटर पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है। स्थानीय बाजार में चंद्रावती सारनाथ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की पाइप लाइन लीकेज हो गई है। उसके लीकेज होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। यह समस्या पिछले 6 महीनों से बनी हुई है लेकिन अधिकारी मौन हैं।

इस समस्या के कारण आवागमन में व्यापारियों राहगीरों को परेशानी हो रही है और वाहन चालकों का चलना मुश्किल हो रहा है। पाइप लाइन के लीकेज रहने से चौबेपुर बाजार चौराहा के बीचो बीच रोड पर पुराना वाराणसी गाजीपुर राजमार्ग पर रोजाना हजारों लीटर पानी बह रहा है। जिससे छात्र-छात्राओं को स्कूल में आने जाने में दिक्कत होतीञ रहती है।

इस कार्य को बनाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होता रहता है। इस कारण सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। जिससे दुर्घटना होने की आशंका से लोग परेशान हैं। स्थानीय व्यापारी शिव शंकर पाठक,रामजी मोदनवाल बंटी जायसवाल,विकाश,जितेंद्रर सौरभ मोदनवाल गणेश मोदनवाल नीरज गुप्ता का कहा हैं कि डब्लू.टी.पी. को कम से कम मुख्य लीकेज को तो प्राथमिकता पर ठीक कराने चाहिए,ताकि छात्र और व्यापारी को अवागमन करने में परेशानी न हो सके।

## जोरदार स्वागत कर बढ़ाया बच्चों का हौसला




**रामनगर।** बच्चों के गले में मेडल और चेहरे पर मुस्कान देखकर माता-पिता भी अपनी खुशी का इंतजार किए बिना खुद को नहीं रोक पाए। उन्होंने संस्था के डायरेक्टर शबा खान व कोषाध्यक्ष/बच्चों के कोच सुल्तान खान का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बच्चों का भी जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि तृतीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 29 नवंबर से एक दिसंबर तक नोएडा स्थित एक विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें वाराणसी की टीम ने 37 पदक के साथ ओवरऑल तीसरा स्थान अपने नाम किया। इंडियन केयर सोशल फाउंडेशन ने चार स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक, छह कांस्य पदक जीता। चिल्ड्रन वेट अंडर 27 किलो में मो. तमीम अली खान सिल्वर, पीयूष गुप्ता ब्रांच मेडल, शिवांश गुप्ता अंडर 45 किलो में गोल्ड मेडल व अक्षय सिंह ब्रांच मेडल, अंडर 31 किलो सब जूनियर में अंकित गुप्ता, अंडर 32 किलो में ब्रांच मेडल, कैडेट गर्ल्स काजल पटेल अंडर 47 किलो में गोल्ड मेडल, मनीषा अंडर 43 किलो में सिल्वर मेडल, शिवानी विश्वकर्मा अंडर 51 किलो में गोल्ड मेडल, सीनियर में रूबी यादव अंडर 45 किलो में ब्रांच मेडल, वंशिका गुप्ता 45 किलो में ब्रांच मेडल, मुस्कान निषाद अंदर 48 किलो में सिल्वर मेडल, गुप्ता सपना मोदी अंडर 48 किलो में ब्रांच मेडल, काजल कनौजिया अंडर 48 किलो में गोल्ड मेडल हासिल की। इस अवसर पर पर संस्था के अध्यक्ष शमशाद खान व उपाध्यक्ष राबिया खान, कोच सुल्तान खान, कोषाध्यक्ष शाज खान ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

## मांगलिक युवती का मांगलिक युवक से विवाह जरूरी नहीं

**बैठक**

### काशी विद्वत परिषद और काशी कर्मकांड परिषद ने दिया निर्णय



**वाराणसी।** मांगलिक का विवाह मांगलिक से होना जरूरी नहीं है। मंगल शांति करके विवाह कर सकते हैं। यह सिद्धांत पक्ष है। यह निर्णय रविंद्रपुरी में वेद पारायण पर श्री काशी विद्वत परिषद की संयुक्त बैठक में लिया गया। मांगलिक दोष वाले युवक-युवतियों का मांगलिक से ही विवाह करना जरूरी नहीं है। मंगल दोष का परिहार करके युवक-युवती का विवाह मनपसंद वर-वधू से किया जा सकता है। विवाह में सिद्धांत और होरा ग्रंथ अनुकूल हैं और संहिता ग्रंथ ग्राह्य नहीं हैं। यह निर्णय रविंद्रपुरी में वेद पारायण पर श्री काशी विद्वत परिषद की संयुक्त बैठक में लिया गया। काशी विद्वत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. हरिनारायण ने बताया कि विवाह शादी की गणना में संहिता का कुछ अंश लेकर ही मिलान किया जा रहा है। इससे सही मिलान और गणना नहीं होती है। इसके कारण बहुत सी शादियां नहीं हो पाती हैं। हिंदू समाज में इसके कारण विकृतियां आ गई हैं। इस पर सिद्धांत और होरा ग्रंथ के नियम ही अनुकूल हैं। आजकल मंगल दोष का युवाओं में भ्रम है और इसनें आधी उमर बीत जाती है। ऐसे में मांगलिक शांति करके विवाह सर्वत्र ग्रास्य है। मांगलिक का विवाह मांगलिक से होना जरूरी नहीं है। मंगल शांति करके विवाह कर सकते हैं। यह सिद्धांत पक्ष है। मांगलिक के कारण विवाह विलंब से होता है, जैसे पंचक और मूल की शांति होती है तो उसी प्रकार मंगल की शांति पहल हो जानी चाहिए।

## बॉग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस का शुद्धि-बुद्धि पाठ




**वाराणसी।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और केंद्र सरकार की चुप्पी के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को खजुरी स्थित पृथ्वीदेश्वर महादेव मंदिर में शुद्धि-बुद्धि पाठ और शांति प्रार्थना का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेसजनों ने मोदी सरकार की विदेश नीति की कड़ी आलोचना करते हुए वहां शांति व्यवस्था स्थापित करने और पीड़ितों की मदद करने की अपील की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि केंद्र सरकार की विदेश नीति पूरी तरह विफल है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर पीएम की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह तत्काल अंतरराष्ट्रीय मंच पर बांग्लादेश में राहत शिविरों के माध्यम से पीड़ितों की मदद सुनिश्चित करें। अंत में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में अशोक सिंह, मयंक चौबे, अनुभव राय, रोहित दुबे, महेश चौबे, परवेज खान, वीरेंद्र सिंह, विनीत चौबे, आदर्श, मोहम्मद उज्जेर, इशाक, किशन यादव, विकास पांडेय, रामजी गुप्ता, संजय यादव, प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिव विवाह प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

**शिवपुर।** फलाहारी बाबा आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय श्रीश्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे है।आचार्य जितेन्द्र तिवारी के बाहमण द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। शाम में श्रीमद् भागवत कथा बाल विदुषी कथावाचिका शिवांगी किशोरी ने शिव विवाह से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का श्रद्धालु भक्तों ने श्रवण किया। शिव विवाह के भजन से पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। कथा कथावाचिका ने शिव विवाह का वर्णन किया। कथा में उपस्थित मुख्य यजमान विनोद कुमार दूबे, मंहत राम दास त्यागी, मंहत राम करण दास,कमलेश केशरी, डा. अजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, व्यासपीठ का पूजन कर आरती उतारी।

### संक्षेप

#### राशन डीलरों को बिक्री रजिस्टर बनाने की बाध्यता खत्म

**चौबेपुर।** आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स एसोशिएसन उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के एक आदेश में कहा गया है कि अब राशन डीलरो को बिक्री रजिस्टर नहीं बनाना है। जब ऑनलाइन ई-पॉस मशीन से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है तो ऑफलाइन बिक्री रजिस्टर नहीं बनेंगे। स्टाक रजिस्टर कोटेदारों को ब नाना पड़ेगा। जब ई-पॉस मशीन में गड़बड़ी होगी तो जिलाधिकारी के अनुमोदन पर ऑफलाइन खाद्यान्न वितरण करने पर बिक्री रजिस्टर बनाना होगा। संगठन आगे यह भी मांग करेगा कि स्टाक रजिस्टर तथा प्रमाण पत्र भी बन्द किया जाय।

#### ग्लोबल कायस्थ कमेटी ने मनायी जयंती

**वाराणसी।** ग्लोबल कायस्थ कमेटी परिवार ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, स्वतंत्रता सेनानी खुदी राम बोस व कुल भास्कर की जन्मदिन पर ग्लोबल कमेटी परिवार के सदस्यों ने संस्थापक शशिकान्त श्रीवास्तव के आवास पर मनाया। जन्मदिन के अवसर पर सर्वप्रथम तीनो महापुरुषों के फोटो पर माल्यार्पण करते हुए अनिल श्रीवास्तव वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बताया कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी की माता कमलेश्वरी देवी जो धार्मिक महिला थी ने रामायण और महाभारत की कहानियां सुनाती थीं जिससे प्रेरणा लेते हुए भारत गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति बने और देश को संविधान दिया इसके अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया। सम्मान से उन्हें आज 'राजेन्द्र बाबू' कहकर पुकारा जाता है। वहीं संस्थापक शशिकान्त श्रीवास्तव ने खुदीराम बोस जी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश के लिये फाँसी पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के ज्वलन्त तथा युवा क्रान्तिकारी देशभक्त खुदीराम से पूर्व 17 जनवरी 1872 को 68 कूकाओं के सार्वजनिक नरसंहार के समय उन्हें लुधियाना के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर कावन ने तोप के सामने लाया कि उनकी दाढ़ी कसकर पकड़ ली और तब तक नहीं छोड़ी जब तक उसके दोनों हाथ तलवार से काट नहीं दिये गए बाद में उसे उसी तलवार से मौत के घाट उतार दिया गया जो 13 वर्ष की उम्र में ही शहीद हो गए यह देश के प्रति एक साहस था।

## कम्युनिस्ट पार्टी ने महंगाई के खिलाफ पर्चा बांटा

**विरोध**

### बिजली को लेकर चार को शास्त्री घाट पर धरना



**वाराणसी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत महंगाई के खिलाफ वाराणसी शहर के चितरंजन पार्क से गोदौलिया, गिरजाघर, नई सड़क, घुघरानी गली होते हुए दशाश्वमेध के बीच पर्चे बाट कर मोदी और योगी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रचार करते हुए आवाहन किया गया कि महंगाई के विरोध में अपना सहयोग और समर्थन दें ।

पर्चा वितरण में जिला सचिव कॉम अनिल कुमार सिंह, सीटू के जिला अध्यक्ष कॉम शिवनाथ यादव, बुनकर दस्तकार मोर्चा के जिला सचिव कॉम मोबिन अहमद, डीवाईएफआई के जिला सचिव कॉम इम्तियाज अहमद, एसएफआई के संयोजक कॉम शुभम, चुलबुल, अमृत कुमार पांडे, बाल्मीकि यादव, सनत सेन, राजेंद्र यादव, प्रेमचंद यादव, शशि कुमार आदि लोक उपस्थित थे ।

उधर, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी द्वारा राज्यव्यापी आंदोलन के तहत बिजली के निजीकरण का प्रस्ताव वापस लेने की मांग के लिए 4 दिसंबर 2024 को दिन में 12:00 बजे जिला मुख्यालय शास्त्री घाट पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया जाएगा और मुख्यमंत्री को मांग पत्र दिया जाएगा ।

## उदय प्रताप कॉलेज परिसर और शहर में शांति बहाली की अपील

**चिंता**

### साझा संस्कृति की ओर से आयोजित बैठक में प्रकरण की विस्तार से समीक्षा

**वाराणसी।** उदय प्रताप कॉलेज में स्थित छोटी मस्जिद को लेकर उत्पन्न तनाव की स्थिति से चिंतित होकर शहर के नागरिक समाज के कुछ लोगों ने बैठक की। शहर में सांप्रदायिक सद्भाव की अपील की। 3 दिसंबर को नव रचना स्कूल, गिलट बाजार में साझा संस्कृति की ओर से आयोजित बैठक में प्रकरण की विस्तार से समीक्षा की गयी। सन 1908 में राजर्षि उदय प्रताप जूदेव द्वारा स्थापित इस कॉलेज का पूरा परिसर एंडोवमेंट एक्ट के अंतर्गत प्रामाणित है। इस पर किसी और धार्मिक या सामाजिक संगठन दावा नहीं कर सकता है। 2018 को वक्फ बोर्ड द्वारा कॉलेज प्रशासन को एक पत्र भेजा गया था। जिसका प्रत्युत्तर देते हुए कॉलेज प्रशासन ने वक्फ बोर्ड से उनके दावा का प्रमाण माँगा गया और उसका जवाब आज तक नहीं मिला है। स्पष्ट है कि वक्फ बोर्ड के पास न कोई प्रमाण है और इस समय न कोई दावा है। लेकिन वर्तमान में शान्ति पूर्ण वातावरण को बिगाड़ने के उद्देश्य से कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा 6 साल पूर्व लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए इस अप्रासंगिक मुद्दे को उठाया जा रहा है। यह अफवाह फैलायी जा रही है कि पूरा यू.पी. कॉलेज परिसर पर वक्फ बोर्ड ने दावा किया है। इस तरह अफवाह फैलाकर साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने के प्रयास को साझा संस्कृति मंच निंदा करता है। साझा संस्कृति मंच शहर के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठकें करके शान्ति बहाली के लिए अपनी तरफ से प्रयास करेगा। बैठक में डॉ. रामसुधार सिंह, जागृति राही, डॉ. अनूप श्रमिक, डॉ. धनंजय त्रिपाठी, अमिनुदीन सिद्दीकी, फैसल इकबाल, वल्लभ , मिथिलेश दुबे, फादर आनंद, एडवोकेट अबू हाशिम आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांगजन की सेवा से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं : अश्विनी चौबे

**आयोजन**

### संजीवनी सोसाइटी की ओर से दानगंज में कार्यक्रम



**दानगंज।** दिव्यांग जन की किसी भी प्रकार से की गई सेवा से बड़ा और कोई दूसरा पुनीत कार्य नहीं हो सकता। संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दिव्यांगों की सेवा में जो कार्य किये जा रहे हैं, इसमें कोई संदेह नहीं कि इससे दिव्यांगों का न केवल सशक्तिकरण होगा,उनके शारीरिक और मानसिक उत्थान में इसका लाभ निश्चित रुप से प्राप्त होगा।

उक्त विचार विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसाइटी वाराणसी द्वारा दिव्यांग बच्चों के साथ संजीवनी संस्थान बरजी दानगंज वाराणसी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में अश्विनी चौबे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए समिति के महासचिव डॉक्टर विद्यासागर पांडेय ने दिव्यांग कल्याण के लिए किए गए कार्य और आगामी कार्य योजना पर प्रकाश डाला। प्रांतीय सचिव घनश्याम पांडेय ने भी विचार व्यक्त किया। बैनर और दिव्यांग सशक्तिकरण से युक्त नारों की तख्तियों के साथ स्थानीय दानगंज बाजार में जन जागरूकता रैली भी निकली गयी। संचालन सोसाइटी के उपनिदेशक एवं मीडिया प्रभारी दिवाकर द्विवेदी व धन्यवाद ज्ञापन डॉ कुलदीप सिंह ने दिया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं व अल्पसंख्यकों को किया जा रहा टारगेट



आक्रोश प्रदर्शन में शामिल लोग

बलिया। बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा किये जा रहे हिंसा, दमन एवं अत्याचार के विरोध में जापलिनगंज स्थित रामलीला मैदान में हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति बलिया के तत्वावधान में हजारों हिन्दु हित चिन्तकों ने विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया। भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीपार्चन के बाद कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रमेश जी गोरखपुर ने बांग्लादेश में हो रही घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि

**बोले रमेश जी**

**मंदिरों, घरों और कार्यालयों में की जा रही लूटपाट व आगजनी**

बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। उनके मंदिरों, घरों और कार्यालयों में लूटपाट एवं आगजनी की जा रही है। संपत्तियां लूटी जा रही हैं। बड़े पैमाने पर हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहे हैं। हिंदू परिवारों का जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा है। ऐसा न करने पर उनका सामूहिक नरसंहार किया जा रहा है। कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाएं पूरे विश्व को आतंकित कर रही हैं। अब बांग्लादेश भी पाकिस्तान की राह पर चलते हुए हिन्दुओं के साथ आतंकवादी व्यवहार अपना रहा है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के प्रयासों ने देश को इस्लामी जिहाद की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। यदि बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ इसी तरह का व्यवहार जारी रहा तो भारत का समस्त हिन्दू समाज बांग्लादेश के हिन्दू समाज के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार होगा। इधर, विभिन्न संगठनों से आये हुए प्रमुखों ने भी बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विषय में अपना आक्रोश व्यक्त किया। तत्पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार को सौंपा गया।



डीएम को ज्ञापन देते रमेश जी एवं अन्य

### कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

बलिया। रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन के बाद हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाओं और बच्चों ने हाथों में भारत माता की जय, जय श्रीराम, बंद करो बांग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार आदि लिखे तख्तियां लेकर बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा का नारा लगाते हुए एलआईसी तिराहा, हनुमानगढ़ी मन्दिर, अग्रसेन मार्ग, चौक, सेनानी उमाशंकर चौराहा, ओक्डेनगंज पुलिस चौकी, चित्तू पांडेय चौराहा, रोडवेज होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति बलिया के जिला संयोजक रामकुमार तिवारी ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार को सौंपा।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुखर होकर करें विरोध



**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

**भारत का मुस्लिम समाज यह संदेश दे कि हम उनके गैरकानूनी कार्य के साथ नहीं है**

बैरिया। बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं मंदिरों में तोड़फोड़ पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने भारत के मुस्लिम नेताओं से आग्रह किया है कि इस प्रकरण पर मुखर होकर अत्याचार का विरोध करें। बांग्लादेश की घटनाओं की निंदा करें, ताकि वहां की सरकार को यह संदेश मिले कि भारत का मुस्लिम समाज उनके इस गैर कानूनी कार्य के साथ नहीं है। कहा कि अगर घटना का विरोध करने में मुस्लिम समाज के नेता कोताही बरतते हैं तो हिंदुस्तान के साढ़े छह लाख गांवों में रहने वाले हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों की भाईचारा में दरार पैदा हो सकती है। यह निश्चित रूप से सभ्य समाज के लिए उचित नहीं होगा। सोनबरसा स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद ने स्पष्ट किया कि भारत के गांवों में हिंदू-मुस्लिम आपस में मिलकर रहते हैं। कृषि प्रधान इस देश में कहीं भी धार्मिक भेदभाव देखने को नहीं मिलता है। धर्म के आधार पर कुछ लोग जरूर नफरत की राजनीति कर रहे हैं, किंतु वह उनका स्वार्थ है। वह निश्चित रूप से ऐसी मानसिकता पालकर इस देश में सफल नहीं होंगे। पूर्व सांसद ने कहा कि ओवैसी, फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती सहित मुस्लिम समाज के नेताओं से वह व्यक्तिगत रूप से आग्रह करेंगे कि बांग्लादेश की घटनाओं की मुखर होकर विरोध करें। कहा कि भारत का हिंदू हो या मुसलमान, अपने खून से सींच कर बांग्लादेश को आजाद किया है। वहां हिंदुओं के साथ अत्याचार अब भारत के लोगों को असहनीय पीड़ा पहुंचा रहा है। यह निश्चित रूप से बांग्लादेश की सेहत के लिए अच्छी बात नहीं होगी।

### मंचासीन अतिथियों ने व्यक्त किया आक्रोश

बलिया। मंचासीन अतिथियों द्वारा बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से अपना आक्रोश व्यक्त किया गया। आह्वान किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने एवं इस्कान बांग्लादेश के प्रमुख स्वामी चिन्मय कृष्ण की बिना शर्त रिहाई का आह्वान किया। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनय सिंह ने विषय की विस्तार से प्रस्तविकी रखी। विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम का संचालन कर रहे अरुण मणि ने दत्तात्रेय होशबोले के संदेश को पढ़ा।

### इनकी रही मौजूदगी

बलिया। विशाल आक्रोश प्रदर्शन में रामकुमार तिवारी, मंगलदेव चौबे, कौशलेंद्र गिरी, शैलेन्द्र त्रिपाठी, विजेंद्र नाथ चौबे, आनन्द गौरांग, वेद प्रकाश वैदिक, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, रजनीकांत, विजय नारायण पांडेय, देवेंद्र यादव, सरदार देवेंद्र सिंह चावला, अम्बेश, अखिलेश्वर, हरनाम आदि मौजूद रहे।

### काबिलियत को मात नहीं दे सकती आंशिक शिथिलता : केतकी सिंह

बलिया। अखिल भारतीय दिव्यांग संगठन जिला कमेटी बलिया के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को उत्साहपूर्वक विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इसमें जनपद के कोने-कोने के दिव्यांग जन शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि बांसडीह की विधायक केतकी सिंह ने 20 दिव्यांग जनों में मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में दिव्यांग जन किसी से कम नहीं है। अगर इनको उचित सहयोग एवं परिवेश मिले तो हमसे और आपसे बेहतर कर सकते है। आंशिक शिथिलता काबिलियत को मात नहीं दे सकती। इसके पूर्व विशिष्ट अतिथि जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी राजन कुमार ने मुख्य अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया। सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि आप अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए स्वयं सक्षम है। जरूरत है संगठन को सशक्त बनाया जाय। आपको किसी की दया की जरूरत नहीं है। जगरनाथ तिवारी ने कहा कि दिव्यांग जन योग्यता में किसी से कम नहीं है। मौके पर निधि सिंह, रणजीत बहादुर सिंह, राणाप्रताप, अभिषेक, सुदामा, जवाहिर, भुवनेश्वर, जितेन्द्र यादव, उमेश, सरिता, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता धर्मेन्द्र तिवारी एवं संचालन गोपाल जी गुप्त पिंटू ने किया। सभी का आभार छठ्ठू राय ने व्यक्त किया।

## ब्लॉकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चहके बच्चे

बलिया। शिक्षा क्षेत्र दुबहर के प्राथमिक विद्यालय बघौली के प्रांगण में मंगलवार को ब्लाक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लाक के संकुल वाइज प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मानवेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी पंकज सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिलामंत्री डा. राजेश पांडेय, अजीत पांडेय व समरजीत बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं, कन्या प्राथमिक विद्यालय नगवां एवं प्राथमिक विद्यालय अमृतपाली के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल के बालक-बालिका की 50 मीटर, 100 मीटर एवं 200 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के विजयी टीम के साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लिए टीमों के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए परिवहन मंत्री एवं नगर विधायक दयाशंकर सिंह के अनुज ने सम्मानित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इसके लिए बच्चों में खेलकूद का अभ्यास का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने आयोजन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी व व्यायाम शिक्षक पंकज सिंह को धन्यवाद दिया। मौके मंटू, अखिलेश, गणेशजी, अनिल, महेश, आलोक, मिंटू, अनिल, जितेंद्र, विपिन, संगीता, प्रतिमा, राजेश, पंकज, संतराज, बृजेश बिहारी, सुमित, सचिदा, नौशाद आलम, मनोज,अमरेश, मनोज, इत्यादि उपस्थित रहे। अध्यक्षता रामबाबू गुप्ता व संचालन विद्यासागर गुप्ता ने किया।

### अपने घर में चौकी पर मृत पड़ा मिला युवक

बलिया। हल्दी थाना क्षेत्र के सोनवानी गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस तथा फारेंसिक टीम मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हल्दी थाना क्षेत्र के सोनवानी निवासी रंजन राम (45) पुत्र नथुनी राम अपने घर में अकेले रहता था। किसी से मिलना-जुलना कम ही रखता था। लोगों का कहना है कि रंजन पिछले दो-तीन दिन से बाहर नहीं आया तो पड़ोसियों ने किसी अनहोनी की आशंका पर घर वालों को सूचना दी। घर वालो ने कहा कि छत के रास्ते देखकर पता करिए। कुछ पड़ोसी लड़कें छत के रास्ते घर में घुसे तो रंजन चौकी पर मृत पड़ा था। इसकी सूचना हल्दी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे सीओ बैरिया उस्मान समेत थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार के साथ फारेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में सीओ बैरिया उस्मान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा।

## खेत से लहसुन की फसल चोरी, मौके पर पहुंची पुलिस

### 50 से 70 हजार रुपये बतायी जा रही चोरी गई फसल की कीमत



इसी खेत से चोरी हुई लहसुन की फसल

मझौवां। रेवती थाना क्षेत्र के नवका गांव में खेत से लहसुन की फसल चोरी का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मामले का पर्दाफाश करने की बात कही है। चोरी गई फसल की कीमत 50 से 70 हजार रुपये बताई जा रही है। नवका गांव निवासी पीड़ित किसान गुप्तेश्वर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। लहसुन का भाव आसमान क्या चढ़ा, चोरों के निशाने पर आ गया है। नवका गांव निवासी गुप्तेश्वर सिंह करीब एक बीघा लहसुन की फसल लगाए हैं। देर रात चोर करीब आठ बिस्वा खेत में खड़ी लहसुन की फसल को उखाड़ ले गए। गुप्तेश्वर सिंह ने बताया कि करीब एक लाख रुपये से अधिक खर्च कर करीब एक बीघा लहसुन की फसल लगाई थी। इसमें करीब आठ बिस्वा लहसुन की फसल चोर उखाड़ ले गए। बताया कि वर्तमान में हरे लहसुन का बाजार भाव 160 रुपये प्रति किग्रा है। चोरों ने करीब 4.4 क्विंटल फसल चुराई है। इसकी बाजार में कीमत लगभग 70 हजार है। एसएचओ राकेश रोहन सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। कहा कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। उधर नवका गांव में चोरों द्वारा लहसुन की फसल चुराने की घटना से अन्य किसानों में भय व दहशत का माहौल कायम हैं।

## संक्षेप

### महारी ने जीता जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब



बलिया। जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद बलिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ददरी मेला खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित जनपदीय वालीबाल प्रतियोगिता का खिताब महारी की टीम ने जीता। मंगलवार को ददरी मेला खेल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में महारी ने बर्रेबोझ को 25-19, 25-21 से मात देकर खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल में क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। उद्घाटन मुकाबले में प्राथमिक विद्यालय नरही नंबर एक की टीम ने बसंतपुर को 25-18 से मात दी। प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले सेमीफाइनल में बर्रेबोझ ने एकौनी को 25-19 एवं दूसरे सेमीफाइनल में महारी ने नरही को 25-21 से मात देकर फाइनल का टिकट कटाया। निर्णायक की भूमिका सच्चिदानंद राय, रामकुमार यादव, अजितेश सिंह, मृत्युंजय पाठक, मनोज पांडे, मोहम्मद खुर्शीद व सरदार मोहम्मद अफजल ने निभाई। इस अवसर पर नीरज राय, अम्बरीष तिवारी, मोहम्मद इमरान, प्रदीप, अक्षयबर सिंह, अनिल सिंह, ओमप्रकाश यादव, राहुल मिश्र, अनिल राम, अर्जेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। मैच की कमेंट्री सदानंद सिंह व संचालन मनोज पांडे ने किया।

### सड़क दुर्घटना के शिकार हुए दो भाई, एक की मौत

मझौवां। हल्दी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के रुद्रपुर गायघाट के पास सोमवार की देर रात शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार खड़े ट्रक के अंदर घुस गए। इस घटना में एक सवार की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा गभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी और घायल को जिला अस्पताल भेजवाया। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के बिंगही निवासी विजय कुमार वर्मा (61) तथा नंद कुमार वर्मा (57) पुत्रगण स्व. बृज बिहारी वर्मा अपने रिश्तेदारी शोभनथही शादी समारोह में गए थे। शादी समारोह के बाद दोनों भाई अपने मोटरसाइकिल से घर के वापस आ रहे थे। इसी बीच हल्दी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के रुद्रपुर गायघाट पर खड़ी ट्रक में उनकी बाइक घुस गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विजय कुमार वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा भाई नंद कुमार वर्मा घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हल्दी पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। वही, नंद कुमार वर्मा का इलाज किया गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक घायल

बेल्थरारोड। उभांव थाना क्षेत्र के सीयर-पशुहारी मार्ग पर नगर के वार्ड नम्बर पांच के मातादीन गली निवासी संजय वर्मा (45) पुत्र सत्यनारायण वर्मा मंगलवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उनको सीएचसी सीयर पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने स्थिति नाजुक देख रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नम्बर पांच मातादीन गली निवासी संजय वर्मा पुत्र सत्यनारायण वर्मा अपनी रिश्तेदारी से पत्नी और बच्चे को बाइक से लेकर वापस घर आ रहे थे। अभी वह सब्जी मंडी के समीप ही पहुंचे थे कि सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। इससे संजय वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं, उनकी पत्नी और बच्चे को मामूली चोटें आई है। आस-पास के लोगों की मदद से गम्भीर रूप से घायल संजय वर्मा को सीएचसी सीयर पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक देख रेफर कर दिया। वही, घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

### ऑपरेशन सेफ स्ट्रीट अभियान में 215 वाहनों का चालान

बलिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देश पर अपराधियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले के विरुद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा आपरेशन सेफ स्ट्रीट अभियान सोमवार की रात सात से 12 बजे तक जिले के 58 स्थानों पर चलाया गया। इस दौरान 1138 वाहनों की चेकिंग की गई। इसमें से 215 वाहनों को चालान किया गया। इसके अलावा दो को हिरासत में लिया। इस आपरेशन स्ट्रीट अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में कानून, शांति व्यवस्था बनाए रखना व सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर अपराध कारित करने एवं मुख्य सड़कों व रास्तों पर आने-जाने वाले महिलाओं व बच्चियों पर फब्तियां करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करना है। इसके अलावा अवैध असलहा, वाहनों व अवैध मादक पदार्थ पकड़ना आदि है। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग करते हुए संदिग्ध वाहनों की चालान एवं बिना वैध परिपत्र के वाहनों की सीज की कार्यवाही की गयी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध 292 बीएनएस की विधिक कार्यवाही की गयी।

### हृदय गति रुकने से प्राचार्य की पत्नी का निधन

बैरिया। द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति महाविद्यालय बैरिया के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार राय की धर्मपत्नी शारदा देवी (50) निवासी बैरिया पश्चिम टोला का हृदय गति रूकने के कारण सोमवार की रात वाराणसी में निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि क्षेत्र के बहुआरा स्थित सतीघाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पति डॉ. अरविंद कुमार राय ने दिया। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन पर क्षेत्र के दर्जनों राजनीतिक दलों के नेताओं, पत्रकार, बुद्धिजीवों, साहित्यकारों एवं शिक्षकों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

### गोंड का जनजाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग

बलिया। आल गोंडवाना स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आगसा) के अध्यक्ष मनोज शाह ने कहा कि भारत के राजपत्र संविधान के अनुसार गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु शासन द्वारा बार-बार शासनादेश भेजे जाते हैं। इसका अनुपालन तहसीलदार एवं लेखपालों द्वारा नहीं किया जाता है। कहा कि शासनादेश के अनुपालन में तहसीलदार एवं लेखपालों द्वारा यदि गोंड जाति प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक निर्गत करना प्रारंभ नहीं किया गया तो निर्णायक संघर्ष बलिया मॉडल तहसील पर किया जायेगा।

## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा को अनावरण का इंतजार

### लगभग 25 वर्षों से बोरे में लिपटी हुई है देश के प्रथम राष्ट्रपति व उनकी धर्मपत्नी की प्रतिमा



बोरे में लिपटी देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी राजवंशी देवी की संयुक्त आदमकद प्रतिमा



देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की धर्मपत्न्जी राजवंशी देवी के मायके का घर

बैरिया। दोकटी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर दलन छपरा में लगभग 25 वर्षों से देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और उनकी धर्मपत्नी राजमाता राजवंशी देवी की संयुक्त आदमकद प्रतिमा बोरो में लिपटी अनावरण का इंतजार कर रही है। यह प्रतिमा 1999 से संगमरमर की बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका अनावरण नहीं हो पाया है। बता दें कि राजेंद्र बाबू की शादी बाबू हरिनंदन सहाय की बेटी राजमाता राजवंशी देवी से हुई थी। वह आजाद भारत के पहले राष्ट्रपति बने। राजवंशी देवी के ही वंशज स्व. सर्वदेव प्रसाद उर्फ चुन्नू जी द्वारा यह प्रतिमा बनवायी गई थी। उनकी यह भावना थी कि राजेंद्र बाबू और राजवंशी देवी के योगदान को चिरकालीन धरोहर बनाकर सम्मानित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वयं को गौरवान्वित समझे। लेकिन आज तक उनका सपना पूरा नहीं हो सका। प्रतिमा अनावरण के लिए सपा, बसपा और भाजपा सरकारों से कई बार आवेदन किए गए, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक उत्तर नहीं मिला है। तीन दिसंबर को डॉ. राजेंद्र प्रसाद के 140वें जन्मदिवस पर इस प्रतिमा के सामने फोटो रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. सर्वदेव प्रसाद उर्फ चुन्नू जी के परिवार ने यह संकल्प लिया है कि जब तक प्रतिमा का अनावरण नहीं होगा, वह संघर्ष करते रहेंगे।

> डॉ. राजेंद्र प्रसाद एवं राजवंशी देवी की शादी जून 1896 में रामपुर गांव में हुई थी। उस समय डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कार से आए थे। उनकी कार के पीछे बच्चे दौड़ रहे थे।
>
> **100 वर्षीय पं. जनार्दन दुबे, पूर्व अध्यापक**

> हमने अपनी आंखों से राजेंद्र बाबू को रामपुर आए हुए देखा है। राजेंद्र बाबू जब राष्ट्रपति बनकर रामपुर आए थे तो राजवंशी देवी ने अपने घर के लोगों से सतुआ मांग कर खाया था। राजेंद्र बाबू शादी के बाद राष्ट्रपति बने थे। वह सन 1950 से 1962 तक राष्ट्रपति रहे।
>
> **83 वर्षीय राजकिशोर सिंह, रामपुर**

> पूर्वजों के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने पत्र लिखकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से इस मुद्दे को उठाया। हालांकि, अब तक कोई सार्थक पहल नहीं हुई। लेकिन प्रयास अभी भी जारी है और अनवरत जारी रहेगा।
>
> **सुजान श्रीवास्तव उर्फ राहुल, राजमाता राजवंशी देवी के वंशज**

### शिक्षकों ने किया विधानसभा का घेराव, गिरफ्तार

बलिया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अपनी लंबित मांगों, पुरानी पेंशन बहाली, विनियमितीकरण, चिकित्सा सुविधा आदि मांगों के समर्थन में पूर्वांचल के 27 जिलों के शिक्षकों ने प्रदेश अध्यक्ष चेतनारायण सिंह एवं संरक्षक राजबहादुर सिंह चंदेल के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव करते हुए सड़क को जाम कर दिया। वहीं, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ बलिया के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस ने शिक्षकों को गिरफ्तार कर बस में बैठाकर इको गार्डेन भेज दिया। वहीं, शिक्षक जेल जाने की जिद पर अड़े रहे। धरने की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षक नेताओं को वार्ता के लिये बुलाया। उसके बाद शिक्षकों को रिहा कर दिया गया। बलिया से मधुसुदन सिंह, आनंद मोहन सिंह, रामविलास सिंह यादव, आलोक सिंह, विवेक कुमार, अनिल कुमार, अमरजीत यादव, रजनीश दीक्षित, अजय वर्मा आदि शामिल रहे।

### पट्टीदार का आधार लगाकर निकाल ली गाड़ी

मझौवां। क्षेत्र के बुधनचक निवासी कन्हैया वर्मा पुत्र परमेश्वर वर्मा ने पुलिस अधीक्षक एवं मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि मेरे पट्टीदार राजकुमार वर्मा पुत्र शिव प्रसाद वर्मा ने मेरे आधार कार्ड से टाटा मोटर्स कंपनी से फाइनेंस करा कर गाड़ी लिया। उनके द्वारा फाइनेंस कंपनी का किस्त जमा नहीं किया जा रहा है। गाड़ी भी न जाने कहां बेच दिया है। अब फाइनेंस कंपनी पैसा वसूली के लिए मेरे यहां दबिश दे रही है, जबकि मैं गाड़ी के संबंध में कुछ जानता भी नहीं हूं। उन्होंने मांग किया कि मेरे साथ फ्राड करने वाले राजकुमार वर्मा को दंडित करते हुए फाइनेंस का कर्ज दिलवाया जाए। अन्यथा की स्थिति में गाड़ी को बरामद करके मुझे सौंप दिया जाए। मामला को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने तुरन्त जांच का आदेश दिया है। बैरिया थाना से निस्तारण रिपोर्ट लगाकर भेज दिया गया है। अब कन्हैया वर्मा ने क्षेत्राधिकारी बैरिया से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्यवाही का गुहार लगाया है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बैरिया मुहम्मद उस्मान ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में है। मामले की जांच कराया जा रहा है। जो भी दोषी मिलेगा, उसे बक्शा नही जाएगा।

## नेपाल नरेश से जुड़ा है डूहा बिहरा का इतिहास



श्री वनखंडी मठ डूहा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलते मौनी बाबा एवं अन्य

**रोशन जायसवाल**

बलिया। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर सरयू नदी के किनारे स्थित श्री वनखंडी नाथ (श्री नागेश्वर नाथ) महादेव मठ डूहा लगभग पांच सौ साल पुराना है। इतिहासकारों की माने तो नेपाल नरेश ने नेपाल के ही एक महात्मा के नाम से इस मठ का निर्माण कराया था। वैसे, इस मठ का रख-रखाव स्वामी ईश्वर दास ब्रह्मचारी मौनी बाबा करते है। वह मठ के अध्यक्ष है। पर्यटन के रूप में इस क्षेत्र को और विकसित किया जा सकता है। हालांकि मौजूदा समय में प्राचीन मंदिरों में विभिन्न देवी-देवताओं का दर्शन होता है। सरयू नदी के किनारे पाथवे बनाया जा रहा है। यह आकर्षण का केन्द्र है। यदि सरकार की नजर इस मठ पर पहुंच जाय तो यह जिले के सबसे बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है। मठ से सिकंदरपुर-बेल्थरारोड मार्ग तक टू-लेन की सड़क बना दी जाय तो यहां नेपाल के अलावा देश के हर कोने से लोग आयेंगे। आस-पास के इलाके विकसित हो जायेंगे। वैसे, यहां पर मौनी बाबा के दर्शन के लिए गुरू पूर्णिमा के दिन शिष्यों की भारी भीड़ उमड़ती है। सरयू नदी से काफी ऊंचा मठ पर लोग जाते है तो विभिन्न देवी-देवताओं के दर्शन करते है। यहां शिव का प्राचीन मंदिर है, जहां भगवान का साक्षात दर्शन होता है।

### महायज्ञ को सफल बनाने में लगे रेवतीरमण, देवेन्द्र व सुधा

बलिया। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से रेवतीरमण तिवारी, डॉ. देवेन्द्र सिंह, श्रीमती सुधा पांडेय की अहम भूमिका देखी जा रही है। अभी हाल ही में मौनी बाबा के साथ पत्रकार वार्ता हुई थी। इसमें मौनी बाबा ने विस्तार से कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी थी। अब उस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम लगी हुई है।

### पीएम से मिले थे मौनी बाबा

बलिया। विगत् दिनों मौनी बाबा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिल चुके है। उनके साथ पूर्व राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर भी थे। जानकारी यह मिली कि मौनी बाबा ने मठ के इतिहास के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने भी इस प्राचीन जगह पर आने की इच्छा जाहिर की है।

### महायज्ञ पर खर्च होंगे 17 करोड़

बलिया। 11 दिसंबर से 19 जनवरी तक महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस पर लगभग 17 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। लगभग दो करोड़ की लागत से 108 कुंडीय यज्ञमंडप बनाया जा रहा है। यह आजीवन बना रहेगा। मजे की बात यह है कि बलिया में इस तरह का आयोजन पहली बार होने जा रहा है।

### पं. धीरेन्द्र शास्त्री एवं अनिरुद्धाचार्य भी आयेंगे

बलिया। भारत वर्ष के कई साधु-संत इस महायज्ञ में शामिल होंगे। प्रमुख नामों में बागेश्वर धाम के पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, अनिरूद्धाचार्य, महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद जी महाराज, कृष्णचंद्र शास्त्री, साध्वी आर्या पंडित, पं. गौरांगी गौरी, साध्वी सरोज बाला शामिल है।

# 20.366 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 20.366 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया। प्रेसवर्ता में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन रामलीला मैदान के पास से अभियुक्तगण एनुद्दीन अली पुत्र स्व0 मेघा अली निवासी बिहापारा थाना तामूलपुर जिला बक्सा असम, ममोनी बेगम पत्नी हफिजुर्रहमान निवासी उदयना थाना रंगिया जनपद कामरूप असम के कब्जे से 20.366 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 392/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अनिल कुमार सिंह, उ0नि0 शंकर कुमार यादव, उ.नि. अनिल कुमार द्विवेदी, म.उ.नि. अंजनी पाण्डेय, का. अमरेश कुमार, का. विजय कुमार गोंड, का. राहुल मौर्य, का. शिवम भारतीय, थाना कोतवाली नगर शामिल रहे।



## उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



मऊ। उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के तत्वाधान में प्रदेश महामंत्री भाई अजय साहू के नेतृत्व में 4 सुत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। तद्क्रम में वरिष्ठ जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवाल नें कहा कि मल्टीस्टोरी पार्किंग न होनें पर व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। चालान कटने की डर से ग्राहक दुकान पर आने से कतरा रहा है। इसी क्रम में बाल निकेतन पर बन रहे ओवरब्रीज के साथ सर्विस रोड न बनने से राहगीरों को अत्यन्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में जिला महामंत्री युवा अखिलेश मद्धेशिया नें शहीदी रोड को मरम्मत कराने की बात जिलाधिकारी के सामने रखा जिलाधिकारी नें सभी समस्याओं को यथा शीघ्र समाधान करानें का आश्वासन दिया। ज्ञापन देनें वालों में अजय साहू, गोपाल कृष्ण बरनवाल, अखिलेश मद्धेशिया, हसीबुर्रहमान भाई, नगर महामंत्री राजू बरनवाल, अशरफ भाई, युवा जिलाध्यक्ष राजू लारी, आदि लोग शामिल रहे।

## बच्चों के लिए विटामिन 'ए' अभियान, जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित

मऊ। जनपद में स्वास्थ्य और आईसीडीएस विभाग द्वारा विटामिन 'ए' समपूरण कार्यक्रम के संबंध में संयुक्त नियोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राहुल सिंह ने बताया कि 9 महीने से 5 वर्ष तक के कुल 2,48,402 बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो राज्य स्तर से दिया गया है। यह कार्यक्रम आगामी 04 दिसंबर 2024 से 03 जनवरी 2025 तक चलेगा, प्रत्येक बुधवार और शनिवार को बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक दी जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय गुप्ता ने ब्लॉक से आए एमओआईसी, सीडीपीओ, बीपीएम, बीसीपीएम, एआरओ, और एचईओ को इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया। डीसीपीएम संतोष सिंह ने बताया कि विटामिन 'ए' कार्यक्रम जनपद के सभी ब्लॉकों और शहरी क्षेत्रों में एएनएम द्वारा चलाया जाएगा, और आशा अपने कार्य स्थल में 9 महीने से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की लाइन लिस्ट बनाएंगे तथा उन्हें निर्धारित तिथियों पर दवा दी जाएगी। इस कार्यशाला में एसएमओ, डीएमसी जयराम सिंह, और एआरओ ने भी भाग लिया।

# प्रतिनिधि मंडल ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन





दोहरीघाट मऊ। भाजपा कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल दोहरीघाट डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को बताया कि लोकनिर्माण विभाग द्वारा दोहरीघाट घाघरा पुल पर कमजोर होने के नाते हाइट गेट बार लगाकर बैरिकेडिंग कर दिया गया है जिससे बड़ी गाड़ियों का आवागमन रुक गया है। इस कारण गोरखपुर, वाराणसी, सोनभद्र, चंदौली, प्रयागराज, गाजीपुर डिपो से आने वाली बसें दोहरीघाट और बड़हलगंज कस्बे में न आकर के बाहर फोरलेन बाईपास से ही निकल जा रही है जो दोहरीघाट और बड़हलगंज कस्बे से लगभग 5 किलोमीटर दूर पड़ता है। लोगो ने बताया कि रात के अंधेरे में परिचालकों द्वारा यात्रियों को फोरलेन पर ही उतार दिया जा रहा है और गोरखपुर बनारस इलाहाबाद जाने वाले यात्री वही रात के अंधेरे में खड़ा होकर के फोरलेन पर बसों का इंतजार कर रहे हैं जिनको बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सहायक क्षेत्र प्रबंधक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही दोहरीघाट और बड़हलगंज कस्बे में बस का आवागमन सुनिश्चित कराकर यात्रियों को सुविधा दी जाएगी। इस प्रतिनिधि मंडल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय, चेयरमैन विनय जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, किसान नेता विनय राय, अवधेश राय, राकेश गुप्ता, सभासद आजाद जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

उधर सपा कार्यताओं ने भी ज्ञापन एआरएम दोहरीघाट को सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि एक सप्ताह में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव अजय यादव आसूं ने कहा कि दोहरीघाट डिपो को छोड़ अन्य स्थानों की बसें पुराना सरयू पुल बंद होने से नईबाजार बाईपास पर ही यात्रियों को छोड़ दे रही है। जहां से यात्री पैदल या अन्य साधन कर दोहरीघाट पहुंच रहें। वहीं रात में प्राइवेट साधन न मिलने पर यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध एआरएम दोहरीघाट को ज्ञापन सौंपा गया है। और मांग की गई है कि सभी बसें दोहरीघाट डिपो होकर गुजरे। अगर एक सप्ताह में व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन के लिए हम लोग बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सतीश यादव, चंदन कुमार, अजय सिंह, अमरेश चैहान सहित अन्य शामिल रहें।

## डीएम ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत



मऊ। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर मंगलवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम मऊ में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के अलावा अन्य बच्चों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रतियोगिता में जलेबी दौड़ में नेहा प्रथम स्थान, कुर्सी दौड़ में नीतीश तथा ब्रेल प्रतियोगिता में अंजिमा वर्मा ने बाजी मारी। वहीं वयस्कों में दिव्यांग कल्याण सेवा ट्रस्ट कलेक्ट्रेट परिसर मऊ के तरफ से दौड़ में लक्ष्मी और अंध दौड़ में सुचित्रा चैहान तथा मोटराइज्ड साइकिल दौड़ में मतीउर्रहमान प्रथम स्थान प्राप्त किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उत्साह वर्धन किया गया तथा उनको भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि शशि प्रताप सिंह द्वारा भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय द्वारा बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बच्चे देश के भविष्य हैं इनमें असीम प्रतिमा छुपी हुई है दिव्यांग होने के साथ इनमें कहीं से कुछ करने की क्षमता है। इस दौरान जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, स्पेशल एजुकेटर अरविंद श्रीवास्तव, संतोष, विकास, आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती, अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



घोसी, मऊ। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती तहसील बार भवन में मंगलवार को मनाई गई। इस कार्यक्रम में घोसी के उपजिलाधिकारी न्यायिक राजेश कुमार अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उपजिलाधिकारी न्यायिक राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन के दौरान डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एक सशक्त सेनानी व नेता के रूप में उभरे थे। वे अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ निरंतर लड़ते रहे। वर्ष 1931 के नमक सत्याग्रह और 1941 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें कई बार जेल की यातनाएं झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का सादा जीवन उच्च विचार लोगों के लिए प्रेरणादायक साबित होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश राय ने कहा कि हिंदुस्तान एक ऐसी धरती है जहां वक्ता, अधिवक्ता, योगी, कर्म योगी, दानी, महादानी हुए हैं। इसी हिन्दुस्तान में बिहार मेधाओं की जननी है और बिहार की उर्वरा भूमि पर पैदा हुए भारत रत्न डा. राजेंद्र प्रसाद उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता एक्ट का निर्माण किया। उन्हीं की देन है कि हम अधिवक्ता दिवस मना रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि डॉ.राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में सामाजिक प्रगति के प्रतीक डॉ. प्रसाद संविधान के मूल अधिकार, मूल कर्तव्य राज्य के नीति निदेशक और गरीबों के उत्थान के प्रति सदैव चिंतित रहा करते थे। वरिष्ठ अधिवक्ता कालिकादत्त पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ता समुदाय वादकारियों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का संचालन भुवेश श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शमसाद अहमद, भुवेंद्र कृष्ण, रफीउल्लाह खान, प्रेम चंद्र राय, जनार्दन यादव, अखिलेश सिंह, रमेश श्रीवास्तव, ब्रह्मदेव उपाध्याय, रत्नेश श्रीवास्तव, सर्वेश सिंह, सतीश पाण्डेय, सुतीक्ष्ण मिश्र, उमाशंकर उपाध्याय समेत मऊ कलेक्ट्रेट बार के अधिवक्ता मौजूद रहे।

### प्रत्येक बच्चे में असीम संभावनाएं होती हैं, जरूरत है सही मंच देने की: डॉ. रामविलास भारती

घोसी, मऊ। राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा पीपीपी ओलंपियाड में ब्लॉक घोसी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली के बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें ऋतिक यादव प्रथम को प्रथम स्थान मिलने पर प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता ओलंपियाड के फाउंडर कृष्ण मौर्या, के आईसी मैनेजर अरिहंत विश्वकर्मा, एग्जाम कंटोलर दुर्गेश भास्कर एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त डॉ.रामविलास भारती ने गोल्ड मेडल और एक हजार एक सौ रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। द्वितीय स्थान अंकिता और तृतीय स्थान शशांक मिश्रा ने प्राप्त किया। जिन्हें सिल्वर और कांस्य पदक देकर उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ.रामविलास भारती ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में असीम संभावनाएं होती हैं, जरूरत है उन्हें सही मंच देने की। प्रतिभाएं किसी का इंतजार नहीं करती है मौका मिलते ही अपने प्रतिभा का लोहा मनवा ही देती हैं। हमारे बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता ओलंपियाड सफल परीक्षार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए आर्थिक सहयोग करती है। कृष्ण मौर्या और उनकी टीम समर्पित रूप से बच्चों के भविष्य को संवारने में लगी है। अरिहंत विश्वकर्मा ने विद्यालय परिवार और बच्चों को बधाई देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं पर भी ध्यान देने की बात कही। दुर्गेश भास्कर ने पीपीपी ओलंपियाड के उद्देश्यों को विस्तार से बताया। और अध्ययन के साथ-साथ व्यवहारिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की बात कही। इस अवसर पर डॉ.रामविलास भारती, अरिहंत विश्वकर्मा, दुर्गेश भास्कर, कन्हैया भारती, कुसुम देवी, जनक यादव, पूजा, अंजलि, अर्जुन आदि अभिभावक उपस्थित रहे।

### विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों को वितरण किये गये कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण



मऊ। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रश्मि मिश्रा के नेतृत्व में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मानव उत्थान समिति, बस्ती खिरिया, विकासखंड रानीपुर में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण किया गया, जिसमें 10 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, पांच दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, एक दिव्यांगजन को कान की मशीन, एक दिव्यांगजन को अंध छड़ी एवं 110 दिव्यांगजनों को कंबल का वितरण जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी रश्मि मिश्रा द्वारा किया गया। वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रेल चक्काजाम में शामिल होने का आह्वान



बलिया। क्षेत्रीय संघर्ष समिति द्वारा आगामी आठ दिसंबर को फेफना जं. रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित रेल चक्काजाम को लेकर गांव-गांव में बैठक किया जा रहा है। इसी क्रम में बलेजी, कर्ची नारायनपुर, मिलकनवा में बैठक करके लोगों को अधिक से अधिक संख्या में रेल चक्काजाम में शामिल होने का आह्वान किया गया। क्षेत्रीय संघर्ष समिति के संयोजक जनार्दन सिंह ने कहा कि रेल आंदोलन के दौरान तीन माह के अंदर मांगों को पूरा किये जाने का आश्वासन दिया गया था। समय सीमा समाप्त होने को है, लेकिन अभी तक इस संदर्भ में कोई सार्थक पहल नहीं हुई है। रेल प्रशासन की वादाखिलाफी को लेकर आठ दिसंबर को रेल चक्काजाम करने का निर्णय लिया गया है। कहा कि आठ दिसंबर को हम सभी शांतिपूर्वक रेलवे ट्रैक पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर अवध नारायण यादव, समरबहादुर यादव, सुदर्शन यादव, डा. ओमप्रकाश, शिवाजी, हसन जावेद, सुरेन्द्र, कैलाश राम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता भरत राम ने किया।

### कांग्रेस जनों को भेंट किया सुंदरकांड की प्रति

बलिया। भारतीय जनमानस के जागरण के बिना गंगा की सलामती संभव नहीं है। आधुनिकता की अंतहीन दौड़ पर नियंत्रण नहीं हुआ तो गंगा इतिहास की अंधेरी गुफा में विलीन हो जायेगी। यह बातें जिला कांग्रेस भवन पर मंगलवार को कांग्रेस जनों को सुंदर कांड की प्रति भेंटकर गंगा को सुंदर और स्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाने के पश्चात गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने व्यक्त किया। कहा कि पर्यावरण की प्रमुख संरक्षिका गंगा भौतिकता के प्रहार से विचलित हो रही है। ब्रह्म द्रव गंगा को व्यवसायिकता की चादर से ढ़कना नादानी है। इस अवसर पर सत्यप्रकाश उपाध्याय मुन्ना, गिरीशकांत गांधी, रामेश्वर तिवारी, सुशील पांडेय कान्हजी, अरूण श्रीवास्तव, भृगुनाथ पाल आदि ने हाथ में सुंदर कांड की प्रति लेकर टिहरी बांध से गंगा को मुक्त कराने के नारे लगाये।

### कांग्रेसियों ने शीर्ष व प्रदेश नेतृत्व को दी बधाई

बलिया। जिला कांग्रेस कमेटी के सभागार में कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें जिला कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक गिरीशकांत गांधी को उप्र सेवा दल पूर्वी जोन का महासचिव बनाये जाने पर शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व को बधाई दिया गया। जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि गिरीशकांत गांधी सच्चे एवं कर्मठ कांग्रेसी है। उनके सेवा दल का प्रदेश महासचिव बनने पर संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सच्चिदानंद तिवारी, सत्यप्रकाश उपाध्याय मुन्ना, सिद्धनाथ तिवारी, संतोष चौबे, अबुल फैज, राजकुमार वर्मा, बृजेश कुमार, निर्मल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### सपा के राष्ट्रीय महासचिव से मिला प्रतिनिधि मंडल

बलिया। लोकतंत्र सेनानियों का प्रतिनिधि मंडल विगत् दोनों लखनऊमें सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिवपाल सिंह यादव से शिष्टाचार भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव को ज्ञापन देते हुए बताया कि विगत वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा प्रसारित किया गया कि लोकतंत्र सेनानियों की सहयोग राशि 5000 रुपए बढ़ा कर दिया जाएगा, लेकिन एक वर्ष बाद भी बढ़ी हुई सहयोग राशि सेनानियों को प्राप्त नहीं हो रहा है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा इस संबंध में सार्थक पहल किया जाएगा। सेनानियों को भविष्य में किसी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में संतोष कुमार शुक्ला, शंभूनाथ मिश्रा, राजऋषि सिंह, चंद्रभान यादव भयंकर, शिवशरण तिवारी शामिल रहे।

# मायूस हुए गेंदा फूल की खेती करने वाले किसान



बैरिया। सरकारी सहायता एवं अनुदान कागजों में सिमट कर रह गया है। ऐसे में फूल की खेती करने वाले किसान मायूस है। क्षेत्र के दलन छपरा, श्रीपतिपुर सहित आस-पास के गांवों में गेंदा फूल की खेती करने वाले किसानों में मायूसी है। क्योंकि लगातार प्रयास के बावजूद उन्हें फूलों के लिए बाजार एवं अनुदान उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। शादी विवाह के मौसम में आसानी से फूल बिक जाते हैं। किंतु जब शादी विवाह का मौसम नहीं रहता है, तब ग्राहक स्थानीय बाजारों में नहीं मिलते। इन फूलों को पटना या बनारस की मंडी में ले जाना पड़ता है। दूरी अधिक होने के कारण खर्च के कारण उचित मुनाफा नहीं मिल पाता है। बता दे कि श्रीपतिपुर, दलन छपरा, रामनगर, विसुनपुरा सहित आस-पास के गांवों के लगभग 50 एकड़ क्षेत्रफल में गेंदा फूल की खेती हुई है। अधिकांश खेती करने वाले माली जाति के लोग हैं, जो लगान पर खेत लेकर गेंदा फूल की खेती करते हैं। दलन छपरा निवासी लल्लन माली वर्षों से गेंदा फूल की खेती करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि शादी विवाह के मौसम एवं चुनाव के समय फूलों की खपत बढ़ जाती है। तब आसानी से यहां पैदा हुए फूल बिक जाते हैं। दूसरे मौसम में फूलों को बेचने के लिए पिकअप पर लादकर बनारस या पटना ले जाना पड़ता है। दोनों शहरों की दूरी अधिक है। इसे वहां ले जाने में खर्च अधिक हो जाता है। फलस्वरुप उचित मुनाफा नहीं मिल पाता है। लाख प्रयास के बाद भी उद्यान विभाग इस फूल की खेती के लिए ना तो सब्सिडी दिला पाता है और ना ही बाजार उपलब्ध करा पाता है। हालांकि उद्यान विभाग का दावा है कि जो किसान फूलों की खेती को इच्छुक हो, वह हमसे संपर्क करें। उन्हें सब्सिडी भी मिलेगी और सहयोग भी मिलेगा। फुल व्यवसायी कहते हैं कि अफसर के सामने गिड़गिड़ाने पर भी उन्हें सरकारी सहायता या अनुदान नहीं मिल पाता है। वही, परमात्मा माली का कहना है कि एक एकड़ गेंदा फूल की खेती करने में लगभग 20 से 30 हजार रुपए की लागत आती है। इसमें खेत का लगान भी शामिल है। बनारस या पटना ले जाकर फूल बेचने पर लगभग 50 हजार की आमदनी होती है। इसमें 20 हजार खर्च ही आ जाता है। दस हजार रुपये किराए में निकल जाते हैं। ऐसे में बामुश्किल एक एकड़ में नाममात्र ही बचत होती है। उद्यान विभाग का कहना है कि इसके लिए आनलाइन पंजीकरण कराकर किसान संपर्क करें। निश्चित रूप से उनको अनुदान दी जाएगी।

## बच्चों को बीमारियों से बचाव की शिक्षा देंगे शिक्षक

बलिया। परिषदीय स्कूलों में बच्चों को बीमारियों से बचाव का पाठ पढ़ाया जाऐगा। प्रबंध समिति एवं अध्यापक, अभिभावक बैठक कर बीमारियों की रोकथाम पर मंथन करेंगे। जनपद में 2249 परिषदीय स्कूल एवं 1112 से अधिक अन्य स्कूल संचालित हैं। जलभराव वाले स्थान पर मच्छर पनप रहे हैं। इससे डेंगू और मलेरिया का प्रकोप बढ़ रहा है। स्कूलों के बच्चे भी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि समस्त प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालयों के प्रांगण एवं उसके आस-पास सफाई की व्यवस्था की जाए। विद्यालय स्तर पर प्रबंध समिति, अध्यापक, अभिभावक बैठक करेंगे। अभिभावकों को बच्चों को फुल आस्तीन की शर्ट-पैंट, सलवार-कुर्ता पहनाकर विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस संबंध में बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालयों के आस-पास कहीं भी जलभराव है या जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है तो ऐसे स्थान पर लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव कराया जाए। विद्यालय में गमलों, टायर बोतलों में लगाए गए पौधों में पानी एकत्र न होने पाए, इसका भी ध्यान रखें। स्थानीय निकायों के पदाधिकारी से संपर्क कर फागिंग एवं छिड़काव कराएं। इसके साथ ही शिक्षक कक्षा में बच्चों को बीमारियों से बचाव के उपाय के बारे में भी बताएंगे।

# विभिन्न कारणों से खराब पड़े एक दर्जन से अधिक नलकूप

**परेशानी**

**किसानों ने लगाया शिकायत के बाद भी ठीक नहीं करने का आरोप**

बैरिया। कृषि प्रधान क्षेत्र में कृषि कार्य में लगे किसानों पर अधिकारी उदासीन है। स्थानीय तहसील क्षेत्र के मुरली छपरा एवं बैरिया विकास खंड के विभिन्न गांवों के खेतों में सिंचाई के लिए लगाए गए राजकीय नलकूपों में से एक दर्जन से अधिक नलकूपों के विभिन्न कारणों से खराब पड़ने के कारण खेतों की सिंचाई बाधित है। इसको लेकर किसान परेशान है। क्योंकि रवि की बुवाई सिंचाई न होने के कारण पिछड़ रही है। किसानों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद मैकेनिक एवं जेई शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों ने बताया कि 341 बीजी धतुरी टोला राजकीय नलकूप का 15 दिनों से मोटर जला है। 124 बीजी नवानगर, 209 बीजी दोकटी ,356 बीजी इब्राहिमाबाद राजकीय नलकूपों का मोटर जला हुआ है। 226 बिजी भोजापुर का एक वर्ष से सभी कुलाबा खराब पड़ा हुआ है। 185 बीजी शोभा छपरा का भी कुलाबा नौ महीने से खराब पड़ा हुआ हैं। 358 बीजी रामनगर का कुलाबा खराब है एवं पाइप फटा है। डोमन टोला के 194 बीजी राजकीय नलकूप एवं भगवानपुर 229 बीजी राजकीय नलकूप का कुलाबा खराब है। करण छपरा 307 बीजी राजकीय नलकूप का पाइपलाइन जाम है। 34 बीजी बैरिया का मोटर जला हुआ है। 168 बीजी बैरिया का नाली नहीं है। 176 बीजी बैरिया का पाइपलाइन खराब है। किसानों ने उप जिलाधिकारी सुनील कुमार एवं जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल राजकीय नलकूपों को ठीक करने के लिए हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है।

> मामले संज्ञान में नहीं थे। आज आपके द्वारा बताया गया है। जल्द ही इसे दिखा करके ठीक करवाया जाएगा। कहीं से कोई लापरवाही नहीं होगी।
>
> **अरूण गुप्त, अधिशासी अभियंता, नलकूप विभाग**

# आधार केन्द्र पर मनमाने तरीके से हो रही वसूली

बांसडीह। जनपद में 10 लाख से अधिक लोगों के आधार कार्ड बने हैं। सभी में कुछ न कुछ त्रुटियां है। किसी में मोबाइल नंबर दर्ज कराना है तो किसी का जन्मतिथि सुधार, नाम और पिता का नाम सुधार, पता सुधार, बायोमेट्रिक सुधार सहित अन्य त्रुटियां है। दरअसल, बैंक खाते खोलने से लेकर कोटे की दुकानों से राशन लेने, बैंक से रुपए निकलने समेत अब सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड जरूरी है। ऐसे में लोगों ने तो आधार कार्ड बनवाए हैं, लेकिन कुछ न कुछ त्रुटियों के होने से उसे ठीक कराने में लोगो को आधार केंद्र पर जाना होता है। जनहित में सरकार द्वारा लोगों को परेशानियों से बचाने और निश्चित शुल्क पर आधार सुधार के लिए सरकारी संस्थाओं में आधार केंद्र बनाए गए है। लेकिन शासन की मंशा के अनुरूप सरकारी संस्थाओं में चलने वाले आधार केंद्र द्वारा मनमाने ढंग से लोगों से अवैध वसूली की जा रही है। स्थानीय कस्बे के बीएसएनएल दफ्तर में आधार काउंटर पर लोगों से जबरिया अवैध वसूली की जा रही है। एक दिन में करीब 50 से 150 लोगों का नामांकन और सुधार का कार्य यहां होता है। राजेश कुमार ने बताया कि नाम में सुधार के लिए 150 रुपए लिए गए है। वही अपने आधार में मोबाइल नंबर जुड़वाने गए विनय ने बताया कि संचालक द्वारा 150 रुपए लिए गए। अन्य व्यक्तियों ने बताया कि संचालक द्वारा मनमाने तरीके से 150 रुपए प्रति आधार लिए जा रहे है। मौके पर मौजूद आपरेटर द्वारा बताया गया कि हमें कोई मानदेय नहीं मिलता है। हम लोगों को ऊपर भी पैसा देना पड़ता है। वही आफिस खर्च, बिजली बिल सहित हम लोगों का भी चार्ज जुड़ा हुआ है।

> नया आधार नामांकन नि :शुल्क होता है। सुधार में केंद्र संचालक को यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित शुल्क ही लेना है। लोगों से अधिक पैसे लेने वाले प्रकरण की जांच की जाएगी। मामला सही मिलने पर केंद्र को निरस्त करते हुए जुर्माना भी लगाया जाएगा।
>
> **अमिताभ किरण, दूरसंचार के जिला प्रबंधक**

## भाकपा माले ने की बीएसए को निलंबित करने की मांग

बलिया। आरएसएस और भाजपा द्वारा आयोजित जन आक्रोश मार्च में स्कूली छात्रों को शामिल कराने की मंशा से नगर और हनुमानगंज के विद्यालयों को बंद करने का बीएसए द्वारा आदेश जारी करना सरकारी अधिकारियों की सेवा शर्तों के विपरीत है। भाकपा-माले ने इसकी तीखी निंदा करते हुए बीएसए को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। माले नेता लक्ष्मण यादव ने कहा कि बीएसए के इस कृत्य से स्पष्ट है कि वे शासन और शिक्षा विभाग के लिए कार्य करने की वजाय संघ-भाजपा के गुलाम की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस राजनीतिक संगठनों के लिए स्कूलों को बंद कर बीएसए क्या संदेश देना चाहते थे? क्या वे बच्चों के मन मस्तिष्क को हिंदू-मुसलमान में बांटना चाहते हैं या अपने को हिंदूवादी आफिसर साबित करना चाहते हैं? ऐसे अधिकारी का धर्मनिरपेक्ष भारतीय लोकतंत्र एवं समाज के लिए एक क्षण भी पद पर बने रहना खतरनाक होगा।

# न्यायालय सुचारु रूप से चलाने का अधिवक्ताओं ने लिया निर्णय



बेल्थरारोड (बलिया)। स्थानीय तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन की आम बैठक में यह निर्णय ले लिया गया कि बादकारियों के हित में स्थानीय तहसील के समस्त न्यायालय सुचारू रूप से चलाने का काम हम अधिवक्ता करेंगे। बीते हुए शिकायतों में काफी सुधार देखने को मिलने लगा है, इसको देखते हुए इस आशय का निर्णय मंगलवार की हुई एसोसिएशन की आम बैठक में लिया गया। संगठन के अध्यक्ष शौकत अली एडवोकेट ने बताया कि न्यायालय के कार्यों में पहले की अपेक्षा काफी सुधार देखने को मिल रहा है। एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं की आम बैठक बुलाकर इस बात का निर्णय किया गया कि न्यायालय का काम वादकारियों के हित में सुचारू से चलाया जाएगा। तहसील के सभी न्यायालय सुचारू रूप से संचालित होने में हम सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं मंत्री द्वारा पिछले कार्यकाल के बजट का आय एवं व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक के अन्त में धन्यवाद प्रस्ताव के बाद बैठक का समापन किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अनिल यादव, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश उपाध्याय, जयप्रकाश प्रजापति, हृदयानंद सिंह, अरुण लाल श्रीवास्तव, मुनेश चन्द वर्मा, सरफराज अहमद, ज्ञानचंद प्रजापति, अवधेश यादव, संजीत गुप्ता, अमानुलहक अब्बासी, अमरजीत सिंह, राशिद अली, राशिद कमाल पाशा, अब्दुल रहमान, आशुतोष यादव, सुनील श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन मंत्री दिनेश राजभर ने किया।

## कार्यकर्ताओं को छह को आजमगढ़ चलने का आह्वान

बलिया। बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही छह दिसंबर को बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस की तैयारी किया गया। बसपा के तत्वावधान में डा. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मंडल आजमगढ़ पर मनाया जाएगा। बलिया जनपद से हजारों की संख्या में बसपा कार्यकर्ता अपने-अपने साधन से आजमगढ़ नेहरू हाल पहुंच कर परिनिर्वाण के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर भीम राजभर, डा. इंदल राम, शैलेंद्र महाराज, सोहिल नाथ वर्मा, शनि, नंदलाल भारती, राजकुमार राव, महफूज आलम, अजय, सुनील आदि मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# चार दशक बाद भी भोपाल गैस पीड़ितों को राहत नहीं

**एल.एस. हरडेनिया द्वारा**



चालीस साल हो गये, जब भोपाल के बाहरी इलाके में अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी यूनियन कार्बाइड कॉरपोरेशन के कीटनाशक निर्माण संयंत्र से घातक मिथाइल आइसो-सायनेट गैस निकली थी, जिससे हजारों लोग मारे गए थे और लाखों लोग अपंग हो गए थे।

शहर के गैस पीड़ितों के लिए पिछले चालीस साल उतार-चढ़ाव से भरे रहे हैं - और उतार-चढ़ाव से कहीं ज्यादा। इस त्रासदी का कोई अंत नहीं हो पाया है। गैस पीड़ितों को मिली निराशाओं की सूची अंतहीन है। उन्हें उम्मीद थी कि बंद पड़े यूसीसी प्लांट के परिसर में पड़े रासायनिक कचरे को नष्ट कर दिया जाएगा। उन्हें उम्मीद थी कि शहर में मौत की बारिश करने के लिए दोषी ठहराए गए लोगों को कड़ी सजा मिलेगी। उन्हें उम्मीद थी कि भारत सरकार द्वारा अधिग्रहण के बाद गैस पीड़ितों के लिए समर्पित अस्पताल बीएमएचआरसी के कामकाज में व्यापक सुधार होगा। और उन्हें उम्मीद थी कि गैस पीड़ितों को अधिक मुआवजा मिलेगा।

लेकिन ये सारी उम्मीदें अधूरी रह गईं। रासायनिक कचरा वहीं पड़ा है, जहां था, गैस त्रासदी के दोषियों को मामूली सजा देकर छोड़ दिया गया - वह भी नहीं दी गई और बीएमएचआरसी में शीर्ष डॉक्टरों का पलायन जारी है।

14 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा गैस त्रासदी के पीड़ितों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की मांग वाली क्यूरेटिव याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका त्रासदी के 26 साल बाद 2010 में दायर की गई थी।

समझौते के दो दशक बाद दिसंबर 2010 में क्यूरेटिव याचिका दायर की गई थी। याचिका में यूनियन कार्बाइड कॉरपोरेशन (यूसीसी) से 7,400 करोड़ से अधिक की अतिरिक्त धनराशि मांगी गई थी, जो अब डॉव केमिकल्स के स्वामित्व में है। ग्रीनपीस और भारत और विदेश की कई एजेंसियों द्वारा यूसीसी संयंत्र के आसपास के आवासीय क्षेत्रों से एकत्र मिट्टी, भूजल, कुएं के पानी और सब्जियों के नमूनों पर किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि इसमें कई तरह की जहरीली भारी धातुएं और रासायनिक यौगिक मौजूद हैं।

> **गैस पीड़ितों के संगठनों का तर्क है कि वास्तविक आंकड़े इससे कहीं ज्यादा हैं। गैस मुआवजा अदालतों द्वारा तय किए गए मामलों के आधार पर मरने वालों की संख्या 15,274 है और घायलों की संख्या 5.73 लाख है। 2010 में मुआवजा बढ़ाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।**

एक अध्ययन में पाया गया कि मिट्टी के नमूने में पारे की सांद्रता सुरक्षित स्तर से 6000 गुना अधिक थी! क्षेत्र में 100 से अधिक ट्यूबवेलों का पानी मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया है। क्षेत्र में मिट्टी, पानी और वनस्पतियों के क्रमिक जहरीलेपन का स्रोत यूसीसी परिसर में पड़ा 350 मीट्रिक टन घातक रासायनिक कचरा है। यह कचरा पिछले 40 वर्षों से मिट्टी में रिस रहा है और फिर क्षैतिज रूप से फैल रहा है। कचरे के निपटान के सभी प्रयास विफल रहे हैं।

गैस त्रासदी के दोषियों को सजा देने के लिए, 15 साल से अधिक समय तक चली कानूनी लड़ाई के बाद, यूसीसी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन केशव महिंद्रा और सात अन्य को 'लापरवाही के कारण मौत का कारण बनने' के लिए दोषी ठहराया गया और भोपाल की एक अदालत ने प्रत्येक को 2 साल की कैद की सजा सुनाई। हालांकि, उन्हें कुछ ही घंटों में जमानत मिल गई। यह जून 2010 में हुआ था। उम्मीदें फिर से जगी जब अगस्त 2010 में, सर्वोच्च न्यायालय ने अभियोजन एजेंसी सीबीआई द्वारा दायर एक क्यूरेटिव याचिका को स्वीकार कर लिया और 1996 के अपने स्वयं के फैसले पर फिर से विचार करने के लिए सहमत हो गया, जिसने यूसीसी अधिकारियों के खिलाफ आरोपों को 'गैर इरादतन हत्या' (जिसमें 10 साल तक की जेल की सजा है) से 'लापरवाही के कारण मौत का कारण बनने' में बदल दिया था, जिसके तहत दोषी को अधिकतम 2 साल की जेल की सजा हो सकती है। हालांकि, गैस पीड़ितों और उनके संगठनों को एक बड़ा झटका देते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने 11 मई, 2011 को याचिका को खारिज कर दिया।

और हां, दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के मुख्य खलनायक - यूनियन कार्बाइड कॉरपोरेशन के तत्कालीन अध्यक्ष वॉरेन एंडरसन - अमेरिका में एक शांत सेवानिवृत्ति का आनंद लेने के बाद, सितंबर 2013 में 92 वर्ष की आयु में न्यूयॉर्क के एक क्लिनिक में निधन हो गया। उन्हें कभी भी मुकदमे का सामना नहीं करना पड़ा और उनके प्रत्यर्पण की दलीलों को भारत सरकार ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। 2002 में, 'इंडिया अब्रॉड' अखबार के पत्रकार शक्ति भट्ट ने बिना किसी खास प्रयास के न्यूयॉर्क में एंडरसन के घर का पता लगा लिया। यह तब हुआ, जब भारत और अमेरिका दोनों सरकारों ने उनके पते को 'अज्ञात' घोषित कर दिया था।

तीसरा मुद्दा जिस पर गैस पीड़ित निराश और नाराज हैं, वह है मुआवजा। 1989 में कोर्ट के बाहर हुए समझौते के तहत यूसीसी ने गैस पीड़ितों को 470 मिलियन डॉलर का मुआवजा देने पर सहमति जताई थी। यह राशि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए हताहतों के आंकड़ों के आधार पर तय की गई थी। सरकार ने दावा किया था कि इस आपदा में 3000 लोग मारे गए थे और 1,02,000 लोग घायल हुए थे।

हालांकि गैस पीड़ितों के संगठनों का तर्क है कि वास्तविक आंकड़े इससे कहीं ज्यादा हैं। गैस मुआवजा अदालतों द्वारा तय किए गए मामलों के आधार पर मरने वालों की संख्या 15,274 है और घायलों की संख्या 5.73 लाख है। 2010 में मुआवजा बढ़ाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। पिछले साल याचिका खारिज कर दी गई। और गैस पीड़ित संगठनों द्वारा बार-बार गुहार लगाने के बावजूद न तो राज्य सरकार और न ही केंद्र सरकार ने याचिका में मृतकों और घायलों के आंकड़े सही करने की परवाह की है।

गैस पीड़ितों की लंबे समय से शिकायत रही है कि न तो अमेरिकी सरकार और न ही उस देश के जनप्रतिनिधियों ने हजारों लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और न ही उन्हें उचित और पर्याप्त मुआवजा दिलाने के लिए कुछ किया।

उनका दूसरा अफसोस यह है कि भारत सरकार ने खुद को उनका एकमात्र कानूनी प्रतिनिधि घोषित करके उन्हें यूनियन कार्बाइड से मुआवजा पाने के उनके कानूनी अधिकार से वंचित कर दिया है।

इस बीच, गैस पीड़ितों के संगठनों ने त्रासदी की 40वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर घोषणा की कि उन्होंने कैंसर और घातक किडनी रोगों से पीड़ित पीड़ितों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक नई याचिका दायर की है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

---

# एक हिंदुस्तानी के भीतर बसता था पूरा जापान

## स्मरण

**कमलेश भट्ट कमल**



जब मेरी तैनाती बरेली में थी, वर्ष 1985 में डा. लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय की पुस्तक 'द्वितीय महायुद्धोत्तर हिन्दी साहित्य का इतिहास' पढ़कर मैंने प्रो. सत्य भूषण वर्मा (1932-2005) को एक पत्र लिखा था, जिसमें हाइकु के बारे में प्रो. वर्मा के योगदान की चर्चा की गई थी। उस पत्र ने मुझे प्रो. वर्मा के साथ अटूट सम्बन्ध से जोड़ दिया। यह अजीब संयोग था कि जिस बरेली में रहते प्रो.वर्मा से स्नेह का एक रिश्ता जुड़ा था 20 वर्षों बाद दुबारा उसी बरेली में तैनाती के दौरान ही उनकी मृत्यु का दुखद समाचार मिला। प्रो. वर्मा के इस आकस्मिक प्रयाण से देश के हाइकु-जगत ने अपना सबसे निष्ठावान और प्रखर संरक्षकङ्क प्रवक्ता व आलोचक खो दिया।

प्रो.वर्मा के जीवन के दो ही मिशन थे–एक जापानी भाषा व जापान के साथ सांस्कृतिक सम्बन्ध और दूसरा हाइकु कविता। ये दोनों ही मिशन उनकी रुचि के थे और वे दोनों के लिए ही पूरे तन-मन से लगे रहते थे। जापान उनके लिए एक दूसरे घर जैसा था। भारत में जापान, जापानी भाषा और संस्कृति से जुड़े किसी भी आयोजन की परिकल्पना उनके बिना साकार रूप नहीं ले पाती थी। यह सही है हिन्दी कविता में आज हाइकु एक नव्यतम काव्यविधा के रूप में सर्वत्र जानी पहचानी जा रही है । इसके मूल में संभवतः हिन्दी हाइकु कविता का संपूर्ण भारतीय कविता होना है। हिन्दी हाइकु ने अपने लिए जो प्रवृत्तियाँ चुनी हैं, उनकी पहचान जापानी हाइकु की प्रवृत्तियों को समझे बिना नहीं हो सकती। ऐसे में डॉ० वर्मा के योगदान का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है ।

लगभग 20 से अधिक बार जापान की यात्रा कर चुके डॉ० वर्मा भारत और जापान के बीच एक सांस्कृतिक सेतु का भी कार्य करते रहे। इस दिशा में उनका एक और महत्वपूर्ण योगदान 1994 में जापान में प्रकाशित 'जापानी हिन्दी शब्दकोश' है । इस शब्दकोश का दूसरा संस्करण भी प्रकाशित हो चुका है। भारत और जापान के बीच विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग का परिदृश्य जिस तरह वृहत्तर होता जा रहा है, इस तरह के प्रकाशनों की उपादेयता स्वंय सिद्ध है। कदाचित उनके इस जापान-प्रेम की भावना का सम्मान करते हुए ही जापान के सम्राट की ओर से उन्हें 28 नवम्बर 1996 ई को 'दि आर्डर ऑफ द राइजिंग सन गोल्ड रेज विद रोसेट' सम्मान प्रदान किया गया था। यह सम्मान पाने वाले वे संभवतः पहले भारतीय थे।

हाइकु कविता के संदर्भ में प्रो० वर्मा की शख्सियत न केवल भारत में बल्कि हाइकु कविता के मूल देश जापान में भी किसी परिचय की मोहताज नहीं है । हाइकु पर उन्होंने हिन्दी, अंग्रेजी और जापानी तीनों भाषाओं में लिखा है। ऐसे में यह अकारण नहीं था कि वर्ष 2002 के 'मासाओका शिकि अन्तर्राष्ट्रीय हाइकु पुरस्कार' का निर्णय करते हुए निर्णायक समिति ने हाइकु के जिन दो विद्वानों का चुनाव किया, उनमें एक नाम प्रो० वर्मा का था। प्रो० वर्मा को मिले इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान ने हिन्दी हाइकु के क्षेत्र में की गई उनकी सेवाओं को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पुष्ट किया । अपनी धुन के पक्के तथा दो दो वाईपास आपरेशन बर्दाश्त कर चुके, सतत कर्मशील प्रो० वर्मा को यह सम्मान जापानी संस्कृति के बारे में उनकी विद्वता तथा हिन्दी में हाइकु के सृजन और प्रकाशन को प्रोत्साहन देने के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया था । द्विवार्षिक रूप से दिए जाने वाले इस पुरस्कार से सम्मानित किये जाने वाले प्रो० वर्मा पहले एशियाई थे। दिसम्बर 2002 में प्रदान किये गए इस पुरस्कार को पाने वाले दूसरे विद्वान न्यूयार्क के कारॅवैन डेन ल्यूवेन थे, जिन्हें एक कवि व एन्थोलोजिस्ट के रूप में उत्तरी अमरीका में हाइकु के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए चुना गया था ।प्रो० वर्मा व ल्यूवेन को दिए गए हाइकु पुरस्कारों की स्थापना आधुनिक जापानी हाइकु कवि मासाओका शिकि (1867-1902) के नाम पर जापान में की गई है।

भारत को जापानी हाइकु से सीधेझ्र सीधे परिचित कराने वाले प्रो. सत्यभूषण वर्मा पहले व्यक्ति थे। उन्होंने जापानी हाइकु कविताओं का हिन्दी में अनुवाद तो किया ही फरवरी 1978 से अन्तदेर्शीय पत्र पर 'हाइकु' नाम से लघु पत्र का प्रकाशन भी प्रारंभ किया। पत्र का प्रकाशन अगस्त 1986 तक चला लेकिन इस अवधि में हाइकु के प्रकाशित 26 अंको ने हिन्दी ही नहीं अन्य भारतीय भाषाओं में भी हाइकु सृजन को आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करने की आधार-पीठिका तैयार करने का अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य किया।

हिन्दी हाइकु के प्रति प्रो.वर्मा के अन्दर हमेशा एक खास तरह की निस्संगता और निस्पृहता का ही भाव रहा। वे यद्यपि पुस्तकों की भूमिकाओं में उनके रचनाकारों के प्रति थोड़े उदार अवश्य होते थे लेकिन अपने लेखों भाषणों एवं साक्षात्कारों में हिन्दी हाइकु के प्रति अपेक्षाकृत निर्ममता से पेश आते थे। इसके मूल में हिन्दी हाइकु कविताओं की प्रकृति से दूरी ही मुख्य कारण नजर आती है। वे जापानी की तरह ही हिन्दी हाइकु में भी ऋतु सूचक शब्दों की उपस्थिति एवं प्रकृति से जुड़ाव को एक सीमा तक अनिवार्य मानते थे और इसीलिए जहाँ भी इनका अभाव दिखाई देता था वे सख्त हो जाते थे। अपनी इस प्रतिबद्धता के चलते उन्होंने अपने जीवन के अन्त तक हिन्दी में हाइकु की प्रगति को उसकी शैशवावस्था के रूप में ही देखा। कदाचित इस कारण ही वे हाइकु कविताओं पर चल रहे शोध कार्यों को भी बहुत महत्वपूर्ण कार्य के रूप में स्वीकार नहीं कर पाते थे। वस्तुतः हाइकु का जो पौधा उन्होंने हिन्दी में अपने हाथों से रोपा था और जिसे अपने सामने ही पुष्पित-पल्लवित होते देखा था उससे उनकी अपनी अपेक्षाएँ थीं। वे प्रकारान्तर से हिन्दी हाइकु में जापानी हाइकु की प्रतिछवि ही देखना चाहते थे। लेकिन साहित्य की दुनिया उनकी अपनी अपेक्षाओं से ही तो नहीं संचालित होने वाली थी।








हिन्दी में हाइकु ने प्रकृति को स्वीकार तो किया लेकिन उसके अनिवार्य अंग के रूप में नहीं और इसलिए सेनर्यू एवं हाइकु की दीवार भी हिन्दी में आकर बिखर गयी और हाइकु ने खालिस भारतीय रंग में अपने आपको रंग लिया। सच्चाई तो यह थी कि यह हाइकु की जापानी आत्मा का भारतीयकरण था जो वर्मा जी की ही छत्रझ्रछाया में उनके चाहे-अनचाहे अपना रूप ले रहा था। लेकिन ऐसा भी नहीं रहा कि इस भारतीयकरण को प्रो. वर्मा ने सिरे से ही नकार दिया हो। वे हाइकु के भारतीय संस्करण में परिलक्षित हो रहे परिवर्तनों को भी देख रहे थे और दूसरी तरफ जापानी हाइकु और जापानी संस्कृति से गहरे तक जुड़ा उनका मन हाइकु की उन विशिष्टताओं और प्रवृत्तियों को भी सामने रख रहा था जिनके बरक्स हिन्दी हाइकु ने अपनी यात्रा प्रारम्भ की थी। यदि ऐसा न होता तो वे हाइकु के लिए रायबरेली से लेकर होशंगाबाद तक की यात्रा करने को राजी न होते।

प्रो. वर्मा ने कमोबेश किसी सन्त जैसा ही जीवन जिया। कोई भी नया से नया रचनाकार उनकी रुचि के विषयों पर विचार-विमर्श हेतु बराबरी के स्तर पर उनके साथ शामिल हो सकता था। वे उसकी बातों पर पूरा ध्यान देते थे और उतनी ही आपसदारी के साथ अपनी बात भी कहते थे। यद्यपि वे स्वयं कभी हाइकु कवि नहीं बने लेकिन हाइकु कविता उनके जीवन के अन्यतम लक्ष्यों में से एक रही। अज्ञेय ने तो हिन्दी में हाइकु की संक्षिप्त चर्चा भर की थी उसे देश भर में चर्चित करने का श्रेय तो प्रो. वर्मा को ही जाता है। उन्होंने हाइकु की गंगा को भगीरथ की तरह अपनी जटाओं में सँभाला। यही कारण है कि प्रो.वर्मा की चर्चा के बिना हाइकु की कोई भी चर्चा पूरी नहीं होती है ।उनसे बार-बार मिलते रहने के बावजूद यह तय कर पाना मुश्किल होता था कि उनके अन्दर भारत कितना है और कितना जापान। ऐसा लगता था कि दोनों ही देश उनके अंदर कुछ इस तरह एकाकार हो गए हैं कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। हाइकु कविता उनके ऐसे ही तन-मन का वह अलग कोना थी, जहाँ से उठने वाली रोशनी हिन्दी हाइकु को भी आलोकित करती रहती है। हममें से बहुतों ने उनकी पुस्तकों या उनकी संदर्भित टिप्पणियों के आधार पर ही हाइकु को सीखा और जाना है। वही हाइकु जिसे लिखना आ जाये तो वह गूँगे का गुड़ बन जाता है या फिर गागर में सागर बनकर शब्द और अर्थ को नई अर्थवत्ता प्रदान कर डालता है।

प्रो. सत्यभूषण वर्मा को टीस होती थी कि लोग केवल 5-7-5 के फार्म को पकड़कर बैठ गए हैं हाइकु की आत्मा से साक्षात्कार नहीं करना चाहते। जब तक ऐसा नहीं होगा अर्थवान मूल्यवान और प्राणवान हाइकु का सृजन कैसे होगा ?

वे हाइकु सृजन को 'शब्दों की साधना' मानते थे लेकिन साधना को अभ्यास समझ लिया गया। आज हिन्दी में जिस परिमाण में भी हाइकु रचनाओं का सृजन हो रहा है गुणवत्ता उसमें कई बार विलीन नजर आती है। हम हाइकु को एक कविता- सम्पूर्ण कविता की गरिमा और जीवन्तता प्रदान करने के बजाय छन्द के रूप में उसके उपयोग की जल्दबाजी में हैं। हम सीधे, सहज और व्यापक अर्थगर्भी हाइकु कविताओं का सृजन कर सकें तो यह प्रो. सत्य भूषण वर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व के प्रति आत्मीय श्रद्धांजलि होगी।

प्रो. सत्य भूषण वर्मा का जीवन हाइकु कविता जैसा ही तो था सीधा सादा भाव प्रवण व्यापक और मानवीय सौन्दर्य की आभा से प्रकाशमान ! प्रो. वर्मा के देहावसान के वर्ष से ही उनके जन्मदिन 4 दिसंबर को 'हाइकु दिवस' के रूप में याद करते हुए हिंदी हाइकु-जगत कृत-कृत्य अनुभव करता आ रहा है।

**( लेखक कवि एवं चिंतक हैं, संपर्क 9968296694)**

### हिंदी कविता में हाइकु

**ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि'**



हाइकु जापान की यह एक लोकप्रिय काव्यविधा है। हाइकु मूल रूप से सत्रह अक्षरों की त्रिपदी कविता है जो तीन पंक्तियों में पूरी होती है। इसके प्रथम और तृतीय पंक्ति में 5-5 तथा मध्य की पंक्ति में 7 अक्षर होते हैं। इसमें सभी पंक्तियों के बीच एक सामंजस्य होना चाहिये और तीनों पंक्तियों की अलग अलग सार्थकता होनी चाहिये। यह विश्व की सबसे छोटी कविता मानी जाती है। इसकी लघुता के कारण ही हिन्दी और जापानी भाषा के विद्वान डॉ. सत्यभूषण वर्मा ने इसे शब्द की साधना का माध्यम बताया है। हाइकु के सम्बंध में गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर कहते हैं ' तीन पंक्तियों की कविता संसार में और कहीं नहीं है। यही तीन पंक्तियाँ उसके कवि और पाठक दोनों के लिए यथेष्ट है। उनका हृदय झरने के जल की तरह शब्द नहीं करता, सरोवर के जल की भांति शांत रहता है।' रवीन्द्र नाथ ठाकुर ने अपनी जापान यात्रा से लौटने के बाद 1916 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'जापान यात्री ' में हाइकु का सर्वप्रथम परिचय दिया था। हिंदी में अज्ञेय ने अपने काव्य संग्रह 'अरी ओ करुणा प्रभामय' (1959) में हाइकु का उल्लेख किया है। इसमें हाइकु के अनुवाद भी हैं। अज्ञेय हाइकु से बहुत प्रभावित थे लेकिन उन्होंने हाइकु के नाम से जो रचनाएं प्रस्तुत की हैं, वे हाइकु की कोटि में नहीं आती। उन्हें हाइकू शैली में लिखी हुई रचनाएं कहा जा सकता हैं। हाइकु का मुख्य अनुशासन उसकी सत्रह अक्षरों की सीमा है और अज्ञेय के हाइकु इससे काफी भिन्न हैं। स्वयं अज्ञेय जी ने भी इस बात को स्पष्ट किया है कि उनकी रचनाएँ सिर्फ हाइकु से प्रभावित रचनाएं हैं।

वर्तमान समय में हाइकु पर्याप्त प्रतिष्ठा प्राप्त विधा है। हिंदी हाइकु ने जापानी हाइकू के शिल्पगत बन्धन को यथावत स्वीकार किया है। हिंदी हाइकु में भी किसी अनुभूत सत्य की ओर संकेत किया जाता है। हाइकु का भावार्थ लक्षणा और व्यंजना में निहित होता है। डॉ. लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय कहते हैं - 'हिंदी हाइकु जापानी हाइकु का अंधानुकरण नहीं है, उसने हिंदी कविता को नई दिशा प्रदान की है। हिंदी कविता के व्यापक होते हुये क्षितिज का आधुनिकतम प्रतीक है हाइकु कविता । जिस प्रकार अज्ञेय ने तारसप्तक निकाल कर कविता को नई दिशा दी थी, उसी प्रकार प्रत्येक दस वर्ष में हिंदी के प्रमुख हाइकुकारों का एक प्रामाणिक संकलन निकाल कर कमलेश भट्ट 'कमल' हिन्दी कविता में एक नया इतिहास रच रहे हैं। कमल जी के सम्पादन में अबतक 'हाइकू 1989', हाइकू 1999' व 'हाइकू 2009' नाम से जो तीन विशिष्ट संकलन आये हैं वो हिंदी हाइकु कविता के लिए मील का पत्थर साबित हुये हैं।

**( लेखक राणा प्रताप पीजी कालेज सुलतानपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर और चर्चित टिप्पणीकार हैं )**

---

# ईवीएम की विश्वसनीयता का प्रश्न

## सामयिकी

**तनवीर जाफरी**



भारत में ईवीएम अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का चलन कोई बहुत पुराना नहीं है। 1990 के दशक तक तो चुनावों के दौरान कागज के मतपत्रों अथवा बैलट पेपर का ही उपयोग किया जाता था। चूँकि भारत की गिनती विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में होती है इसलिये यहाँ पर्याप्त मात्रा में कागज के मतपत्रों के अतिरिक्त इनकी छपाई, मतपत्र व मत पेटियों के आवागमन(परिवहन ), इनके भंडारण और मतपत्रों की गिनती हेतु पर्याप्त संसाधनों की आवश्यकता होती थी। इन बैलेट पेपर्स में धोखाधड़ी वाले मतदान और बूथ कैप्चरिंग की संभावना तो थी ही,साथ ही बूथों पर कब्जा करने व उनमें जाली मतपत्र भरने की घटनायें भी सामने आती रहती थीं। इस तरह की अनियमिताओं की शुरूआत हालांकि 1950 के दशक के उत्तरार्ध से ही शुरू हो चुकी थी परन्तु 1950 और 1980 के दशक के बीच यह समस्या निरंतर बढ़ती चली गई। कुछ राज्यों में तो चुनाव,धांधली व बूथ कब्जा को लेकर बड़े पैमाने पर हिंसा भी हुआ करती थी। भारत के चुनाव आयोग ने इन्हीं समस्याओं से निजात पाने की गरज से 1970 के दशक के उत्तरार्ध में इस समस्या का समाधान खोजा जिसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का विकास हुआ। इस प्रणाली को भारत के चुनाव आयोग के लिए राज्य के स्वामित्व वाली इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा विकसित किया गया था। 1990 के दशक के उत्तरार्ध में उन्हें चरणबद्ध तरीके से भारतीय चुनावों में पेश किया गया था। भारतीय चुनाव आयोग हमेशा यह दावा करता रहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, सिस्टम जाँच, सुरक्षा प्रक्रियाएँ और चुनाव प्रोटोकॉल आदि किसी से भी छेड़छाड़ नहीं की जा सकती।

परन्तु ईवीएम के प्रचलन में आने के फौरन बाद से ही इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठने खड़े हो चुके थे। कांग्रेस के शासन काल में शुरू की गयी ई वी एम से मतदान प्रक्रिया का न केवल लाल कृष्ण आडवाणी व सुब्रमण्यम स्वामी जैसे नेता विरोध करते रहे हैं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वयं पहले ईवीएम पर सवाल उठा चुके हैं और इसकी विश्वसनीयता पर संदेह जताते रहे हैं। देश के कई साफ़्ट वेयर विशेषज्ञ भी यह दावा कर चुके हैं कि ईवीएम के साथ छेड़ छाड़ की जा सकती है। देश में विभिन्न सामाजिक संगठन भी ईवीएम के विरोध स्वरूप कई बार आंदोलित हो चुके हैं। परन्तु अभी तक किसी राजनैतिक दल ने ईवीएम से चुनाव कराने के विरोध में जनांदोलन करने की घोषणा नहीं की । यह पहला अवसर है जब कांग्रेस ने आगामी 26 दिसंबर से कर्नाटक के बेलगाम से ईवीएम के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। 26 दिसंबर को बेलगाम में पहले कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी उसके बाद एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी। और यहीं से कांग्रेस ईवीएम के विरुद्ध सड़कों पर उतरकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने जा रही है। कांग्रेस के अनुसार जिस तरह लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नफरत की राजनीति के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, उसी तर्ज.पर बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने के समर्थन में व्यापक राष्ट्रीय जन समर्थन जुटाने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में देशव्यापी भारत जोड़ो यात्रा निकाली जाएगी।

कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दलों के नेता वैसे तो अपने अपने स्तर पर ईवीएम का विरोध करते रहे हैं। परन्तु जब भी चुनावी नतीजे विपक्षी दलों के पक्ष में जाते हैं उस समय ईवीएम का विरोध करने वाले यही दल व नेता अपनी जीत के जश्न में डूबकर यह भूल जाते हैं कि जिस ईवीएम ने उन्हें जीत दिलाई है वह संदिग्ध है? बजाये इसके वही विपक्ष अपनी जीत को सत्ता के विरुद्ध जनता का फरमान बताने लगता है। परन्तु पिछले दिनों देश के सर्वोच्च न्यायलय ने एक बार फिर ईवीएम का विरोध करने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुये विपक्षी दलों को आईना दिखाया और अपनी टिप्पणी में अदालत ने याचिकाकर्ता से कहा कि ₹इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से राजनीतिक पार्टियों को दिक़्क़त नहीं है, आपको क्यों है? ऐसे आइडिया कहां से लाते हो.₹ अदालत ने कहा, ₹चंद्रबाबू नायडू या जगन मोहन रेड्डी जब चुनाव हार जाते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ होती है. जब वे जीतते हैं, तो ईवीएम में सब ठीक रहता है?₹इसी अदालती निर्णय के बाद कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर ईवीएम का विरोध करने का निर्णय लिया है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि जिस तरह प्रत्येक चुनावों के दौरान ईवीएम को लेकर संदेहपूर्ण खबरें आती हैं। कहीं से ईवीएम गायब होने का समाचार मिलता है तो कहीं अनिधकृत रूप से ईवीएम पकड़ी जाती हैं। कहीं इन मशीनों का आवागमन संदिग्ध रहता है तो कहीं से यह खबर आती है कि मतदाता ने वोट तो किसी अन्य दल को दिया परन्तु वी वी पैट में किसी दूसरे दल का निशान नजर आया। कई बार यह भी हो चुका है कि पोल सम्बन्धी सभी भविष्यवाणियां यहाँ तक कि राजनैतिक दलों व विशेषज्ञों के सभी आंकलनों को धत्ता बताने वाले हैरत अंगेज चुनाव नतीजे सामने आये। तब भी संदेह ईवीएम की कार्यप्रणाली पर ही जाता है। परन्तु अदालत का यह कहना बिल्कुल दुरुस्त है कि यदि 'आप हार जाएं तो ईवीएम खराब और जीतें तो सब ठीक' ? उधर कांग्रेस चुनाव आयोग की कार्यशैली व चुनाव प्रक्रिया को संदेह पूर्ण बता रही है। इसलिए कांग्रेस इसको लेकर जनांदोलन के द्वारा जनता के बीच जाएगी और इस मुद्दे पर जनता से संवाद करेगी। वैसे भी एलन मस्क जैसे उद्योगपति भी यह कह चुके हैं कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। एलन मस्क ने 150 से अधिक देशों का दौरा किया है और यह पाया कि अधिकांश देशों ने बैलेट पेपर वोटिंग को अपनाया है और यही तर्क दिया कि भारत को भी यही तरीका अपनाना चाहिए।

ईवीएम की कार्यप्रणाली पर संदेह का मामला किसी एक दल की हार या जीत तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह उस भारतीय लोकतंत्र की शुचिता का सवाल है जो दुनिया के समक्ष एक आदर्श चुनाव की मिसाल पेश करने के दावे करता है। साथ ही देश के करोड़ों मतदाताओं को भी इस बात का यकीन होना जरूरी है कि जिस दल अथवा प्रत्याशी को उसने वोट दिया है वह सही जगह पर पहुंचा भी या नहीं ? इसलिये चुनावी पारदर्शिता की खातिर ईवीएम को लेकर कांग्रेस का जनांदोलन लोकतंत्र को बचाने व जीवित रखने की दिशा में उठाया गया एक कदम तो जरूर है परन्तु यह भी सच है कि कांग्रेस ने इस निर्णय तक आते आते बहुत देर कर दी।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9896219228 )**

---

## व्यंग्य

# मूंगफली के फायदे



**अरविंद तिवारी**

संसद के हंगामे ने बताया शीतकाल शुरू हो गया है ।सदन में हर बंदा सर्दी से मुक्ति पाने की कोशिश में है ।गर्मागर्म बहस से ज्यादा गर्मी हंगामे में होती है ।हंगामे के दौरान हाथपाई की संभावना बनी रहती है ।सर्दी में इसे हाथ की सिकाई बोला जाता है। अलाव के सहारे बैठे हों या सदन में हंगामे के सहारे,दोनों ही उपक्रम गर्मी पाने के लिए होते हैं ।गरीब लोग सदन का मुंह नहीं देख पाते ।कई बार उन्हें अलाव भी मयस्सर नहीं हो पाता ।दिल्ली में कोई अलाव जला ले तो उसपर पराली जलाने का आरोप लग जाता है ।वहां सियासी दल एक दूसरे की पराली जला रहे हैं ।सदन में आग के लिए कुछ जलाना नहीं पड़ता ।बयानों से ही सदन सुलग जाता है।

सर्दी में मूंगफली खूब खाई जाती है ।महंगी होने के बाद भी इसे गरीबों की मेवा कहा जाता है ।सर्दी में गर्मी का एहसास करवाने वाली मूंगफली हमारे देश में खूब खाई जाती है ।खाने के मामले में यह रिश्वत से पिछड़ जाती है क्योंकि यह केवल सर्दियों में खाई जाती है ।रिश्वत किसी भी मौसम में खा सकते हैं ।रिश्वत के मामले में देश काल नहीं देखा जाता ।रिश्वत की कहानी देश काल से परे होती है ।सर्दी में मूंगफली उसी तरह अच्छी लगती है जैसे मुगले आजम फिल्म में अनारकली !पुराने लोग पुरानी उपमा से काम चला लेते हैं ।काजू बादाम का नाश्ता करके आया व्यक्ति भी पराई मूंगफली पर टूट पड़ता है ।पराई मूंगफली आपके व्यक्तित्व को बदल देती है ।कई इलाकों में इसे सींगदाना बोला जाता है जैसे देसी शराब के पाउच को गांवों में पैमाना बोला जाता है ।गरीबों की सब्जी आलू और गरीबों की मेवा मूंगफली दोनों ही महंगे बिक रहे हैं ।इनसे भारत की डी जी पी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है।

मूंगफली सौहार्द उत्पन्न करती है ।सरकार गठन से लेकर मोहल्ले के झगड़ों का निपटारा करने की कुव्वत रखती है मूंगफली ।सामने वाले को मूंगफली खिला दो तो वह गृह मंत्रालय की जिद छोड़ देगा ।बच्चन जी ने मधुशाला में कहा है,मंदिर मस्जिद बैर कराते,मेल कराती मधुशाला ।पर जो लोग मधुशाला नहीं जाते उनके बारे में बच्चन जी मौन हैं ।दरअसल जो लोग मधुशाला नहीं जाते उनमें मेल कराने का काम मूंगफली करती है ।पर यह पीने वालों के काम भी आती है ।इस मूंगफली को चखने के तौर पर काम में लिया जाता है ।उनकी बात अलग है जो एक पापड़ के टुकड़े से पूरी बोतल डकार जाते हैं ।कायदे से पीने वाले नमकीन मूंगफली के साथ ही पीते हैं ।नहीं पीने वाला यदि साथ बैठा हो तो वह मूंगफली के दाने टूंगकर ही खुमारी ओढ़ लेता है ।मूंगफली गुस्से को उसी तरह शांत करती है जैसे पानी आग बुझाता है ।सामने वाला अगर राशन पानी लेकर पिल पड़ा है तो उसके सामने मूंगफली बिखेर दो ।मूंगफली सामने वाले पर सवार हो जाएगी ।वह मूल मुद्दे को भूल जाएगा और संविधान पर चर्चा करने लगेगा ।जो मुद्दा आम चुनाव में काम आता है वही मुद्दा आम आदमी का मुद्दा माना जाता है ।बाकी स्वास्थ्य,शिक्षा,शांति व्यवस्था तो गौण मुद्दे हैं। इन्हें उठाने वाले सांसद मूंगफली के स्वाद से वंचित रहते हैं ।सदन में हंसी के पात्र बन जाते हैं।

सर्दियों में धरना प्रदर्शन बहुत होता है ।किसान आंदोलनों का यही मुफीद वक्त होता है ।फसल बोने के बाद किसान फुर्सत में होते हैं ।सरकार उन्हें दिल्ली कूच करने से रोक देती है ।पर किसान अपना गुस्सा रोकने की कोशिश में मूंगफली खाने लगते हैं ।कई कई दिनों का धरना बहुत मुश्किल हो जाता,अगर मूंगफली नहीं होती। मूंगफली गांधीगीरी का अचूक हथियार है ।बाबू रिश्वत मांगे तो उसे गुलाब का फूल भेंट मत करो ।उसकी टेबल पर सौ ग्राम मूंगफली फैला दो ।बाबू मूंगफली के आगे फैलकर ढेर हो जाएगा ।गुलाब का फूल बहुत महंगा होता है ।बाबू जब मूंगफली खाएगा तो आपका काम हो जाएगा ।रिश्वत पूरी नहीं लगेगी ।थोड़े से पैसों में बाबू मान जायेगा ।कई लोग जल्दी जल्दी मूंगफली खाने के आदी होते हैं ।ये लोग मूंगफली पर ऐसे टूट पड़ते हैं जैसे आजकल रूस यूक्रेन पर टूट पड़ा है ।वह युद्ध को शीघ्र खत्म करने के मूड में है ।पुतिन जी को भारत के पी एम ने नए साल में बुलाया है ।मौका अच्छा है ।सर्दी में उन्हें मूंगफली खिलाई जा सकती है। मूंगफली खाकर वह शांति के प्रस्ताव पर तैयार हो सकते हैं ।जब मोहल्ले के बच्चों की लड़ाई यह मूंगफली बंद करवा सकती है तो दो देशों के बीच सुलह क्यों नहीं करवा सकती।

क्षेपक यह है कि आज व्यंग्य का विषय नहीं सूझ रहा था इसलिए मैंने टेबल पर मूंगफली की पुड़िया खोल ली ।मूंगफली खाते हुए मुझे दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ, एक व्यंग्य मूंगफली पर लिखा जाए।अभी मैंने नमक की पुड़िया नहीं खोली है।अगर पुड़िया खोल लेता तो यह व्यंग्य और मारक हो जाता।

**( लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

# लूट के मामले में 55 हजार के इनामी समेत दो आरोपित गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**कामयाबी**

**शहर कोतवाली थाना पुलिस व गाजियाबाद एसटीएफ टीम की कार्रवाई**

**परिक्षेत्र स्तर पर 50 और हरियाणा में घोषित था पांच हजार का इनाम**

**मोजरापुर से मुबारकपुर जाने वाले मार्ग पर होने की पुलिस को मिली थी सूचना**

**आजमगढ़।** शहर कोतवाली पुलिस और गाजियाबाद एसटीएफ टीम की कार्रवाई में सोमवार को 55 हजार के इनामी लुटेरे सहित दो आरोपित हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए कपिल के ऊपर लखनऊ समेत विभिन्न थानों में 15 मुकदमें दर्ज हैं। उसके ऊपर परिक्षेत्र स्तर पर 50 और हरियाणा में 5 हजार का इनाम घोषित था।

इस मामले में सुभाषचन्द पाण्डेय पुत्र श्रीनाथ पाण्डेय निवासी डिफेन्स कालोनी हीरापट्टी, थाना कोतवाली की ओर से शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 19 फरवरी को सुबह करीब 10.15 बजे पत्नी विजय लक्ष्मी पाण्डेय घर के सामने झाड़ू लगा रही थीं कि उसी समय एक आदमी बाइक से आया और उसी के साथ दूसरा आदमी पैदल था। दोनों ने पत्नी को धक्का देकर कान की बाली और गले की सोने की चेन खींचकर भाग गया। तहरीर के आधार पर लूट का मुकदमा पंजीकृत किया गया।

एसटीएफ गाजियाबाद यूनिट व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम आरोपितों की तलाश में जुटी थी कि सूचना के आधार पर टारोपितों कपिल निवासी डेरा भागीरथ थाना झिंझाना जनपद शामली व विजय कुमार उर्फ धनराज निवासी खानपुर कला थाना झिंझाना जनपद शामली को तमसा नदी पुल पश्चिमी छोर ग्राम मोजरापुर से मुबारकपुर जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया। विजय कुमार उर्फ धनराज के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि 19 फरवरी को हीरापट्टी में साथी शोभित उर्फ कल्लू गौतम व सुमित रैदास के साथ व एक साथी और के साथ मिलकर एक महिला का गले का सोने का चेन छीनकर भाग गए थे। इसमें शोभित उर्फ कल्लू व सुमित पहले ही पकड़े गए।

### कपिल पर लखनऊ में 15 और विजय पर नौ मुकदमे

**आजमगढ़।** लूट के मामले में गाजियाबाद एसटीएफ टीम के सहयोग से पकड़े गए आरोपित शातिर अपराधी हैं। इसमें कपिल पर लखनऊ में 15 तो विजय पर नौ मुकदमें दर्ज हैं।

### आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में यह रहे शामिल

**आजमगढ़।** आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआइ अक्षय परवीर कुमार त्यागी, हेड कांस्टेबल जय कुमार, आरक्षी राजन कुमार, मुकेश सिंह, सुनील कुमार, एसटीएफ टीम गाजियाबाद यूनिट के एसआइ देवेन्द्रनाथ दूबे, चौकी प्रभारी बलरामपुर, एसआइ राज नारायण पांडेय चौकी प्रभारी बदरका, हेड कांस्टेबल सतीश यादव, आरक्षी राजन कुमार, जितेन्द्र यादव, मार्तण्ड कुमार शामिल रहे।

# वादकारी और विपक्षी अधिवक्ता में मारपीट

जनसंदेश न्यूज

**विवाद**

**घंटों तहसील परिसर में मची रही अफरा-तफरी**

**एसडीएम व पुलिस के हस्तक्षेप से मामला हुआ शांत**

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील परिसर में मंगलवार को अधिवक्ता और वादकारी मुकदमें की पैरवी को लेकर आपस में भिड़ गये। जिससे तहसील परिसर में घंटों भगदड़ की स्थिति बनी रही और लोग इधर उधर भागते रहे। जानकारी होते ही एसडीएम अतुल कुमार गुप्ता ने पुलिस फोर्स को बुलाया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने मामले को शांत कराया।


घटना के बाद तहसील परिसर में तैनात पुलिस फोर्स।

निजामाबाद कस्बा के एक अध्यापक और उसके भाई तहसील में आए हुए थे और अपने विपक्षी अधिवक्ता से मारपीट करने लगे। इसकी सूचना मिलते ही अधिवक्ता घटना स्थल पहुंचकर जमकर मारपीट करने लगे। घटना कि सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निजामाबाद हिरेंद्र प्रताप सिंह अपने हमराहियों के साथ पहुंचकर मामले को शांत कराया। तहसील में भारी संख्या में घंटो फोर्स तैनात रही जिसके कारण बहुत से वादकारी बगैर अपना मुकदमा देखें घर चले गये। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों ने मारपीट के बाद आपस में सुलह कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

# मास्टर प्लान शीघ्र तैयार करें जिम्मेदार : मण्डलायुक्त

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान की अध्यक्षता में आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की 22वीं बोर्ड बैठक एवं अवस्थापना समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

मण्डलायुक्त श्री चौहान ने बोर्ड बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान निर्देश दिया कि आजमगढ़ विकास प्राधिकरण के विस्तारित विकास क्षेत्र की सीमा में सम्मिलित मुबारकपुर नगर पालिका, निजामाबद एवं जहानागंज नगर पंचायत तथा 483 नये राजस्व ग्रामों का मास्टर प्लान शीघ्र कमेटी गठित कर तैयार किया जाय, ताकि उसके अनुसार विकास प्राधिकरण से नक्शे पास करने तथा अन्य विकास कार्यों के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निर्माण हेतु जो नक्शे पास किए जा रहे हैं, उसकी मानीटनिंग सुनिश्चित की जाय, यदि नक्शे के विपरीत निर्माण कार्य पाया जाता है तो प्रारम्भिक स्तर पर ही प्रभावी कार्रवाई की जाय। आजमगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत भवन निर्माण हेतु नक्शा पास किए जाने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि इसके लिए नगर पालिका से अनापत्ति प्रामण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही विकास प्राधिकरण के स्तर पर नक्शा पास करने की कार्यवाही की जाती है। भू-उपयोग प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्रत्येक माह बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं। वास्तविक आवेदन प्राप्त होने एवं आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की आय बढ़ाने के दृष्टिगत अन्य विकास प्राधिकरणों की भांति भू-उपयोग प्रमाण पत्र हेतु शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया। बैठक में मनोनीत सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि नक्शा पास करने हेतु एक से अधिक बार आपत्तियॉं लगाये जाने से अध्यासियों को अनावश्यक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष, आजमगढ़ विकास प्राधिकरण नवनीत सिंह चहल ने निर्देश दिया कि जो भी आपत्तियॉं हैं उसे एक बार में ही इंगित की जाय। उन्होंने यह भी कहा कि इस सम्बन्ध में पूर्व में दिशा निर्देश निर्गत किए गये हैं, जिसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।


बैठक को सम्बोधित करते मण्डलायुक्त।

### छात्र-छात्राओं को दी गई उद्यमिता गुणों के विकास की जानकारी

**लालगंज (आजमगढ़)।** राजकीय इंजीनियरिंग कालेज देवगांव के एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल द्वारा छात्र छात्राओं के मध्य उद्यमिता के गुणों के विकास को लेकर एक दिवसीय स्टार्टअप लाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो बी के त्रिपाठी ने किया और प्रतिभागियों को अधिक से अधिक नवाचारों पर कार्य करने की प्रेरणा दी। संस्थान के कुलसचिव एवं एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल के समन्वयक डॉ. अम्बरीष सिंह ने स्टार्टअप स्पॉटलाइट के आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि कुल 13 टीमें द्वारा अपने बिजनेस इडिया को प्रस्तुत किया गया जिसमें चयनित एक टीम को कम्पनी के रूप में रजिस्टर कराने के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। आज के कार्यक्रम में संस्थान द्वारा स्किल लांसर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी से एक एमओयू भी किया गया जो संस्थान के छात्र छात्राओं को कम्पनी बनाने और उसे चलाने में सहयोग प्रदान करेगा। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ कौशल शुक्ला, श्री विशाल कुमार, श्री आसिफ अंसारी एवं श्री सावेंद्र प्रताप सिंह ने सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी विभागाध्यक्षों सहित अन्य शिक्षकों एवं एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल के सदस्य छात्र छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

**कोहराम**

**एक घायल, हालत गंभीर हायर सेंटर रेफर**

**शादी समारोह से घर लौटते समय हुआ हादसा**

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया(आजमगढ़)।** सोमवार की शाम लगभग 7.30 बजे थाना क्षेत्र के जमीन नंदना के समीप सड़क पर अचानक किसी जानवर के आ जाने से चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए और शव को अपने कब्जे में ले लिया। दुर्घटना के समय युवक शादी समारोह से घर लौट रहा था।


प्रियांशु चौबे (फाइल फोटो)।


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।

प्रियांशु चौबे 17 वर्ष पुत्र प्रमोद चौबे निवासी संगहापुर, राजे सुल्तानपुर जनपद अंबेडकर नगर अपनी मौसी के घर से अंबेडकर नगर के जलालपुर एक शादी समारोह में गया था। रात को लगभग 7.30 बजे घर वापस आ रहा था कि थाना क्षेत्र के जमीन नंदना (मांझीपुर) के समीप किसी जानवर के टकरा जाने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और खाई में पलट गई जिसमें प्रियांशु चौबे की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। एक अन्य सवार अजय शुक्ला पुत्र अशोक शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको नजदीकी सौ शैय्या अस्पताल लाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने हायर सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। मृतक प्रियांशु चौबे दो भाइयों में सबसे छोटा था वही बड़ा भाई दिव्यांग है। मृतक के पिता प्रमोद चौबे पैरालिसिस से पीड़ित हैं। प्रियांशु चौबे ही इकलौता घर की देखभाल करने वाला युवक था जिसके ऊपर घर की जिम्मेदारी थी, वह भी काल के गाल में समा गया। मृतक के पास दो बहने भी हैं। पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# यूपी में इस समय है कानून का राज

**बोले ओम प्रकाश**

**8 दिसम्बर को होगी महिला जागरूकता रैली**

**तैयारियों का लिया जायजा बैठक में की समीक्षा**

जनसंदेश न्यूज


समीक्षा बैठक करते पंचायती राजमंत्री ओमप्रकाश राजभर।

**अतरौलिया।** सोमवार को निरीक्षण भवन अतरौलिया में आगामी 8 दिसंबर को कौड़िया में सुहेलदेव समाज पार्टी द्वारा होने वाली महिला जागरुकता रैली की तैयारी की समीक्षा बैठक पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस समय कानून का राज है जो कानून तोड़ने का कार्य करेगा उसके खिलाफ कानून सख्ती से निपटेगा। संभल के दंगे पर उन्होंने कहा कि सपा सरकार में 815 दंगे, और 1300 लोगों की जान गई है। बसपा सरकार में 600 दंगे और 12 सौ लोगों की जान गई है। कांग्रेस ने तो दोनों का रिकार्ड तोड़ा है। पत्रकारों को बोलने का अधिकार भी नही था। लाखों लोगों को जेल में इमरजेंसी लगाकर डाल दिया। संभल की साठ प्रतिशत आबादी अकेली अल्पसंख्यकों की है। वहां के विधायक से उबकर एक बहुत बड़ा तबके ने भाजपा को वोट किया तो दूसरा तबके ने भाजपा का विरोध किया है। यह उन्हीं दोनों के बीच का झगड़ा है जिसमें विपक्ष शामिल है। भाजपा के गुलाम नहीं हैं के बयान पर उन्होंने कहा कि आजमगढ़ जिले के अहरौला ब्लाक में भागीदारी पार्टी का एक कार्यक्रम था जिसमें लोगों ने आरोप लगाया कि ओमप्रकाश राजभर नहीं आएंगे मगर हमने कार्यकर्ताओं से कहा आप लोग कार्यक्रम की तैयारी करिए हम जरूर पहुचेंगे।

मंच के नीचे शराब पीने वाले आरोप पर उन्होंने कहा कि यह समाजवादी पार्टी की साजिश है। प्रदेश में 2027 के चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि आगामी 8 दिसंबर की होने वाली रैली में स्पष्ट हो जाएगा कि एनडीए गठबंधन की वापसी 2027 में उत्तर प्रदेश में होने वाली है। इस मौके पर डीडी पंचायत संजय कुमार, डीपीआरओ कुंवर सिंह यादव,मक्कल यादव, जयप्रकाश, राधिका पटेल, गोपाल राजभर, पुजारी राजभर, शिबली सिंह, वकील चौरसिया, चंद्रजीत राजभर, संतोष निषाद आदि मौजूद थे।

## पंखे से लटक कर युवती ने दी जान

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोठियां गांव में युवती ने पंखे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोठिया गांव निवासी दीक्षित विश्वकर्मा 27वर्ष पुत्री रामनारायण सोमावार की शाम घर पर अकेली थी। परिवार के लोग पड़ोस की शादी में गये थे। शाम तकरीबन साढ़े सात बजे पिता घर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर नहीं खुला तो किसी तरह दरवाजा खोल कर अंदर घुसे तो पुत्री को फंदे से लटकता देख सन्न रह गये। किशोरी पंखे में दुपट्टे का फंदा लगाकर लटक रही थी। परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। परिजन कारण पर अनभिज्ञता जताते रहे। मृतका दो भाई दो बहन में सबसे छोटी थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम आने के बाद कारण स्पष्ट होगा। मंगलवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मानसिक दिव्यांग बच्चों के बीच आयोजित हुई प्रतियोगिता

## विजेता प्रतिभागियों को दिया गया पुरस्कार

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** कैलाशी महिला विकास समिति द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को मानसिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय ध्यानीपुर, लोहरा, में गोली चम्मच रेस, फुटबाल, कबड्डी और कुर्सी दौड़ खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ट्रेनर विजयमणि द्वारा मानसिक दिव्यांग बच्चों की टीम बनाकर सभी खेल कराया गया।


फुटबाल खेलते दिव्यांग बच्चे।

संस्था के संचालक योगेन्द्र ने उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं के बारें में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने नाच गाने का भी कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि सुनीता ने गोली चम्मच रेस विजेता प्रथम शान्ती, द्वितीय विजेता राजाराम को थाली, कुर्सी रेस में प्रथम विजेता आशीष, द्वितीय विजेता राजगुरु को थाली, फुटबॉल विजेता टीम में शहजाद, हिमांशु, अमिरुल्लाह, शैलेश, विशाल को गिलास तथा कबड्डी में प्रथम विजेता टीम में प्रतिमा, अमित, पवन, विशाल, बिपिन आनन्द, और आंचल को गिलास दिया। इस मौके पर प्रियंका राय, गंगा प्रसाद, लीलावती, विनीता, रेनू, नीलम मौर्या, निलेश, प्रवीन गिरी, सुमितलोग उपस्थित रहे।

# युवाओं को शारीरिक फिटनेस बनाने में मिलेगी सहूलियत

जनसंदेश न्यूज

**सुविधा**

**फैक्ट्री जिम का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** नगर पंचायत स्थित फिटनेस फैक्ट्री जिम का मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कोयलसा संतोष यादव, फूलचंद यादव व रामचन्द्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस जिम के खुल जाने से युवाओं में काफी उत्साह है।


फीता काटकर जिम का उद्घाटन करते अतिथिगण।

प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव ने कहा कि युवाओं के शरीर शौष्ठव और फिटनेस को देखते हुए इस जिम को खोला गया है। इसके लिए संचालक अर्जुन निषाद बधाई के पात्र हैं। यहां युवा वर्ग आकर अपने फिटनेस को मजबूती देंगे और कुछ समय देकर शरीर से स्वस्थ रहेंगे। फूलचंद यादव ने कहा कि नगर पंचायत में जिम खोलने का एक अच्छा आयोजन है जहां वैश्विक बीमारी के समय में जिम का कारोबार स्वस्थ होने के लिए बहुत अच्छा आयोजन है। संचालक अर्जुन निषाद ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की सोच और उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस नए जिम का उद्घाटन किया गया है। यहां लोगों को फिटनेस व स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाएं दी जाएगी। इस मौके पर आशीष सिंह, संदीप सिंह, शिवचरण यादव, शैलेंद्र गौड़, रंजीत यादव, सलमान, मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

## मनमाने दाम पर डीएपी की बिक्री से आक्रोश

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र में मनमाने दर पर डीएपी की बिक्री से किसानों में रोष है। खुले बाजार में सोलह सौ रुपये बेची जा रही है। खाद को लेकर किसान बेहाल हैं।

खेत तैयार होते ही किसान बुआई में जुट गये लेकिन खाद ही दगा दे गई। खाद के लिए किसान सरकारी गोदामों से मायूस अब दुकानों का सहारा ले रहे हैं जहां आर्थिक शोषण किया जा रहा है। समितियों पर खाद नदारत है और खेत तैयार हैं ऐसे में किसान बाजार से ही खरीदने को विवश हैं। कस्बा समेत सहीदवारा, ऊजीगोदाम, मोतीगंज, कोटिला, दिलौरी, रोवा आदि क्षेत्रों में सोलह सौ रुपये बोरी बिक रही है। किसान अमरदीप, जयराम, रमेश आदि ने कहा खाद के लिए जलालत झेलनी पड रही है जबकि सरकारी दर तेरह सौ पचास निर्धारित है। शासन का दावा है भरपूर खाद का लेकिन बाजार में दशा ये है कि उपलब्ध ही नहीं है। किसानों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# सकारात्मक सोच का एहसास कराती है चंद्रशेखर जी की प्रतिमा

**बोले जयपाल सिंह**

**चंद्रशेखर ट्रस्ट पर आना मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, राजनीति के पुरोधा एवं समाजवादी विचारक चंद्रशेखर जी स्मारक ट्रस्ट रामपुर पर आकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। प्राकृतिक हरियाली एवं खिलखिलाते फूल चंद्रशेखर जी के जीवंत दर्शन का एहसास करा रहे हैं। उक्त बातें मुरादाबाद के स्नातक विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह ने मंगलवार को ट्रस्ट परिसर में पत्र पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।


चंद्रशेखर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते एमएलसी डॉ.जयपाल सिंह व अन्य।

उन्होंने कहा कि मुझे चंद्रशेखर जी के करीब रहने का अवसर मिला था पूरे हिंदुस्तान में इंदिरा गांधी जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में जब इमरजेंसी लागू थी और कोई बोलने का साहस नहीं कर पा रहा था तो इकलौते नेता चंद्रशेखर ही थे जिन्होंने बगावत का बिगुल बजाया था। आजमगढ़ का चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि यहां आकर मुझे चंद्रशेखर जी का आशीर्वाद मिला जो मेरे लिए अत्यंत सार्थक है। अंत में उन्होंने कहा कि यह चंद्रशेखर स्मारक ट्रस्ट आने वाले दिनों में राजनीतिक प्रेरणा के लिए जाना जाएगा।

चंद्रशेखर स्मारक ट्रस्ट के प्रवेश द्वार पर एमएलसी जयपाल सिंह 'व्यस्त' का पूर्व मंत्री यशवंत सिंह, अरविंद सिंह, रमेश कनौजिया, स्वतंत्र सिंह मुन्ना, लाल बहादुर सिंह लालू, दिलीप मिश्रा ने माला पहननाकर स्वागत किया। इसके पश्चात एमएलसी जयपाल सिंह पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने संयुक्त रूप से चंद्रशेखर जी की प्रतिमा पर बड़ी माला पहनाकर श्रद्धांजलि दिया। अरुण सिंह, पराग यादव, राकेश सिंह, कमलेश राय, चंचल चौबे, अतुल चौबे आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अधिवक्ता दिवस के रूप में मनायी गयी प्रथम राष्ट्रपति की जयंती



**आजमगढ़।** दीवानी बार एसोसिएशन के सभागार में मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। संघ के वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार अस्थाना ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की सादगी व ईमानदारी की तारीफ करते हुए उनके आदर्शों का अनुकरण करने की सलाह दी। कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर सिंह सूबेदार यादव नीरज द्विवेदी व अन्य अधिवक्ताओं ने संबोधित किया।

### हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन आज



**आजमगढ़।** हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बड़ा गणेश मंदिर के महंत राजेश मिश्रा ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अमानवीय अत्याचार से हम सभी आहत हैं। हम सब हिन्दू समाज के लोग हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति द्वारा 4 दिसम्बर को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कलेक्ट्रेट के सामने पार्क में 11 बजे एकत्रित होकर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। हिन्दुओं के प्रति इस तरह के अमानवीय अत्याचार को अब साधू संत और हिन्दू समाज सहन करने वाला नहीं है। हम सरकार से यह मांग करते हैं कि बांग्लादेश के खिलाफ कठोर कदम उठाए। हम सभी हिन्दू बंग्लादेश के हिन्दुओं के साथ हैं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिव्यांगों को दिया कृत्रिम उपकरण



**आजमगढ़।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर स्थित बचपन डे केयर सेन्टर में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा श्रीकृष्ण पालकी उपस्थिति में सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 15 दिव्यांगजनों को कान की मशीन एवं 18 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में उपस्थित 47 बच्चों को निःशुल्क यूनिफार्म एवं चाकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यालय महिला एवं बाल कल्याण विभाग (जिला प्रोबेशन कार्यालय) के अन्तर्गत संचालित स्पॉन्सरशिप योजना के अन्तर्गत बचपन डे केयर सेन्टर में अध्यनरत 66 बच्चों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शशांक सिंह, सुरेंद्र लाल गौतम कनिष्ठ सहायक, समन्वयक बचपन डे केयर सेन्टर सुभाष चंद एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### सहयोग किया जाय तो बुलंदियों को छू सकते हैं दिव्यांग : अमरनाथ



**आजमगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर जूनियर हाई स्कूल जाफरपुर पल्हनी के प्रांगण में दिव्यांग बच्चों का शैक्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी विकास खंड के लगभग 200 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि अमरनाथ राय प्राचार्य डायट ने कहा कि ऐसे बच्चों की आवश्यकता को समझकर उन्हें जन समुदाय यदि सहयोग करते हैं तो बच्चे अपने आप कामयाबियों को पाने में सक्षम हो जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाएं जमीनी स्तर पर बच्चों को प्राप्त हो जिससे शिक्षा एवं समाज की मुख्य धारा में दिव्यांग बच्चे जुड़ सकें। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रथम स्थान पाने वाले को बैग, द्वितीय को पानी बोतल, तृतीय को टिफिन सहित समस्त दिव्यांग बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में कापी, पेंसिल रबर दिया गया। संचालन संतोष कुमार जिला समन्वाहक समेकित शिक्षा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर समस्त स्पेशल एजुकेटर अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम



**आजमगढ़।** शिक्षा क्षेत्र मुहम्मदपुर के परिषदीय विद्यालयों की ब्लाक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय अदरसपुर के खेल मैदान पर मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी मुहम्मदपुर रविप्रकाश के निर्देशन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री भाजपा नेता डॉ.कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। तत्पश्चात मार्च पास्ट की सलामी ली। फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। खंड शिक्षाधिकारी रविप्रकाश ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि बीएसए राजीव पाठक को बुके व अंगवस्त्रम और स्मृतिचिह्न देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता में 8 न्याय पंचायतों से लगभग 450 बच्चों ने प्रतिभाग किया।प्राथमिक स्तर दौड़ 50 मीटर में जाफरपुर के आकाश प्रथम, खरांटी के अनुराग यादव द्वितीय, बालिका वर्ग में रुखसाना प्रथम, जया द्वितीय स्थान, 100 मीटर दौड़ में शिवा प्रथम, प्रिंस द्वितीय, बालिका वर्ग में रोशनी सिंह प्रथम, प्रियांशी द्वितीय स्थान पर रही। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कृष्णमुरारी विश्वकर्मा ने कहा कि यह आयोजन सबसे शानदार है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बीएसए राजीव पाठक ने प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षकों, अनुदेशकों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरेंद्र यादव, अंजनी मिश्रा, घनश्याम उपाध्यक्ष, अबू गानिम, दिलीप द्विवेदी, योगेश पाल, दया शंकर, अमित, ललिता मिश्रा, मिथिलेश, धर्मेंद्र, अल्ताफ, अरविंद आदि उपस्थित रहे। संचालन विजय पायलट ने किया।

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में तीन घायल

**लालगंज (आजमगढ़)।** गाय को बचाने के प्रयास में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया जबकि दूसरी दुर्घटना में एक अनियंत्रित बाइक पलट गई जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। देवगांव कोतवाली के वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर मंगलवार की देर शाम वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ जा रहे बाइक सवार अचानक गोवंश से भिड़ कर अनियंत्रित होकर गिर पड़े जिसमें चंदन 30 वर्ष पुत्र शिवशंकर ठठेरा निवासी खमरिया भदोही गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल को संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज पहुंचाया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के उपरान्त ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। दूसरा हादसा देवगांव कोतवाली के एनएच 233 पर मसीरपुर गांव के समीप हुआ। मंगलवार की देर शाम वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ जा रहे बाइक सवार अचानक अनियंत्रित होकर गिर पड़े जिसमें द्वारिका प्रसाद 60 वर्ष पुत्र मुन्नीलाल व राम प्रसाद 50 वर्ष पुत्र कमरू निवासी मोहद्दीपुर थाना गंभीरपुर घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज पहुंचायाजहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के उपरान्त दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### 74 मरीजों को मिला निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श

**आजमगढ़।** रमा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में किया गया। कैम्प में 74 मरीजों को चिकित्सकीय परार्मश किया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डॉ. खुशबू सिंह ने कहा कि इस मौसम में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें साथ ही घरों को भी साफ सुथरा रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सकें। गर्भवती महिलाएं स्वच्छ पानी और हरी सब्जी का प्रयोग करें व मसालेदार खाने से परहेज करें लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा-बच्चा दोनों ठीक रहे। उन्होंने कैम्प का लाभ उठाने वाली महिलाओं से कहा कि अब से यह कैम्प महीने के पहले मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। रमा चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल 74 महिलाओं का निशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया।

# सचिव व ग्राम प्रधान की उदासीनता से आयोजन स्थल बना ग्राम सचिवालय

**आयोजन**

**ग्राम पंचायत सदस्य ने पिता के पट्टे की भूमि पर सचिवालय भवन का निर्माण होना बताया**

जनसंदेश न्यूज



सचिवालय

**हलिया।** क्षेत्र के ऊंटी ग्राम पंचायत का सचिवालय भवन ग्राम सचिव और प्रधान की उदासीनता के चलते सार्वजनिक आयोजन का स्थल बन चुका है। ग्राम के सचिवालय में सरकारी कामकाज नहीं होने से ग्रामीण आए दिन अपने कार्यक्रम के लिए सचिवालय भवन का इस्तेमाल करते हैं। वहीं ऊंटी ग्राम पंचायत सदस्य बैरागी ने बताया कि ग्राम प्रधान ने पिता के पट्टे की भूमि पर सचिवालय भवन का निर्माण करवाया है। इसके बदले में दूसरे जगह भूमि देने के लिए कहा था लेकिन अभी तक भूमि नहीं दिया। आरोप लगाया कि सचिवालय भवन दो वर्ष पूर्व बना था। लेकिन सचिव के नहीं आने से कामकाज नहीं होता है। सचिवालय भवन में सीसीटीवी कैमरा और कंप्यूटर उपकरण उपलब्ध नहीं है। सचिवालय भवन खाली होने से ग्रामीण तेरहवीं और शादी विवाह के आयोजन के लिए इसका उपयोग करते हैं। सचिवालय भवन सरकारी कार्य के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है। ग्राम प्रधान मारकण्डेय प्रसाद मौर्य ने बताया कि ग्राम पंचायत का सचिवालय भवन नवीन परती भूमि पर बनवाया गया है। पूर्व में ग्राम पंचायत सदस्य बैरागी के पिता को उक्त भूमि का पट्टा आवंटन किया गया था जिसे वर्ष 1973 में निरस्त कर दिया गया था। पंचायत सहायक (डाटा इंट्री ऑपरेटर) के इस्तीफा देने से पद खाली हो गया है जिसकी नई नियुक्ति के लिए बीडीओ व एडीओ पंचायत को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों ने सचिवालय भवन में सचिव के बैठने की मांग किया है। इस संबंध में बीडीओ डा0 राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## दो वर्ष से ब्लॉक का चक्कर लगा रही महिला

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** विकास खंड के ग्राम पंचायत मलुआ के करौंदा मौजा निवासी एक महिला स्वयं को जीवित साबित करने के लिए दो वर्षों से ब्लॉक, तहसील व जिले का चक्कर काट रही है। गांव निवासी सुमन पत्नी राम सिंह का आरोप है विपक्षी पट्टीदारों की मिली भगत से फरवरी 2023 में तैनात सचिव द्वारा कूटरचित तरीके से परिवार रजिस्टर में मृत दिखा दिया। जानकारी होते ही स्वयं को जीवित साबित करने के लिए अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर काट रही है।

महिला ने बताया की लालगंज थाना क्षेत्र के हर्दी मिश्र गांव में महिला का मायका है। महिला अपने पिता रामआसरे की इकलौती पुत्री है। सन 2022 में पिता ने घोरावल थाना क्षेत्र के घोरिया गांव की दो बीघा जमीन मेरे नाम कर दिया था। 1 बीघा 2 बिस्वा जमीन पिता के नाम हर्दी मिश्र में बची थी। जिसे पट्टीदारों ने फर्जी तरीके से पिता के परिवार रजिस्टर से पुत्री को मृत दिखाकर 2022 में ही दान पत्र लिखवा लिया था। जिसकी शिकायत करने पर फरवरी 2023 में तैनात सचिव से उस समय के तैनात सचिव ने कूटरचित तरीके से परिवार रजिस्टर में सुमन को ही मृत दिखा दिया। अब घोरावल वाली जमीन भी वह लोग लेना चाहते हैं। परिवार रजिस्टर में मृत दिखाने के बाद तहसील से खारिज दाखिल नहीं हुआ और ना ही आज तक खतौनी में नाम दर्ज हो सका। मंगलवार को महिला अपने पति संग ब्लॉक मुख्यालय पहुंच बीडीओ से अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र की मांग करने लगी। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि यह बहुत ही गंभीर विषय है की जीवित महिला अपने जीवित होने का प्रमाणपत्र मांग रही है। मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में यदि महिला को गलत ढंग से मृत दिखाया गया है तो इसमें शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जायेगा।

**होगी जांच**

**सचिव ने कूटरचित तरीके से परिवार रजिस्टर में दिखा दिया है मृत**

## संक्षेप

### सियार के हमले से दहशत में हैं ग्रामीण

**हलिया।** क्षेत्र के हलिया तथा भटवारी में मंगलवार की सुबह एक सियार ने लोगों के ऊपर हमला कर दिया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लाठी डंडे से दौड़ाकर जंगल में भगा दिया। मंगलवार दोपहर हलिया निवासी 56 वर्षीय धर्मावती को खेत से निकलकर पहुंचे सियार ने हमला कर घायल कर दिया। इसी तरह कुछ दूर पर भटवारी गांव निवासी 55 वर्षीय राम आधार व हलिया निवासी 16 वर्षीय सैफ व 35 वर्षीय राजकुमारी को जंगली सियार ने काटकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने सियार के हमले में घायल लोगो को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया है। वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र ने कहा कि जानकारी नहीं है। अगर सियार के हमले से घायल होंगे तो जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम की अध्यक्षता में कृषि रक्षा उपकरणों की कराई गई ई-लाटरी



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन एवं कृषि निदेशालय द्वारा दिए गए निर्देश दस हजार रूपये से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रो, कृषि रक्षा उपकरणों, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक, रोटावेटर, थ्रेशिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि के लाभर्थियों का चयन कृषि विभाग के पोर्टल, वेब साईट पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लाटरी से करायी गयी। चयनित कृषकों एवं प्रतीक्षा सूची के कृषकों के मोबाइल पर तत्काल एसएमएस सन्देश प्राप्त हुआ। योजनाओं में समस्त श्रेणी के कृषकों का ई-लाटरी कराये गए कृषि यंत्रों का विकास खंडवार विवरण किया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**हलिया।** थाना क्षेत्र के गौरवा परसिया गांव निवासी जगनरायन का 22 वर्षीय पुत्र पंकज बैंक के काम से घर से हलिया बाजार जा रहा था। जैसे ही हलिया मनिगढ़ा मार्ग पर देवरी बाजार के पास परसिधाहे चौराहे पर पहुंचा कि सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल के परिजनों ने धक्का मारने वाले बाइक सवार के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक बाइक? से धक्का मारने की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि बाइक से गिरकर घायल हुए एक व्यक्ति का प्राथमिक उपचार के बाद सिर व पैर में गम्भीर चोट होने के कारण बेहतर इलाज के लिये मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

### प्रतियोगिता में मनोज द्विवेदी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**जमालपुर।** नई दिल्ली के आध्यात्म साधना केंद्र छतरपुर में एक दिसंबर को अनुगूंज साहित्य पीठ दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित छंदामृत प्रतियोगिता में हसौली गांव निवासी कवि एवं छंदकार मनोज द्विवेदी जमालपुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुगूंज साहित्यिक मंच द्वारा आयोजित दूसरे वर्ष में देश के 88 कवियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मनोज द्विवेदी जमालपुरी को संस्था की संस्थापिका प्रवीणा त्रिवेदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण द्विवेदी एवं संजीव शुक्ल एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काजू निषाद ने अनुगूंज साहित्य पिंगल सम्मान से सम्मानित किया। क्षेत्र के कवि को सम्मान मिलने पर क्षेत्रीय कवियों में हर्ष है। रंगनाथ द्विवेदी, कविंद्र अकेला, अनिल तिवारी, उमेश द्विवेदी, संगीत तिवारी ईत्यादि ने बधाई दिया।

### मानव कल्याण संस्थान की बैठक 11 को

**अदलहाट।** मानव कल्याण संस्थान नरायनपुर की बैठक 11 दिसम्बर को प्रातः दस बजे श्रीसत्य साई इंटर कालेज नरायनपुर के सभागार मे आहूत की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए संस्था की अध्यक्षा डा0 उषा रानी ने बताया कि बैठक मे प्रबंध कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया जायेगा।

### तहरीर देकर दुष्कर्म का लगाया आरोप

**गैपुरा।** जिगना थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित वर्ग की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पीड़िता के पिता ने मंगलवार की शाम तहरीर देकर आरोप लगाया कि सोमवार की शाम घर से ढ़ाई सौ मीटर दूर शौच के लिए अरहर के खेत में गई बेटी के साथ पड़ोसी गांव के युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। उसके चंगुल से छूटने के लिए बेटी ने शोर मचाया तो मौके पर वह पहुंच गया। पकड़े जाने के डर से पिता को धक्का देकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। छानबीन के बाद मामला दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन के धक्के से सर्राफा व्यापारी की मौत

**मड़िहान।** क्षेत्र के अमोई गांव के सामने सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन के धक्के से 46 वर्षीय सर्राफा व्यापारी की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर भारी हुजूम जुट गई। आक्रोशित लोगों द्वारा कलवारी लालगंज मार्ग जाम कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पहुंच गए हालांकि समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। अमोई गांव निवासी मुन्ना सोनी की सुगापांख बाजार में स्वर्ण आभूषण की दुकान थी। सोमवार शाम दुकान बन्द करने के बाद घर लौटकर भोजन करने के बाद सड़क पर टहल रहे थे कि अज्ञात वाहन ने कुचल दिया जिससे मौके पर ही सर्राफा व्यापारी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत, एक घायल

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के नदिहार बाजार में सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन से टकरा कर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां घायल की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक राजगढ़ थाना क्षेत्र के ददरा गांव निवासी सनी साहनी 18 वर्ष पुत्र अशोक साहनी अपने साथी राजगढ़ बाजार निवासी 17 वर्षीय अमन केसरी के साथ सोमवार की रात बाइक से नदिहार बाजार जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही नदीहार बाजार तिराहे के पास मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग पर बने ब्रेकर के पास पहुंचा। तभी सामने से आ रही वाहन में बाइक सवार दोनों युवक टकरा गए। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस 108 चालक देवीलाल तथा एमटी विशाल पटेल ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने परीक्षण कर सनी साहनी को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल अमन केसरी का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजन रोते-रोते बेहाल हो गए।

## आग लगने से तीन बीघे धान की फसल जलकर हुई राख

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के पवारी कलां गांव में खलिहान में रखी धान की फसल मंगलवार को अज्ञात कारणों से आग लगने से जल गई। अगल-बगल पानी नहीं होने से मौके पर जुटे लोग आग बुझाने में असफल रहे और फसल जलता देखते रहे। थाना क्षेत्र के पवारी कला गांव निवासी पुष्पेन्द्र सिंह की धान की कटाई कर मड़ाई के लिए खलिहान में रखा था। लगभग तीन बीघे की फसल खलिहान में मजदूर रख चुके थे। खलिहान से पांच सौ मीटर दूर खेत से फसल लाने गये मजदूरों ने देखा कि खलिहान में रखे फसल में आग लग गई। यह देख शोर मचाते हुए मौके पर लोग पहुंच गये लेकिन अगल-बगल कही पानी नहीं होने से आग के विकराल रूप को दर्शकों की तरह लाचार होकर देखते रहे। चंद मिनटों में पूरी फसल जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने राजस्व लेखपाल कृष्णा सिंह को सूचना दे दिया है। इस संबंध में किसान पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि तैयार फसल खलिहान में रखी थी। अज्ञात कारणों से आग से जलकर नष्ट हो गया है। तहसील प्रशासन से क्षति पूर्ति की मांग की गई है।

# किसान टेक्नोलॉजी से मजबूत बनायें स्वरोजगार : रिंकी कोल

**जानकारी**

**किसानों को आधुनिक कृषि व सरकारी योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी**

जनसंदेश न्यूज



किसानों को जानकारी देती विधायक

**लालगंज।** विकास खंड परिसर में आयोजित कृषि निवेश मेले में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मेले का उद्देश्य किसानों को उन्नत तकनीकों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाना और खेती को लाभदायक बनाना था। मुख्य अतिथि विधायक रिंकी कोल ने कहा खेती को नए युग की चुनौतियों के अनुकूल बनाना आवश्यक है। आधुनिक तकनीक जैसे ड्रिप सिंचाई, जैविक खेती और उन्नत बीज न केवल उत्पादन बढ़ाते हैं, बल्कि किसानों की मेहनत को भी अधिक परिणामदायक बनाते हैं। आज जरूरत है कि किसान टेक्नोलॉजी को अपनाएं और खेती को स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनाएं।

विशिष्ट अतिथि प्रमुख जयंत कुमार ने कहा कि खेती केवल जीविका का साधन नहीं है, यह समाज और देश की रीढ़ है। खंड विकास अधिकारी बबीता सिंह ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत तालाब निर्माण, बागवानी और सिंचाई की योजनाएं किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही हैं। बीएचयू के कृषि वैज्ञानिक डा0 एस0एन0 सिंह ने कहा खेती में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। सहायक कृषि अधिकारी संजय कुमार पटेल ने कहा कि खेती में तकनीकी नवाचारों के बिना प्रगति करना मुश्किल है। कार्यक्रम के दौरान 200 किसानों को पुआल नष्ट करने की दवा वितरित की गई। साथ ही किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन और जल संरक्षण की तकनीकों पर जागरूक किया गया।

# विद्युतकर्मियों ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक



बाइक रैली निकालते बिजली कर्मचारी

**हलिया।** स्थानीय उपकेंद्र के चार फीडर के विद्युत कर्मचारियों ने मंगलवार को एकमुश्त समाधान योजना के तहत 15 दिसम्बर से बिजली के बकाया दारों को शत प्रतिशत समाधान के लिये पोस्टर बैनर के साथ बाइक रैली निकाल कर क्षेत्र में चक्रमण किया।

इस दौरान हलिया, सोठिया, गड़बड़ा, महुगढ़, अदवा, अहुगी कलां, कोटाघाट, देवरी, बर्डिहा, कोटार आदि गांव के चट्टी चौराहे पर होते हुए हाथ में पोस्टर बैनर के साथ लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि 15 दिसम्बर से प्रथम चरण में जमा करने वाले बकाएदरो का ब्याज में सत प्रतिशत छूट व दो किस्त में जमा करने वालों को अस्सी प्रतिशत, तीन किस्त में जमा करने वाले को सत्तर प्रतिशत की एक मुस्तसमाधान योजना लागू है। उसका लाभ लेने के लिये बाइक से चक्रमण कर चारों फीडर के कर्मचारियों ने लोगों को जागरूक किया है। इस दौरान विरेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, हीरालाल मौर्य, विनोद कुमार आदि सहित बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों ने क्षेत्र में चक्रमण कर लोगों को जागरूक किया है।

# बच्चे ही देश के भविष्य हैं : अपर जिला जज

**कार्यक्रम**

**बचपन डे केयर सेन्टर में जागरूकता शिविर सम्पन्न**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बचपन डे केयर सेन्टर पटेंगरा नाला, विन्ध्याचल में दिव्यांग एवं श्रवण बाधित विषय पर विधिक साक्षरता, जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिला जज विनय आर्या, एवं दिव्यांग कल्याण अधिकारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण पाण्डेय ने किया।

अपर जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित दिव्यांग एव श्रवण बाधित बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि आप लोग पढ़ाई-लिखाई एवं खेल-कूद में रूचि रखे, क्योंकि आप लोगों से ही देश का भविष्य है। सचिव ने दिव्यांग कल्याण अधिकारी को भी निर्देशित किया की वह समय-समय पर मुहिम चलाकर उनके आवश्यकताओं का पूर्ति प्राथमिकता के आधार पर करें, तथा यदि कोई बच्चा किसी बिमारी से ग्रसित है तो उसकी जानकरी संबंध स्वास्थ्य केन्द्र को तत्काल देना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर रंजीत कुमार, रामफेर शर्मा, कृष्ण कुमार, जय प्रकाश सरोज, अमरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गरीबों की सेवा करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं : एसडीएम

**नेक कार्य**

**गरीबों में वितरण किया गया कंबल**



कंबल वितरण करते एसडीएम

**लालगंज।** लालगंज हनुमान मंदिर पर लालगंज निवासी मालती मिश्रा पत्नी हरिशंकर मिश्र के सौजन्य से गरीबों को 200 कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम आशाराम वर्मा ने गरीबों को कंबल वितरित करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। समाज में ऐसे कंबल बांटने वाले समाजसेवी पूण्य के भागीदार हैं।

उप जिलाधिकारी ने कम्बल वितरित करते हुए कहा कि ठंड के समय गरीबों को एक कंबल बहुत बड़ा सहारा बन जाता है। उन्होंने कम्बल वितरित करने वाले मालती मिश्रा पत्नी हरिशंकर मिश्रा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे बड़ा कोई पूण्य नहीं है। कहा कि निश्चित रूप से समाज के अग्रणी व्यक्ति को गरीबों की सेवा करने अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

मालती मिश्रा ने कहा कि ठंड में गरीबों को एक ही कंबल तिनके का सहारा होता है। मुख्य अतिथि एसडीएम आशाराम वर्मा व मालती मिश्रा पत्नी हरिशंकर मिश्रा विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष के द्वारा गरीबों को 200 कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर हरिशंकर मिश्रा, मुकेश सरोज, गोविंद सिंह, शुभम केसरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभा व कौशल का किया प्रदर्शन

**लालगंज।** अमोई विद्यालय परिसर में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक और विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों की भागीदारी ने सभी को प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में यूपीएस रही की छात्रा आंचल ने दूसरा स्थान हासिल कर अपनी कला का परिचय दिया। वहीं प्राथमिक विद्यालय बसही कला के शिवम ने सुलेख प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता में खुशीर्दाबाद की छात्रा ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण दिया।कार्यक्रम में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। आंचल, शिवम और खुशीर्दाबाद की छात्रा समेत चारों बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। यह पल बच्चों के लिए उत्साहवर्धक और प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शीला देवी समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं।

## परिवार रजिस्टर की नकल नहीं देने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**मड़िहान।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटेहरा कला (बहरछठ) टोला की महिलाओं ने परिवार रजिस्टर का नकल लेने के लिए महीनों से ब्लॉक का चक्कर काट रही हैं। गांव निवासी सीता, बुद्धू, मुन्नी देवी, सावित्री, सूर्यकली, रामप्यारे का आरोप है कि परिवार रजिस्टर का नकल लेने के लिए ब्लॉक का चक्कर लगाया जा रहा है। जब भी ब्लॉक आते हैं तो सचिव नहीं मिलती हैं और ना ही फोन उठाती है। मुन्नी देवी ने बताया कि बेटी चंदा का बीए में नाम लिखवाने के लिए परिवार रजिस्टर के नकल की आवश्यकता है। 20 दिसंबर तक नाम लिखाने का समय है कई बार चक्कर लगाई नकल जारी नही हुआ। मंगलवार को सभी महिलाओं ने खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी से परिवार रजिस्टर की नकल न मिलने की शिकायत कर डाली। सचिव को फोन पर फटकार लगाते हुए बीडीओ ने कड़ी कार्यवही की चेतावनी देते हुए तीन दिन के अंदर नकल जारी करने का कड़ा निर्देश दिए। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम सचिव छुट्टी पर है। तीन दिवस के अंदर सभी को नकल जारी हो जायेंगे, अगर लापरवाही सचिव ने किया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही भी होगी।

## निर्माणाधीन कृषि बीज गोदाम का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**मड़िहान।** विकास खंड कैम्पस में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन से एक करोड़ 21 लाख की लागत से निर्माणाधीन राजकीय कृषि बीज गोदाम व पीएचसी वार्ड का मंगलवार को बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया निर्माणाधीन कृषि बीज गोदाम का कार्य प्रगति पर है। लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मार्च 2025 तक कार्य पूर्ण करने का समय निर्धारित है जल्द गोदाम का भवन बनकर तैयार हो जायेगा। वहीं भवन के नीव में कुछ जगहों पर दरारें भी देखी गयी। बीडीओ के निरीक्षण करने की जानकारी मिलने के कुछ देर बाद उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन की अवर अभियंता साधना वर्मा भी मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की जानकारी ली। जहां नीव में पड़ी कुछ दरारें देख ठेकेदार को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। साधना वर्मा ने बताया की मार्च 2025 तक कार्य पूरा करने का समय निर्धारित है। 75 प्रतिशत कार्य लगभग पूरा हो गया है। पैसा नहीं मिलने के कारण कार्य धीमी गति से चल रहा है। एक करोड़ 21 लाख में 60 लाख मिला था जिससे 75 प्रतिशत काम कराया गया है। शाशन से पैसा मिलते ही भवन बनकर तैयार हो जायेगा।

# गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : प्रो. शोभा



कुलपति को गुलदस्ता भेंट करते अपर आयुक्त

**स्वागत**

**विन्ध्य विवि की पहली कुलपति ने किया पदभार ग्रहण**

**मड़िहान।** क्षेत्र के देवरी कलां में स्थित निर्माणाधीन विंध्य विवि की पहली कुलपति प्रो0 शोभा गौंड़ ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद कुलपति द्वारा निर्माणाधीन विवि का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुलपति द्वारा हिदायत दिया गया कि गुणवत्ता में कोई समझौता नही होगा। प्रदेश के तीन विवि में मड़िहान मिशाल बने। इस दौरान अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग कमलेश कुमार ने बताया कि दो किलोमीटर लंबी चहारदीवारी नीव की खुदाई की गई है। जिसमे से पांच सौ मीटर कार्य प्रगति पर चल रहा है। मई तक चहारदीवारी का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। निरीक्षण के बाद विद्यालय परिसर में अपर आयुक्त डाक्टर विश्राम यादव के साथ पीपल व बरगद का पौधरोपण किया गया। निमार्णाधीन विद्यालय परिसर में वीसी रेजिडेंस (आवास), गर्ल्स हास्टल, ब्वायज हास्टल व टाइप फाइफ तथा टाइप फोर रेजिडेंस निर्माण स्थल का मैप के अनुसार स्थलीय निरीक्षण किया। अपर आयुक्त डाक्टर विश्राम ने कहा कि इसके पूर्व निरीक्षण के दौरान घटिया निर्माण सामग्री पाया गया था। जिसे ठेकेदार द्वारा रातो-रात हटा लिया गया था। इस दौरान एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी, एसडीएम न्यायिक सौम्या मिश्रा, प्रोफेसर उदय कुमार, दुर्गेश, लेखपाल विद्याशंकर आदि मौजूद रहे।

## आत्मरक्षा के लिए छात्राओं को दिया जा रहा कराटे का प्रशिक्षण

**मड़िहान।** विकास खंड के जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य डा0 एसपी त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को दस दिवसीय कराटे प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन छात्राओं ने जमकर अभ्यास किया। कराटे प्रशिक्षण से छात्राओं में एक उत्साह देखने को मिल रहा है। उप प्राचार्य राम सिंह ने बताया कि कराटे संघ के ट्रेनर सोनाली विश्वकर्मा व अरुण विश्वकर्मा द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के छात्राओं को आत्मरक्षा व सेल्फ डिफेन्स के लिए कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य ने बताया कि आज के समय को देखते हुए बच्चियों के आत्म विश्वास को बढ़ाने व उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में छात्राओं को खुद की सुरक्षा व आत्मरक्षा के गुण सिखाये जायेंगे, जिसके बाद प्रशिक्षित छात्राएं सशक्त बनेंगी और अपनी सुरक्षा के लिए पुरुषों पर निर्भर नहीं रहेंगी समाज की चुनौतियों के लिए वह खुद सक्षम होंगी। कार्यक्रम का संचालन डा0 विपिन सिंह व विभा सिंह कर रहे हैं। इस दौरान राम लखन, वेद प्रकाश मिश्रा, अनामिका भारतीय के साथ अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# यात्रा के दौरान उचक्कों ने महिला के साथ की छिनैती

**लालगंज।** मंगलवार को अहमदाबाद से हलिया गांव लौट रही महिला प्रतीक्षा तिवारी के साथ ट्रेन में उचक्कों ने छिनैती की घटना को अंजाम दिया। प्रतीक्षा तिवारी अपने पति और नवविवाहिता पुत्री के साथ सफर कर रही थीं। यात्रा के दौरान उचक्कों ने उनका मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड और पुत्री के दो मंगलसूत्र छीन लिए। घटना का पता तब चला जब परिवार लालगंज में बस से उतारकर घर पहुंचा। पीड़ित महिला ने प्रयागराज जीआरपी थाने में तहरीर देकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। प्रतीक्षा तिवारी ने बताया कि नवविवाहिता पुत्री के मंगलसूत्र छिन जाने से परिवार बेहद परेशान है। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रा के दौरान इस अप्रत्याशित घटना ने उन्हें असहज और चिंतित कर दिया।

## पंद्रह हजार के दो इनामिया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं इनामिया, पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुन्दरूफ अटारी मोड़ के पास से 15-15 हजार के दो इनामिया धन्नजय सिंह चौहान पुत्र राम दुलार निवासी अटारी थाना मड़िहान एवं रामनिवासी उर्फ श्रीनिवास पुत्र स्व0 डोमा चौहान निवासी मटिहानी थाना मड़िहान को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया।

# भाजपा, कांग्रेस समेत आठ प्रत्याशियों का नामांकन


कलेक्ट्रेट स्थित आरओ कक्ष में नामांकन करतीं कांग्रेस प्रत्याशी।


भाजपा प्रत्याशी आभा


कांग्रेस प्रत्याशी शहनाज बेगम

जनसंदेश न्यूज

**सैयदराजा उपचुनाव**

### समाजवादी पार्टी व बसपा के प्रत्याशियों ने नहीं किया नामांकन

**चंदौली।** सैयदराजा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव के नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार को पूर्ण हुई। इस दौरान भाजपा की आभा व कांग्रेस की शहनाज बेगम समेत पांच उम्मीदवारों ने अंतिम दिन नामांकन किया। अब तक कुल आठ प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। जिसमें सपा व बसपा जैसी दिग्गज राजनीतिक दलों के प्रत्याशी शामिल नहीं है। सभी प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन कक्ष में आरओ विराग पांडेय के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान नामांकन स्थल पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

अंतिम समय में भाजपा प्रत्याशी चुनी गयी आभा ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किया। इस दौरान सैयदराजा के पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र जायसवाल भी नामांकन स्थल पर मौजूद नजर आए। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार शहनाज बेगम के नामांकन जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, प्रदेश महासचिव सरिता पटेल मौजूद रहीं। इसके अलावा निर्दल उम्मीदवार के रूप में शबिना बेगम, श्वेता गुप्ता व उम्मे हबीबा ने नामांकन किया। नामांकन का अंतिम दिन होने के कारण चेयरमैन का चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा। हालांकि कई ऐसे भी संभावित उम्मीदवार थे, जिन्होंने नामांकन पत्र तो लिया, लेकिन अंतिम समय तक नामांकन करने कलेक्ट्रेट नहीं पहुंचे। इस तरह वे बिना चुनाव लड़े लड़ाई से बाहर हो गए।

फिलहाल अभी आठ उम्मीदवार चुनावी मैदान में है, लेकिन नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी के बाद भी सैयदराजा नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो पाएगी। नामांकन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। हालांकि नामांकन के अंतिम समय तक समाजवादी पार्टी व बसपा का प्रत्याशी नामांकन करने नहीं पहुंचा, जो चर्चा का विषय बना रहा। 04 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद छह दिसंबर को नाम वापसी के साथ ही प्रतीक चिह्न का आवंटन किया जाएगा।

### चहनियां में उड़ती धूल से व्यापारी राहगीर परेशान

**चहनियां।** चन्दौली से चहनियां तक बन रहे हाइवे निर्माण में उड़ती धूल लोगों के लिए मुसीबत बन गयी है। हाइवे निर्माण में लगे टैंकर से छिड़काव नही हो रहा है। कस्बा व बाजारों में लोगों का रहना चलना दुश्वार हो गया है। चन्दौली से चहनियां तक हाइवे का निर्माण कार्य चल रहा है। एक तरफ कच्छप गति से कार्य तो चल ही रहा है गिट्टी व मिट्टी के कारण उड़ती धूल से लोगो का चलना दुश्वार है। सबसे ज्यादा परेशानी कस्बा व बाजारवासियों को हो रहा हैं। दिन रात आने जाने वाले भारी वाहनों के कारण उड़ती धूल से मार्ग किनारे रहने वाले लोगो का जीना दुश्वार हो गया। कस्बावासियों का कहना है कि मार्ग निर्माण में लगे टैंकर हर कस्बा व बाजारों में प्रतिदिन पानी मार्ग पर गिराने का नियम है किन्तु पानी नही गिराते है। कभी कभी महीने में कोरम भी पूरा करते है तो शाम या रात में थोड़ी पानी गिरा देते है। उड़ती धूल से कस्बा में लोगो का सामान तो नुकसान हो ही रहा है बीमार ब्यक्तियो को और बीमार बना रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या पर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# वाहन आरसी में मोबाइल नंबर अपडेट करना अनिवार्यः एआरटीओ

जनसंदेश न्यूज


एआरटीओ डा. सर्वेश गौतम।

**चंदौली।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी डा.सर्वेश गौतम ने बताया कि परिवहन कार्यालय चन्दौली में पंजीकृत समस्त वाहनों के स्वामी अपने वर्तमान मोबाइल नंबर को अपने वाहन के रिकार्ड में दर्ज करा लें। यदि वाहन का चालान होता है अथवा वाहन के प्रपत्रों जैसे-टैक्स, फिटनेस, प्रदूषण, परमिट आदि की वैधता समाप्त होती है तो परिवहन पोर्टल द्वारा इसकी सूचना वाहन के रिकार्ड में दर्ज रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर प्रेषित की जाती है।

वाहन स्वामी घर बैठे ही आधार अथॉटिकेशन के माध्यम से अपने वाहन पर मोबाइल नम्बर का अपडेशन विभागीय वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं। इसके अलावा एआरटीओ कार्यालय में आवेदन पत्र के माध्यम से भी करा सकते हैं। मोबाइल नम्बर अपडेट होने की दशा में वाहन स्वामी परिवहन विभाग की ऑनलाइन सर्विसेज का भी लाभ उठा सकते है। यदि वाहन स्वामी अपना मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं करते हैं तो इसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी की स्वयं होगी।

## संक्षेप

### बीडीओ ने चकचोइयां पशु आश्रय स्थल का किया निरीक्षण


चकचोइयां पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण करते बीडीओ नौगढ़।

**नौगढ़।** खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार ने अस्थाई पशु आश्रय केंद्र चकचोईयां का निरीक्षण किया। इस दौरान पशु चिकित्साधिकारी डा.कमलेश सिंह ने पशु आश्रय केंद्र में मौजूद 36 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर 01 पशु को बीमार पाए जाने पर दवा उपचार किया। खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि अ-अस्थाई पशु आश्रय केंद्र चकचोईयां में नियुक्त केयर टेकरो को नियमित साफ सफाई पशुओं को स-समय चारा पानी देने व ठंड से बचाव के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने का सख्त निर्देश दिया गया है। चिकित्साधिकारी डा.कमलेश सिंह ने कहा कि प्रावधानों के अनुरूप पशुओं का रखरखाव व चारा पानी की समुचित सुविधा पशु आश्रय केंद्र में मौजूद है। बीमार पशुओं का त्वरित उपचार किया जा रहा है।

### मैजिक वाहन पर लदे दो मवेशियों संग एक तस्कर गिरफ्तार

**इलिया।** थाना क्षेत्र के बरियारपुर नहर के पास से मंगलवार को पुलिस ने वध के लिए बिहार में प्रवेश लेने जा रहे मैजिक वाहन पर लदे दो मवेशियों को बरामद करने के साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बरियारपुर नहर पर चेकिंग अभियान चला रही थी तभी धरौली की तरफ से तेज रफ्तार में टाटा मैजिक वाहन आता दिखाई दिया जिसे रोककर तलाशी ली गई तो दो पशु बांधे गए थे। जिस पर पुलिस कर्मियों ने एक तस्कर को धर दबोचा। थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर सूर्यदेव चौहान अमांव थाना शहाबगंज का निवासी है। जिसे गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करने के साथ ही टाटा गोल्ड मैजिक वाहन को सीज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पोलियो अभियान को लेकर पीएचसी नियामताबाद पर हुई बैठक


नियामताबाद पीएचसी पर आशा व एएनएम संग बैठक करते चिकित्साधिकारी।

**नियामताबाद।** शासन के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियमताबाद के परिसर में मंगलवार को 5 वर्ष तक के बच्चों में पोलियो खुराक पिलाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी एएनएम, आशा व स्वास्थ्य कर्मियों को 8 से लेकर 15 दिसंबर तक अभियान के तहत सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रविकांत सिंह ने कहा कि आठ से लेकर 15 दिसंबर तक सभी 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी है। इसमें 8 दिसंबर को बूथ दिवस के रूप में पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद 9 दिसंबर से लेकर 15 दिसंबर तक डोर टू डोर खुराक पिलाने का काम किया जाएगा। इसमें ब्लॉक के समस्त एएनएम, आशा,संगिनी के साथ-साथ समस्त स्वास्थ्य कर्मी अपने-अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। बैठक में प्रतिभा सिंह, डब्लूएचओ से अरुण सिंह, सीमा उपाध्याय, आशा देवी, जानकी, रेखा, कुसुम सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### जल निगम की पाइप लाइन फटने से सड़क जलमग्न



**सकलडीहा।** कस्बा के टिमिलपुर पोखरे के समीप पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से सड़क कार्य के दौरान जल निगम की पाइप बीते दो दिनों से क्षतिग्रस्त है। शिकायत के बाद भी पाइप की मरम्मत तो दूर मौके पर झांकने तक विभागीय अधिकारी नहीं पहुंचे।जिसके कारण कस्बा सहित आसपास गांव के हजारों उपभोक्ताओं को दूषित और दुर्गंध वाला पानी पीने को मजबूर है। जिसे लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश है। समस्या का समाधान नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है। चंदौली से सैदपुर मार्ग का चौड़ीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। सड़क की जेसीबी से खुदाई व जम्पिंग मशीन से सड़क कार्य के दौरान टिमिलपुर पोखरे के समीप रविवार कि देर शाम जल निगम की पाईप क्षतिग्रसत हो गया है। जिसके कारण तहसील मुख्यालय के सकलडीहा कस्बा, टिमिलपुर, तेन्दुई, नागेपुर, सिरोहुपुर, ईटवा, बलारपुर सहित अन्य गांव के हजारों उपभोक्ता सुबह शाम पानी की किल्लत से जूझ रहे है।आरोप है कि क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत नही होने के कारण सैकड़ो घरों मे दूषित व दुर्गंध वाली पानी पीने को मजबूर है, जिससे लोग बिमारी की जद में आ रहे है।व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिलीप गुप्ता केके सोनी ने समस्या का शीध्र समाधान नही होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया है। इस बाबत अवर अभियंता उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को बताया गया है। जिसपर तत्काल पाइप मरम्मत का कार्य किया जा रहा है शीघ्र ही क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत कराके आपूर्ति बहाल कराया जायेगा।

### मानसिक रोग को छुपाए नहीं उसका इलाज कराएंः डॉ.अवधेश

**नौगढ़।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मानसिक रोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत कुमार उर्फ सूडू सिंह ने फीता काट कर के किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मानसिक रोग के लक्षणों व बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी दिया। एडिशनल सीएमओ डा.आरबी शरण ने कहा कि लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होने की जरूरत है। अधिकांश परिवारों में किसी न किसी कारण से कोई न कोई मानसिक तनाव में है। चिकित्सा अधीक्षक डा.अवधेश कुमार सिंह पटेल ने बताया कि मानसिक बीमारी से पीड़ित ब्यक्ति का शुरूआत में ही ईलाज हो जाने पर भविष्य में जटिल समस्या को उत्पन्न होने की स्थिति से बचा जा सकता है। मानसिक रोग भी अन्य बीमारियों की तरह ही है।समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर डा.हीरालाल, डा.जे पी गुप्ता, डा.प्रेम प्रकाश उपाध्याय, डा.रीतेश जायसवाल, डा.नीतेश सिंह, डा.अवधेश सिंह सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने का किया आह्वान

**बैठक**

### सीडीओ ने अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने का दिया निर्देश

जनसंदेश न्यूज


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ।

**चंदौली।** पल्स पोलियो अभियान 08 दिसंबर के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान इस अभियान को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक है कि स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी आपस में समन्वय बनाकर इस अभियान को सफल बनाए।उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न धर्मगुरुओं से सहयोग लेने पर बल दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत क्षेत्र में पार्षदों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों से बूथों का उद्?घाटन करवाया जाए। साथ ही मंदिर व मस्जिद में लगे अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से 5 वर्ष कम आयु के बच्चों को बूथ पर दवा पिलाने के सन्दर्भ में निरंतर सन्देश प्रसारित कराना सुनिश्चित किया जाए। कहा कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के माध्यम से मदरसों से प्रातः रैली निकाली जाए एवं बुलावा टोली के माध्यम से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बूथ पर बुलवाकर पोलियो खुराक पिलवाई जाए। साथ ही आपूर्ति विभाग बच्चों को पोलियो दवा पिलवाने से इनकार करने वाले परिवारों को स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के सहयोग से दवा पिलवाना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाई के राय ने बताया कि पल्स पोलियो बूथ दिवस 08 दिसंबर के दिन प्राथमिक व उच्च प्राथनिक विद्यालय प्रातः आठ से साय चार बजे तक खुले रखे जाएंगे।

इस दौरान रैली निकाली जाएगी एवं बुलावा टोली के माध्यम से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बूथ पर बुलवाकर पोलियो खुराक पिलवाई जाएगी। समेकित बाल विकास सेवा विभाग (आईसीडीएस) के आंगनवाड़ी केंद्र अतर्गत पंजीकृत 3-5 वर्ष के समस्त बच्चों को आगनवाड़ी सहायिका के माध्यम से बूथ पर दवा पिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही तीन वर्ष से कम आयु के बच्चों को बूथ पर दवा पिलवाने हेतु उनकी माताओं को प्रेरित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जिसके द्वारा भी इस अभियान में लापरवाही की जाएगी उसके विरुद्ध कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी महोदय को पत्र प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने सभी डाक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों से इस अभियान को पूर्णतः सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लाकों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एलबीएस कॉलेज में छात्रा पायल चौहान का हुआ सम्मान

**नियामताबाद।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पंडित पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में मंगलवार को छात्रा पायल चौहान का सम्मान किया गया। पायल अंतर महाविद्यालयीय 10 मीटर रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया, अब उसे अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीय शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेना है। महाविद्यालय की तरफ से प्रो इशरत जहां, प्रो भावना, डा. सारिका, डा. मीना, प्रो संजय, प्रो अजीत, डा मनोज, संतोष एवं प्राचार्य प्रो उदयन मिश्र ने छात्रा को सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो उदयन ने कहा कि महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में छात्रा का सम्मान किया जाएगा।

# कांग्रेस ने प्रत्याशी उतारकर इंडिया गठबंधन की उम्मीदों को जगाया

**नामांकन**

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी बोले इंडिया गठबंधन के साथियों से हो रही बात


प्रत्याशी का नामांकन के बाद चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

**चंदौली।** जिला कांग्रेस कमेटी जनपद में अपने जनाधार को विस्तार देने के साथ ही अपने राजनीतिक कद को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसकी नजीर मंगलवार को सैयदराजा चेयरमैन उपचुनाव के दौरान देखने को मिली। एक तरफ जहां सूबे की राजनीति में मजबूत दखल रखने वाली सपा व बसपा ने खुद को लड़ाई से बाहर रखा, वहीं कांग्रेस ने चुनाव लड़ने व उसे जीतने के प्रति अपनी दृढ़ता को दिखाते हुए प्रत्याशी उतारा।

शहनाज बेगम सैयदराजा चेयरमैन चुनाव के दरमियान कांग्रेस का चेहरा होंगी। कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन कर लौटे कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने उपचुनाव को लेकर कांग्रेस की रणनीति पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि सैयदराजा चुनाव के नामांकन के अंतिम क्षण तक इंतजार किया, लेकिन इंडिया गठबंधन की सहयोगी समाजवादी पार्टी के किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। ऐसे में कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार का नामांकन कराया। कहा कि नामांकन के बाद इंडिया के गठबंधन के सभी सहयोगी दलों से बातचीत कर समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारा प्रयास होगा कि कांग्रेस उम्मीदवार शहनाज बेगम सैयदराजा इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर मजबूती के साथ चुनाव लड़े। कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ सत्ता पक्ष के उम्मीदवार को कड़ी टक्कर देने का काम करेगी। इस दौरान कांग्रेस की पूरी टीम सैयदराजा में चुनाव प्रचार की कमान संभालेगी।

# समस्याः बलुआ घाट से नहीं हटायी गयी मिट्टी

जनसंदेश न्यूज


बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट की सीढ़ियों पर जमी मिट्टी।

**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट के सीढ़ियों पर जमे मिट्टी को पूरी तरह से नहीं हटाया गया। अधिकारी व कर्मी महज कोरम पूरा कर चले गये। जबकि जिलाधिकारी ने देव दीपावली महोत्सव से पूर्व मिट्टी को हटाने का निर्देश दिया था। अभी ऐसे कई बड़े आयोजन आने वाले है। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लोग स्नान दान करने आते है। वही प्रतिदिन शव दाह संस्कार करने के लिए भी यहां हजारो लोग आते है।

इसके अलावा बलुआ घाट पर कई बड़े त्यौहारों मौनी अमावस्या, मकर सक्रांति, बारहों एकादशी आदि पर लाखों-हजारो की संख्या में लोग आते है। बाढ़ के दौरान यहां घाट की सीढ़ियों पर दर्जनों ट्रैक्टर मिट्टी जम जाता है। जिसे हटाने के लिए सफाई कर्मी नही जेसीबी की जरूरत पड़ती है। प्रबोधनी एकादशी, कार्तिक पूर्णिमा के व देव दीपावली पर आस्था की भीड़ जुटती है। इसके पूर्व गंगा सेवा समिति व अधिकारियों के बीच बैठक कर घाट की सफाई व मिट्टी हटाने के लिए चर्चा होती है किन्तु इस बार केवल कोरम पूरा किया गया है। इस घाट से सबसे ज्यादा परेशानी प्रतिदिन शव ले जाने वालों को होती है। आगे मकर सक्रांति व मौनी अमावस्या का स्नान आने वाला है, किंतु अधिकारी मौन है। जबकि देव दीपावली से पूर्व यहां निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मिट्टी हटाने का निर्देश दिया था किन्तु इसे नहीं हटाया गया। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि मिट्टी हटाने के लिए कहा गया था। इस पर पुनः अधिकारियों से मिलकर चर्चा किया जाएगा।

# कायस्थ महासभा ने मनाई डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती



**डीडीयू नगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में भारत के संविधान सभा के निर्माण अध्यक्ष डा.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती क्षेत्र के भोगवारे सांस्कृतिक नगर उमा जगत निकेतन पर मनाई गई। सर्वप्रथम डा. राजेन्द्र के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान महासभा के राष्ट्रीय सचिव संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। यह स्वतंत्र भारत में इनके अध्यक्षता में भारतीय संविधान का गठन हुआ।उन्होंने कहा कि भारत के समस्त न्यायपालिका में उनकी मूर्ति एवं उनके जीवन का इतिहास लगाई जाय, जिससे सम्पूर्ण जनमानस को उनके बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। देवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर इनकी प्रतिभा के आधार पर भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने। डा. आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि जन्म 1884 में बिहार के सिवान जिले के जीरादेई गांव में हुआ। इनके पिता का नाम महादेव सहाय एवं माता का नाम कमलेश्वरी देवी था। संचालन सुनील श्रीवास्तव ने किया। गोष्ठी में वाईपी श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, विरेन्द्र वर्मा, प्रदीप कुमार सक्सेना रहे।

# सरकार में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्तः रामाशीष

जनसंदेश न्यूज


लोकदल की बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी रामाशीष राय।

**डीडीयू नगर।** राष्ट्रीय लोकदल की बैठक मंगलवार को नगर स्थित कैंप कार्यालय में हुई। जिसमें पार्टी की ओर से सदस्यता अभियान की गति व पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्यअतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी रामाशीष राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का पुराना जनाधार राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के साथ जोड़ने की दशा में प्रयत्नशील है। प्रदेश में संगठन की सक्रियता तथा नए सिरे से संगठन बूथ लेवल तक खड़ा किए जाने का कार्य किया जा रहा है।

कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के उत्पादन का एमएसपी बढ़ाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उप्र में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कानून व्यवस्था चुस्त दुरस्त किया है। सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों को भरा जा रहा है। विकास को गति देने के लिए हाईवे और स्टेट हाईवे तेजी से निर्मित हो रहे हैं। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष एड.समरनाथ सिंह यादव ने कहा कि एनडीए सरकार में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को प्रमुख मंत्रालय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता की जिम्मेदारी मिली। इससे युवाओं को प्रशिक्षित कर तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर रोजगार के अवसर पैदा करने का एक जरिया है। यही भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का सपना था। इसके पहले कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सपा छोड़कर आए 20 लोगों को रालोद की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कैप्टन रमेशचंद्र, इकबाल अहमद, राहीन, गणेश, शंकर चतुवेर्दी, धीरेंद्र सिंह यादव, विमला देवी, रिंकी दुबे, सतपाल यादव, श्याम नारायण, शिवकुमार पटेल, सतीश प्रसाद यादव, ताज मोहम्मद, यादवेंद्र यादव नंदलाल यादव आदि मौजूद रहे। संचालन भागवत नारायण चौरसिया ने किया।

# स्पोर्ट्स


रियाद में सउदी प्रो लीग फुटबॉल में खेलते हुए अल नसार और आल साद क्लब के खिलाड़ी।

# दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को लगा एक और झटका

## तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बाद अब बल्लेबाज स्मिथ अभ्यास के दौरान चोटिल हुए

**एडीलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाले दूसरे किकेट टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। वहीं खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान ऑलराउंडर मिचेल मार्श और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बाद अब बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भी अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गये। स्मिथ जैसे अनुभवी बल्लेबाज का चोटिल होना टीम के लिए करार झटका है।

पहला टेस्ट पर्थ में खेला गया जिसे भारतीय टीम ने जीत लिया। इसके बाद अब दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्मिथ साथी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन से थ्रोडाउन का अभ्यास कर रहे थे तभी उनके दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। इसपर स्मिथ ने बल्लेबाजी रोक दी और दर्द से कराहते नजर आए। इसके बाद उन्होंने लाबुशेन से बात की। ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ के एक सदस्य ने आकर स्मिथ के अंगूठे की जांच की। फिर वह नेट से बाहर चले गए। हालांकि, कुछ ही समय बाद स्मिथ ने दूसरे नेट पर बल्लेबाजी शुरू कर दी और ऐसा नहीं लगा कि वह अधिक दर्द में हैं। ऐसे में ये संभव है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे टेस्ट से पहले उनकी चोट का आंकलन करने के बाद उनके खेलने पर फैसला करे। स्मिथ पर्थ में पहली पारी में शून्य पर ही आउट हो गये थे जबकि दूसरी पारी में वह 17 रन ही बना पाये थे। अब दोनों टीमों के बीच गुलाबी गेंद से दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम का रिकॉर्ड गुलाबी गेंद से काफी अच्छा है। जिस कारण टीम इंडिया को सतर्क रहना होगा।

**एडीलेड में 6 दिसम्बर से शुरू होगा भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट मैच**



## मांजरेकर सहित दिग्गज क्रिकेटर इसलिए नहीं चाहते एडीलेड में पारी शुरू करें रोहित

**एडिलेड।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर सहित कई खिलाड़ियों का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा को एडीलेड टेस्ट में पारी की शुरूआत नहीं करनी चाहिये। मांजरेकर के अनुसार गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दिन-रात के इस टेस्ट में रोहित अगर अपने बल्लेबाजी क्रम को बदलकर किसी अन्य क्रम पर उतरें तो ये उनके और टीम के लिए फायदेमंद रहेगा। इसके अन्य कारण भी हैं। उन्होंने कहा कि रोहित पिछल काफी समय से फॉर्म में नहीं हैं। . उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली घरेलू सीरीज मे 3 मैच की 6 पारियों में केवल 91 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया आकर भी वह प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच में केवल 3 रन ही बना पाये। वहीं दूसरा टेस्ट दिन का होने के कारण इसमें गुलाबी गेंद इस्तेमाल होती है। ये गेंद आमतौर पर लाल गेंद से अधिक स्विंग करती है। ऐसे में तेज गेंदबाजों को खेलना अधिक कठिन होता है। ऐसे में बल्लेबाजों को अधिक धैर्य दिखाने की जरूरत होती है जबकि रोहित आक्रामक शैली में बल्लेबाजी करते हैं। इसलिए उनके लिए हालात के अनुसार ढ़लना कठिन रहेगा। गुलाबी गेंद वाले मैच में शुरूआत में आक्रमण करना बल्लेबाज के लिए मुश्किल होता है, उसपर अगर बल्लेबाज फॉर्म में नहीं है तब तो स्थिति और भी खराब हो जाती है। रोहित बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा नीचे आयेंगे तो वह अपने को थोड़ा समय दे पाएंगे। वहीं केएल राहुल ने पर्थ टेस्ट में अच्छी शुरूआत की थी जिससे रोहित के पास अवसर है कि वह पारी की शुरूआत की जिम्मेदारी राहुल पर छोड़ सकते हैं। पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भी पहले टेस्ट के बाद कहा था कि सलामी जोड़ी को बनाये रखा जाना चाहिये। इसके अलावा एक अन्य कारण ये है कि रोहित का ऑस्ट्रेलिया में रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। रोहित ने 7 टेस्ट मैच खेले हैं और इनमें 31.38 की औसत से केवल 408 रन ही बनाये हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 पारियों में केवल 3 अर्धशतक ही लगा पाये हैं।



## खेलो इंडिया योजना के तहत 2781 खिलाड़ियों की पहचान की गयी : मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया योजना के तहत पैरा एथलेटिक्स सहित 21 खेलों के 2781 खिलाड़ियों की पहचान की है और उन्हें खेलो इंडिया प्रतिभा विकास कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। मांडविया ने कहा, खेलो इंडिया योजना विशिष्ट दिशानिर्देशों और मानदंडों के आधार पर पैरा एथलेटिक्स सहित 21 खेलों में खिलाड़ियों का समर्थन करके अपने खेलो इंडिया प्रतिभा विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभा की पहचान करती है और उन्हें निखारती है। उन्होंने कहा, आज तक योजना के तहत 2781 खेलो इंडिया खिलाड़ियों (केआईए) की पहचान की गई है जिन्हें कोचिंग, उपकरण, चिकित्सा देखभाल और मासिक आउट ऑफ पॉकेट भत्ता (ओपीए) के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है। केआईए के रूप में पहचाने जाने वाले खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के तहत राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों के साथ-साथ अन्य मान्यता प्राप्त अकादमियों में प्रशिक्षण ले रहे हैं।



मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत के खेल प्रतिभा पूल को मजबूत कर रहा है और वैश्विक मंच पर देश की बढ़ती सफलता में योगदान दे रहा है। मंत्री ने खेलो इंडिया खिलाड़ियों का ब्योरा भी दिया जिन्होंने 2022 हांगझोउ एशियाई खेलों और पेरिस ओलंपिक में भाग लिया और देश को गौरव दिलाया। उन्होंने कहा, चीन के हांगझोउ में 2022 एशियाई खेलों में 644 भारतीय खिलाड़ियों में से 124 केआईए थे और उन्होंने नौ स्वर्ण पदक सहित भारत के 106 पदक में से 42 जीतकर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पीसीबी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर रख दी दो शर्त

**लाहौर।** पाकिस्तान किकेट बोर्ड (पीसीबी) अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल पर भले ही तैयार हो गया है पर उसने इस मामले में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। पीसीबी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने के लिए दो प्रमुख शर्तें रखीं। पीसीबी चाहता है कि आईसीसी लिखित में दे कि भारतीय टीम के आईसीसी इवेंट्स में पाकिस्तान के सभी मैच भी तटस्थ स्थल पर ही खेले जाएंगे। इसके अलावा पीसीबी ने आईसीसी से सालाना राजस्वी हिस्सेदारी को भी बढ़ाने को कहा है।

## प्रज्ञानंद, एरिगैसी समेत 5 भारतीय फिडे की शीर्ष प्रतियोगिता में भाग लेंगे

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने सोमवार को कहा कि आगामी 2024 फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप में आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगैसी और आर वैशाली सहित भारत के पांच खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 26-31 दिसंबर तक न्यूयॉर्क शहर में आयोजित की जाएगी। पहली बार इस टूर्नामेंट का उत्तरी अमेरिका में आयोजन हो रहा है। इसमें कोनेरू हम्पी और द्रोणावल्ली हरिका भी भारतीय चुनौती को पेश करेंगी।

## रोहित 5वें या छठे नंबर पर नहीं, शीर्ष क्रम पर ही उतरेंगे : हरभजन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में 5वें या छठे नंबर पर नहीं उतरेंगे। हरभजन के अनुसार रोहित जैसे अनुभवी खिलाड़ी के लिए इस क्रम पर आना टीम के लिए लाभदायक नहीं रहेगा। ऐसे में वे या तो पारी की शुरूआत करेंगे या फिर तीसरे नंबर पर उतरेंगे। रोहित पहले टेस्ट से बाहर थे। ऐसे में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने पर्थ टेस्ट में पारी की शुरूआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। इस जोड़ी ने दूसरी पारी में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 201 रन जोड़े थे। इसके बाद से ही कई पूर्व खिलाड़ियों ने कहा है कि सलामी जोड़ी को तोड़ना ठीक नहीं होगा और रोहित किसी और क्रम पर उतरें। इसी को लेकर हरभजन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि रोहित 5वें या छठे नंबर पर आएंगे।

# 22 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधेंगी पीवी सिंधु

**पिता ने बताया- उदयपुर में होगा समारोह, 24 दिसंबर को रिसेप्शन होगा**

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु 22 दिसंबर को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगी। सिंधु की शादी पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजीस में कार्यकारी निदेशक वेंकट दत्ता साई से होने जा रही है। सिंधु के पिता पीवी रमना ने बताया कि दोनों परिवार एक-दूसरे को काफी समय से जानते थे पर एक महीने पहले ही रिश्ता तय हुआ है क्योंकि जनवरी से सिंधु का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है।

उन्होंने कहा कि यही कारण है कि दोनों परिवारों ने 22 दिसंबर को शादी समारोह आयोजित करने का फैसला किया। वहीं 24 दिसंबर को रिसेप्सन होगा। इसके बाद वह जल्द ही अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगी क्योंकि अगला सत्र काफी अहम रहेगा। इनकी शादी के कार्यक्रम 20 दिसंबर से शुरू होंगे। सिंधु को भारत की सबसे बेहतर खिलाड़ियों में से एक हैं उन्होंने साल 2019 में स्वर्ण सहित विश्व चैंपियनशिप में पांच पदक जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक भी जीता है।




सिंधु ने रियो ओलंपिक 2016 और टोक्यो ओलंपिक में 2020 में लगातार पदक जीते और 2017 में करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग नंबर दो हासिल की। सिंधु का जन्म 5 जुलाई 1995 को हुआ। उनके माता-पिता वॉलीबॉल खिलाड़ी थे पर सिंधु ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया । जब वह 8 साल की थी तो उन्होंने पुलेला गोपीचंद से प्रभावित होकर बैडमिंटन को अपना करियर चुना। 2010 में सिंधु ने जूनियर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने करियर की शुरूआत की। उसने कवार्टर फाइनल में पहुंच कर अपनी पहचान और भी मजबूत कर ली। इसके साथ ही सिंधु ने सीनियर टीम में अपनी जगह बना ली। ये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिंधू का पहला कदम था। 2013 में सिंधू ने मलेशिया ओपन का खिताब जीता और वो सुर्खियों में आ गई। उसी साल विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। साल के अंत में मकाउ ओपन का खिताब जीता। इसके बाद से ही इस खिलाड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## बुमराह की गिनती महानतम खिलाड़ियों में होगी : हेड

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि आने वाले समय में उनकी गिनती महानतम खिलाड़ियों में होगी। बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हेड ने कहा, ह्यबुमराह को इस खेल को खेलने वाले सबसे महान तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाना जाएगा। अभी हम यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि वह हमारे लिए किस प्रकार की चुनौती पेश करते हैं। उसके खिलाफ खेलना अच्छा है। जब मैं भविष्य में अपने करियर पर नजर डालूंगा तो बड़े गर्व से अपने पोते पोतियों को बताऊंगा कि मैंने बुमराह जैसे गेंदबाज का सामना किया था। इसलिए उनके खिलाफ खेलना नुकसानदेह नहीं है। उम्मीद है मुझे आगे भी उनके खिलाफ खेलने का अवसर मिलेगा हालांकि उनका सामना करना चुनौती पूर्ण है। हेड भारत के खिलाफ पर्थ में अर्धशतक बनाने वाले अकेले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज थे जब बुमराह के सामने शीर्ष क्रम रनों के लिए संघर्ष कर रहा था तो वह जमे रहे। इस खिलाड़ी ने कहा, ह्ययह निश्चित है कि अन्य खिलाड़ी इसके बाद भी मुझसे बल्लेबाजी की सलाह नहीं लेंगे क्योंकि प्रत्येक खिलाड़ी के खेलने का अपना तरीका होता है।

# बॉलीवुड न्यूज

## अपेक्षा पोरवाल को अपने डस्की कॉम्प्लेक्शन पर है गर्व

**मुंबई ।** अपेक्षा पोरवाल न केवल अपने रिमार्केबल एक्टिंग स्किल के लिए जानी जाती हैं बल्कि उनकी खूबसूरती भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती हैं। अपेक्षा ने अपने दमदार अदाकारी से इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनायी हैं और अपनी डस्की स्किन को अपनी पहचान बनाते हुए वे हमेशा खुलकर बात करती हैं। अपेक्षा बताती हैं कि "मुझे नहीं लगता कि मुझे अपनी स्किन टोन की वजह से ओवरकम करने की जरूरत है – यह मेरे व्यक्तित्व का हिस्सा है।" "मुझे लगता है कि महिलाओं के लिए, विशेष रूप से हमारे जैसे इंडस्ट्री में, अपने व्यक्तित्व को अपनाना और उसका जश्न मनाना महत्वपूर्ण है। पूर्व मिस इंडिया विनर अपेक्षा ने अनदेखी जैसे प्रोजेक्ट और हनीमून फोटोग्राफर में अपनी हालिया मुख्य भूमिका के माध्यम से एक अभिनेता के रूप में उन्होंने अपने हुनर का जमकर प्रदर्शन किया है जिसे खूब सराहा गया है। जबकि कई अभिनेता सौंदर्य मानदंडों पर चर्चा करने से कतराते हैं, अपेक्षा की स्पष्ट राय भारतीय सिनेमा में व्यापक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। वह कहती हैं, "महत्वपूर्ण बात यह है कि हम दर्शकों के साथ कैसा संबंध बनाते हैं, और यह प्रामाणिकता से आता है, न कि एक दायरे में फिट होने से। अपनी पसंद के माध्यम से अपेक्षा पोरवाल न केवल अपने लिए एक अलग पहचान बना रही हैं, बल्कि दूसरों को भी अपनी शर्तों पर सुंदरता को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।



## सच्ची दोस्ती ऐक्टिंग को और मजबूत बनाती है 'दीवानियत'

**मुंबई।** स्टार प्लस का शो दीवानियत अपनी दिलचस्प कहानी और हैरान कर देने वाले ट्विस्ट्स के साथ दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। विजयेंद्र कुमेरिया (देव), कृतिका सिंह यादव (मन्नत), और नवनीत मलिक (जीत) मुख्य भूमिका में हैं, और फैंस ये जानने के लिए बेकरार हैं कि ड्रामे में आगे क्या होने वाला है। दीवानियत का हालिया ट्रैक मन्नत और जीत की प्रेम कहानी और उनकी शादी की तैयारियों के इर्द-गिर्द घूम रहा है, लेकिन एक चौंकाने वाला ट्विस्ट आने वाला है, जो दर्शकों को ये सोचने पर मजबूर कर देगा कि आगे क्या होगा। हाल ही में शो का एक दिलचस्प प्रोमो सामने आया है, जिसने फैंस को सस्पेंस में डाल दिया है और एक हैरान कर देने वाले ट्विस्ट की झलक दिखाई है। प्रोमो में दिखाया गया है कि अनचाहे हालातों की वजह से देव और मन्नत, जो एक-दूसरे से नफरत करते हैं, एक-दूसरे से शादी करने वाले हैं। प्रोमो की शुरूआत देव और जीत की खुशी के साथ होती है, जबकि दूसरी तरफ देव और मन्नत की शादी हो रही होती है। ऐसे में ये सवाल उठता है, अगर जीत और मन्नत, जो गहरे प्यार में हैं, शादी करने वाले थे, तो मन्नत देव से कैसे शादी कर रही है? आने वाले एपिसोड्स काफी इमोशनल होने वाले हैं, जिसमें जबरदस्त ड्रामा और इंटेंस मोमेंट्स होंगे। ये एपिसोड्स कई सरप्राइज देने का वादा करते हैं, जिससे दर्शक ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि मन्नत, देव और जीत के बीच क्या होगा। दोनों एक्टर्स ने ऑफस्क्रीन भी गहरी दोस्ती बना ली है, जो उनकी परफॉर्मेंस को और ज्यादा रियल बनाती है। विजयेंद्र और नवनीत की बॉन्डिंग उनके देव और जीत के किरदारों में भी साफ नजर आती है। उनकी ये सच्ची दोस्ती उनके एक्टिंग को और मजबूत बना देती है। दर्शकों को शो में जबरदस्त ड्रामा और थ्रिलिंग मोमेंट्स देखने को मिलेंगे, जो उन्हें स्क्रीन से बांधे रखेंगे।



## दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है 'दीवानियत'

**मुंबई।** स्टार प्लस का शो दीवानियत अपनी दिलचस्प कहानी और हैरान कर देने वाले ट्विस्ट्स के साथ दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। विजयेंद्र कुमेरिया (देव), कृतिका सिंह यादव (मन्नत), और नवनीत मलिक (जीत) मुख्य भूमिका में हैं, और फैंस ये जानने के लिए बेकरार हैं कि ड्रामे में आगे क्या होने वाला है। दीवानियत का हालिया ट्रैक मन्नत और जीत की प्रेम कहानी और उनकी शादी की तैयारियों के इर्द-गिर्द घूम रहा है, लेकिन एक चौंकाने वाला ट्विस्ट आने वाला है, जो दर्शकों को ये सोचने पर मजबूर कर देगा कि आगे क्या होगा। हाल ही में शो का एक दिलचस्प प्रोमो सामने आया है, जिसने फैंस को सस्पेंस में डाल दिया है और एक हैरान कर देने वाले ट्विस्ट की झलक दिखाई है। प्रोमो में दिखाया गया है कि अनचाहे हालातों की वजह से देव और मन्नत, जो एक-दूसरे से नफरत करते हैं, एक-दूसरे से शादी करने वाले हैं। प्रोमो की शुरूआत देव और जीत की खुशी के साथ होती है, जबकि दूसरी तरफ देव और मन्नत की शादी हो रही होती है। ऐसे में ये सवाल उठता है, अगर जीत और मन्नत, जो गहरे प्यार में हैं, शादी करने वाले थे, तो मन्नत देव से कैसे शादी कर रही है? दर्शक आगे काफी ड्रामे की उम्मीद कर सकते हैं, और ये देखना दिलचस्प होगा कि मन्नत, देव और जीत की ज़िंदगी में आगे क्या होता है। ये एपिसोड्स कई सरप्राइज देने का वादा करते हैं, जिससे दर्शक ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि मन्नत, देव और जीत के बीच क्या होगा।




# स्काउट गाइड से छात्रों का होता है सर्वांगीण विकास: सत्यमूर्ति ओझा

**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद चंदौली के तत्वावधान में सकलडीहा इंटर कॉलेज सकलडीहा में मंगलवार को पांच दिवसीय स्काउट, गाइड तृतीय सोपान शिविर का समापन किया गया। शिविर के आखिरी दिन सकलडीहा इंटर कालेज प्रधानाचार्य कमलापति पांडेय की उपस्थिति में ध्वज शिष्टाचार कराया गया।

इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष सत्यमूर्ति ओझा की देख रेख में आयोजित प्रशिक्षण के अंतिम दिन जिला स्काउट वरिष्ठ अध्यापक जय प्रकाश रावत व काउंसिल सुनीता मौर्य व रेखा यादव संरक्षण में छात्र छात्राओं के टेंट, गैजेट्स निर्माण व कुकिंग कि प्रशिक्षण कराया गया। उपस्थित सभी छात्र छात्राओं द्वारा किये गए निर्माण टेंट गैजेट्स का अतिथियों द्वारा निरीक्षण कर खूब सराहना किया। वहीं छात्राओं द्वारा किये गए कुकिंग परीक्षण में बनाये गए विभिन्न तरह व्यंजनों को चख कर अतिथियों ने सभी छात्राओं का खूब सराहना किया।


सकलडीहा इंटर कॉलेज में स्काउट-गाइड को संबोधित करते सत्यमूर्ति ओझा।

इस दौरान समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री शशिधर सिंह प्रधानाचार्य भारतीय विद्या मंदिर बरठी नें संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग एक ऐसी विधा है जिसके माध्यम से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है।स्काउट का मूल जो नौ नियम है उसे याद कर जो बच्चा जीवन में अमल करता है वह जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता। इस मौके पर अध्यापक घनश्याम त्रिपाठी, वसीहुज्जमा खान, प्रवीण तिवारी, सपना मिश्रा, प्रियंका, प्रवीण तिवारी, संजीव कुमार यादव, चंद्र नारायण विश्वकर्मा, शरद चंद्र विवेक, दिलीप सिंह, अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# इंडियन रोटी बैंक ने गरीब बच्चों में निःशुल्क कपड़ा बांटा

**डीडीयू नगर।** इंडियन रोटी बैंक मुगलसराय जनपद चंदौली के सदस्यों ने हर वर्ष की इस वर्ष भी ठंड के शुरू होने पर नगर के दलित बस्ती, सड़क, फुटपाथ, स्टेशन पर रहने वाले बेसहारे में गर्म कपड़े वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर शोएब खान ने बताया कि सर्दी के मौसम में गरीब बच्चों की सहायता करने के लिए इंडियन रोटी बैंक मुगलसराय की ओर से निःशुल्क गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब छोटे बच्चों को निःशुल्क कपड़े बांटे गए। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में यहां पर बच्चे पहुँचे। महिला कोऑर्डिनेटर शहला शाहाब ने बताया कि ठंड जैसे जैसे बढ़ती जा रही है वहीं बच्चों की और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ती जा रही है। ठंड के चलते अगर शरीर पर कपड़ा ना हो तो ऐसे में रात और दिन बिताना बेहद मुश्किल हो जाता है। खासतौर पर रात के समय कपड़ों की कमी के कारण कई बार बच्चे बीमार पड़ जाते हैं इसीलिए ऐसे गरीब बच्चों की सहायता करने के लिए इंडियन रोटी बैंक मुगलसराय द्वारा वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गरीब, छोटे बच्चों को निःशुल्क कपड़े बांटे गए। इस अवसर पर डॉ हुजैफा, मोहसिन, डॉ अलिफ रजा, डॉ गुंजन गौरव, प्रदीप कुमार चौहान, शाकिब, फैयाज अंसारी, जैकी भाई, दानिस, शम्मी, सोनू, गुड्डू, शिबू, अरमान, शैफ संस्था के अन्य सहयोगी भी मौजूद रहें।

# हिन्दू रक्षा समिति ने निकाली जन आक्रोश रैली

**चंदौली।** हिन्दू रक्षा समिति ने मंगलवार जिला मुख्यालय पर जन आक्रोश रैली निकाली गई। इस दौरान हिन्दू संगठन ने नगर में भ्रमण करते हुए बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे को सौंपा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कहा कि बांग्लादेश में धर्मान्तरण हो रहा है। यदि इसको कड़ाई से रोका नहीं गया तो आतंकियों का हौसला बढेगा। इससे लोक तांत्रिक प्रणाली ध्वस्थ होगी। हिन्दु समाज अत्याचार व अन्याय के विरुद्ध लगातार मुखर रहा है। सभी हिन्दु संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ता भारत सरकार के माध्यम से यह मांग करती है कि तत्काल बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार रोकने की पहल कड़ाई के साथ करे। इस मौके पर गुलाब सिंह, जयप्रकाश, आशुतोष, नन्दलाल, जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह, विधायक सुशील सिंह कैलाश आचार्य, रमेश जायसवाल, अनिल सिंह, राणा प्रताप सिंह, हरिवंश उपाध्याय, शिवराज सिंह, उमाशंकर सिंह, जैमेन्द्र कुमार, अभिषेक मिश्रा, मेहन्द्र सिंह, बाबू जायसवाल, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।



# योगेश्वर ने विनेश और बजरंग पर निशाना साधा, कहा-खेल का राजनीतिकरण न करें



**सोनीपत।** पहलवान योगेश्वर दत्त ने विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया पर निशान साधते हुए कहा है कि वे खेल का राजनीतिकरण न करें। वहीं नाडा के पहलवान बजरंग पूनिया को चार साल के लिए निलंबित करने के फैसले पर उन्होंने कहा कि डोप टेस्ट नहीं देने के लिए ही बजरंग पर कार्रवाई हुई है।

डोप में फंसने पर भी यही कार्रवाई होती है। बजरंग ने डोप टेस्ट के लिए नमूना नहीं दिया, इसलिए कानून के दायरे में ही ये कार्रवाई हुई है। इसपर कोई सवाल नहीं उठा सकता। वहीं हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बजरंग लेकर कहा कि नाडा कानून के हिसाब से काम करती है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस अपनी खेल नीति का आंकलन करे और फिर भाजपा की खेल नीति पर सवाल उठाए। साल 2013 से पहले क्या नीति थी और अब क्या नीति है। हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए सरकार अच्छा काम कर रही है, हमें उम्मीद है कि हरियाणा के खिलाड़ी आगे भी अच्छे पदक लेकर आएंगे।



शिया इण्टर कॉलेज में अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करती दिव्यांग बालिका

# जौनपुर

# गैस ऐजेंसी से चोरी गए 190 सिलेंडर के साथ दो गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



**मीरगंज।** 19 नवम्बर को जनार्दन इण्डेन ग्रामीण वितरक एजेन्सी सेमरी से चोरी हुए सिलेंडर के मामले में पुलिस ने दो अंतर्जनपदीय लुटेरों को 190 सिलेंडर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जंघई के सेमरी गाँव स्थित जनार्दन इण्डेन ग्रामीण वितरक ऐजेन्सी पर 19 नवम्बर की रात लुटेरों ने चौकीदार को बंधक बनाकर 141 सिलेंडर सहित दो पिकअप गाड़ी उठा ले गये थे।

दूसरे दिन पिकअप में डिवाइस लगने के कारण लोकेशन ट्रेस होने से प्रयागराज जनपद मे बरौत के पास दोनों पिकअप नहर के पास मिल गई थी। लेकिन 141 सिलेंडर नहीं मिले थे। सुबह मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गयी थी। एजेंसी होल्डर सन्तोष सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कई जगह दबिश दी पर सफलता नहीं लगी। सोमवार की शाम पुलिस को उस समय सफलता हाथ लगी जब मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष रमेश कुमार पुलिस दल के साथ मोलनापुर की निर्माणाधीन नहर की पुलिया के पास से दो लुटेरों को पकड़ लिया। उनके पास से 19 नवम्बर को लूटी गयी 141 गैस सिलेंडर के साथ 27 मई को पंवारा थाना के कुंवरपुर गैस ऐजेन्सी से लूटे गये 49 गैस सिलेंडर और टाटा मैजिक को पकड़ लिया। आरोपी धर्मवीर गौतम उर्फ जानू पुत्र कुल्लू राम निवासी हरिहरपुर सरायदासू सैदाबाद थाना हंडिया जिला प्रयागराज और सौरभ पुत्र राम बहादुर निवासी ग्राम चिल्ला कला थाना सोहागी जनपद रिवा मप्र. के रुप मे पहचान हुई। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## विधि शासन को बनाए रखने के लिए अधिवक्ताओं की भूमिका अहम



अधिवक्ता दिवस 3 दिसंबर को स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति और बाहद सम्मानिता वकील डॉ. राजेंद्र प्रसाद की याद में मनाया जाता है। अधिवक्ता दिवस न्याय प्रशासन में कानूनी पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ साथ कानून के शासन को बनाए रखने के लिए उनके समर्पण की याद दिलाता है।

**मछलीशहर।** अधिवक्ता भवन में मंगलवार को अधिवक्ता दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विचार वक्त करते हुए मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ ने कहा कि विधि शासन को बनाए रखने के लिए अधिवक्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

तहसीलदार न्यायिक आईएएस इशिता किशोर ने कहा कि व्यक्ति अपने अधिकारों के अतिक्रमण होने पर न्यायालय का रुख करता है और न्यायालय का रास्ता अधिवक्ता के मार्ग दर्शन में ही पाता है। अधिवक्ताओं ने विचार व्यक्त करते कहा कि हर वर्ष की याद में मनाया जाता है। अधिवक्ता दिवस न्याय प्रशासन में कानूनी पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ साथ कानून के शासन को बनाए रखने के लिए उनके समर्पण की याद दिलाता है। गोष्ठी का संचालन महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद मिश्रा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, केदारनाथ यादव, अशोक श्रीवास्तव, आरपी सिंह, रघुनाथ प्रसाद, प्रेम बिहारी यादव, सरजू प्रसाद बिंद, हरि नायक तिवारी, आलोक विश्वकर्मा, भरत लाल यादव, कमलेश कुमार, वीरेंद्र मौर्य आदि ने विचार व्यक्त किया।

## कुलपति ने किया सेमेस्टर परीक्षाओं का औचक निरीक्षण



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने मंगलवार को महाविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए। पहली पाली में संपन्न हुई परीक्षा का सीसीटीवी भी देखा।

कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने जनपद के गुलाबी देवी महाविद्यालय, अब्दुल अजीज अंसारी महाविद्यालय एवं फरीदुलहक महाविद्यालय का परीक्षा के दौरान निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा दिये गए निर्देशों की स्थिति जानी और सीसीटीवी को भी चेक किया। अब्दुल अजीज महाविद्यालय के रसायन विभाग के लैब का भी निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह भी शामिल रहे। विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा गाजीपुर, जौनपुर एवं प्रयागराज जनपद के 380 केंद्रों पर संपन्न हो रही है जिसमें गाजीपुर जनपद में 214, जौनपुर जनपद में 165 एवं प्रयागराज जनपद में एक केंद्र समय से सेमेस्टर परीक्षाओं के संपन्न होने के लिए बनाए गए। समय से परीक्षा संपन्न कराने एवं परीक्षाफल घोषित करने के लिए 3 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तीन पाली में परीक्षा कराई जा रही है। पहली पाली सुबह 8 बजे से 10 बजे तक तथा दूसरी पाली 11 से 1 बजे तक और तीसरी पाली 2 बजे से 4 तक आयोजित की गई है ।

## नाबालिग किशोरी को भगा ले गया युवक

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक समेत अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक युवक भगा ले गया। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि प्रयागराज जिले के बरियारामपुर शोरो गांव निवासी युवक संतोष पुत्र कल्लू रविवार की रात बहला फुसलाकर उसकी पुत्री को कहीं भगा ले गया। भुक्तभोगी ने आगे बताया है कि पड़ोसी गांव मीरपुर के कुछ लोगों ने इसमें सहयोग भी प्रदान किया है। पीड़ित पिता का आरोप है कि थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दिया गया किंतु उसका मुकदमा नहीं दर्ज किया गया। महज आश्वासन देकर वापस लौटा दिया गया। पिड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद यादव ने घटना से अंभिज्ञता जताई।

# केला दौड़ में वासिफ, 50 मीटर दौड़ में परी प्रथम

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** नगर के शिया इन्टर कालेज के मैदान में मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर समेकित शिक्षा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। साथ में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, लेखाधिकारी राजीव पाण्डेय, गहना कोठी से विनीत सेठ ने दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद जिला बेसिक अधिकारी ने डीएम दिनेश चन्द्र को बुके शाल, मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

समेकित शिक्षा समन्वयक शशिधर उपाध्याय द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, लेखा अधिकारी राजीव पाण्डेय, विनित सेठ, एबीएसए उदयभान कुशवाहा, सौरभ कनौजिया, विशाल उपाध्याय, अरुण मौर्या, दुर्गेश पटेल को बुके शॉल, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डीएम दिनेश चंद्र ने गुब्बारा हवा में छोड़ा। ट्रैक पर मशाल लेकर खड़े दिव्यांग छात्र आशीष गौंड़ ने मैदान में दौड़ लगाई। केला दौड़ में वासिफ प्रथम, विक्की द्वितीय, विराट तृतीय, 50 मीटर बालिका दौड़ में परी सरोज प्रथम तान्या द्वितीय,100 मीटर दौड़ में नितेश प्रथम, शिवा शर्मा द्वितीय, गोली चम्मच दौड़ में विक्की प्रथम, समर द्वितीय आयुष तृतीय, सुलेख में स्वतंत्र प्रथम, महिमा द्वितीय, आकांक्षा तृतीय आदि गेम कराए गए। मौके पर सभी विकास खण्डों से विशेष शिक्षक ज्योति सिंह, विवेक सिंह, संजय मिश्रा, प्रमोद कुमार माली, मनोज गुप्ता, शक्ति सिंह, विजय सिंह, सुनीता कुशवाहा, आनन्द तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील सिंह ने किया।

# करोड़ों की मूर्ति चोरी का अब तक नहीं हो सका खुलासा





जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** क्षेत्र स्थित जमैथा गांव के प्राचीन ठाकुरबाड़ी मंदिर से बीते बुधवार की रात चोरों ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी कर ली थी जिसकी कीमत लगभग करोड़ों में बताई जा रही है। चोरी की इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक 5 दिन बीत चुके हैं उसके बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। जहां पुलिस चोरी की घटना पर अंकुश लगाने में विफल है वहीं आये दिन कहीं न कहीं क्षेत्र में चोरी की घटना घट रही है लेकिन चोर पुलिस की पकड़ से काफी दूर है। इस विषय पर थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव का कहना है कि हर पहलू पर जांच की जा रही है जल्द से जल्द चोर पुलिस की पकड़ में आ जायेंगे। अब ये देखना है कि कब तक पुलिस करोड़ों रुपए की मूर्ति चोरी करने वाले चोर कब पकड़ में आते हैं।

### ये था पूरा मामला

गुरुवार सुबह जब मंदिर पहुंचे एक युवक ने मूर्तियों को गायब पाया, तो उसने तुरंत पुजारी और ग्रामीणों को सूचना दी। देखते ही देखते गांव के लोग मंदिर पर इकट्ठा हो गए और आक्रोशित हो उठे। पुजारी की नियुक्ति के बाद भी सुरक्षा में चूक हुई। हाल ही में गांव के लोगों ने चंदा इकट्ठा कर मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था और मजबूत दरवाजे भी लगवाए थे। दस दिन पहले ही दिवाकर तिवारी को पुजारी नियुक्त किया गया था, जो मंदिर के पास ही स्थित एक कमरे में सो रहे थे। चोर रात में गेट का ताला तोड़कर मूर्तियों को अपनी जगह से उखाड़ कर ले गए। सुबह गांव का एक युवक मंदिर पर पहुंचा। वहां पर मंदिर से मूर्तियां गायब देख कर पुजारी को जगाया। उसके बाद बस्ती के लोग मंदिर पर आ गए। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दिया।

### 30 साल पहले चोरी की गई इन्ही मूर्तियों को पुलिस ने किया था बरामद

ठाकुरबाड़ी मंदिर से लक्ष्मी विष्णु की मूर्तियां आज से 30 वर्ष पहले भी चोरी हो गई थीं। उस समय क्षेत्रीय लोगों ने थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया था। छानबीन के दौरान मूर्तियां उस समय क्षेत्र के गेहूं के खेत बरामद की गई थी तथा बरामदगी के बाद पुलिस ने उन मूर्तियों को उक्त मंदिर में स्थापित करवाया था। प्रधान अमरसेन बताते हैं कि प्राचीनकाल से स्थापित इस मंदिर हालत काफी जर्जर हो गयी थी। गांव के लोगों ने चंदा जमा करके मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया। मूर्तियों की सुरक्षा के लिए मजबूत दरवाजे लगवा दिये थे। मंदिर में कोई पुजारी नहीं था गांव के लोग दस दिन पहले बक्शा क्षेत्र के लेदुका निवासी दिवाकर तिवारी को पुजारी नियुक्त किया था।

## बिजेथुआ दर्शन को जा रहे बाइक सवार तीन घायल

**शाहगंज।** नगर के मेन रोड के हुसेनगंज मोहल्ला निवासी तीन लोग बाइक से बिजेथुआ धाम दर्शन को जा रहे थे कि सड़क दुघर्टना में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो महिलाएं समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।मंगलवार की सुबह नगर के हुसेनगंज मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय अभिनव अग्रहरि पुत्र जय प्रकाश बाइक से अपनी मां 42 वर्षीय चंदा देवी व अपनी चचेरी बहन 20 वर्षीय तनु पुत्री उमाशंकर को बाइक से लेकर बिजेथुआ धाम महावीर दर्शन हेतु जा रहे थे कि नयी आबादी मोहल्ला स्थित सेंट थामस मोड़ के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिसमें तीनों घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अभिनव की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में मनाया गया एड्स जागरूकता दिवस



**मड़ियाहूं।** मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में एड्स जागरूकता का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एसके पाठक ने कहा कि जागरूकता ही एड्स का बचाव है। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार मौर्य ने कहा कि यह एक लाइलाज बीमारी है, अभी तक इसकी कोई सफल दवा नहीं खोजी जा सकी है। इसलिए हमें अपने परिवार के प्रति वफादार रहना चाहिए। डॉ. पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि इसके रोकथाम के लिए सरकारी सुविधाओं का उपयोग करना चाहिए।

कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दुर्गेश्वरी पांडेय ने एड्स जागरूकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉक्टर आशीष उपाध्याय, डॉक्टर बृजेश शुक्ला, डॉक्टर देवेंद्र उपाध्याय तथा डॉक्टर दया सिंधु ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# चोरों ने एक ही रात दो गांवों को बनाया निशाना



### चोरी की बढ़ती घटनाओं से आम जन मानस में भय और आक्रोश

क्षेत्र के मल्लूपुर गांव निवासी दीपक सरोज पुत्र पलकधारी सरोज के घर से दो सौ मीटर दूर सिवान में खेतों के सिंचाई के लिए लगे पंपिंग सेट के दरवाजे का ताला काटकर अंदर घुसे चोरों ने स्टेपलाइजर व स्टार्टर को लेकर चंपत हो गए। वहीं बगल के खेत में बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने बड़े ही इत्मीनान से खंगालने के साथ ही घर में रखे बेशकीमती जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। भुक्तभोगी अंतिमा सरोज पत्नी मुन्ना सरोज घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मैं अपने मायके गई हुई थी। पड़ोसियों द्वारा चोरी की घटना की जानकारी हुई। फलस्वरूप चोरी की घटना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। क्षेत्र में आए दिन नदियों की बाढ़ की तरह घटित हो रही चोरी की घटनाओं में वृद्धि से आम जन मानस में जहां भय व असुरक्षा का वातावण व्याप्त हो गया है। वही पुलिस की निष्क्रियता को लेकर लोगों में भय और आक्रोश पनपता नजर आ रहा है।

**बेखौफ**

### गुमटी में तीसरी बार व विशाल पुस्तक केंद्र में दूसरी बार चोरी का किया प्रयास

### चोरों ने हजारों रुपये के सामान समेत नकदी पर फेरा हाथ

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** क्षेत्र के तरियारी गांव निवासी जीउत यादव पुत्र खदेरन व संजय यादव पुत्र रमाशंकर यादव के चाय-पान की गुमटी व विशाल पुस्तक भंडार की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते है। रोज की भांति दुकान बंद कर सभी अपने-अपने घर चले गए। आधी रात बाद चोर गुमटी का ताला तोड़कर उसमें रखा गुटखा, सिगरेट, पान इत्यादि सामग्री लेकर फरार हो गए। वहीं विशाल पुस्तक भंडार की दिवार में जुड़ाई के लिए छोड़े गए खाखें के सहारे छत पर चढ़ ईंट काट दुकान में प्रवेश करने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिलते देख बैरंग लौट गए। सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार ने गुमटी का ताला टूटा देखा तो अवाक रह गया। तत्पश्चात गुमटी खोल देखा तो सारा सामान गायब रहा जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। इस बाबत जीउत यादव ने बताया कि गुमटी में यह तीसरी बार चोरी हुई है, वही संजय यादव ने बताया कि इसके पूर्व में चोरी हुई है और यह दूसरी बार है मगर चोर चोरी करने में असफल रहे।

## संक्षेप

### ट्रक व स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर, बाल-बाल बचे लोग

**शाहगंज।** नगर के व्यस्ततम मार्गो में से एक बलिया-लखनऊ राजमार्ग सेंट थॉमस चौक पर मंगलवार की सुबह 11 बजे स्कार्पियो और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गयी जिससे स्कार्पियो का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। टक्कर के पश्चात चौराहे पर भीषण जाम लगने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मालूम रहे उक्त चौक से कई हजार छात्र छात्राएं प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इस मार्ग पर राजकीय महिला महाविद्यालय, सेंट थामस इंटर कालेज, प्राइमरी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय समेत कई चिकित्सालय स्थित है। आये दिन दुर्घटना आम बात है। पिछले माह में साइकिल सवार छात्रा ट्रैक्टर की चपेट में आने से जान गंवा बैठी थी। स्थानीय लोगों ने सैकड़ों बार ब्रेकर बनाने व यातायात पुलिस व्यवस्था की गुहार लगा चुके हैं। लेकिन इनकी आवाज नक्कारखाने में तूती साबित हो रहा है।

### गलसुआ रोग के सैंपल की जांच रिपोर्ट आने का लोग कर रहे इंतजार

**सुइथाकला।** विगत दिनों क्षेत्र में गलसुआ (मम्स) रोग से प्रभावित लगभग आधे दर्जन गांवों से भेजे गए कुल 21 संदिग्धों के ब्लड सैंपल की जांच रिपोर्ट आने का इंतजार स्वास्थ्य महकमा समेत अन्य लोग कर रहे हैं। जिनमें से जहां तीन लोगों की रिपोर्ट नकारात्मक आई वहीं शेष की रिपोर्ट आने की स्वास्थ्य महकमा भी इंतजार कर रहा है। विभागीय सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बांधगांव, गैरवांह, अतरडीहा, पूरा दरियाव, मित्तूपुर, शाहापुर आदि गावों में बीते सप्ताह कई बच्चे गलसुवा (मम्स) रोग से पीड़ित पाए गए थे। आशंका के आधार पर गैरवांह स्थित साधना चिल्ड्रेन एकेडमी में भी जिला मुख्यालय से आए स्वास्थ्य महकमे के लोगों ने जांच किया था। बीते 24 व 25 नवंबर को कुल 21 लोगों के ब्लड सैंपल जांच हेतु बीएचयू भेजा गया था। इनमें से 24 नवंबर को भेजे गए तीन लोगों में मम्स की पुष्टि नहीं हुई है जबकि अन्य लोगों की रिपोर्ट का इंतजार अभी भी लोगों द्वारा किया जा रहा है। इस बीच प्रभावित गांवों में किसी नए मरीज के मिलने की भी खबर नहीं है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. विक्रांत गुप्ता का कहना है कि तीन संदिग्धों की रिपोर्ट नकारात्मक आई है जब कि बचे हुए 18 लोगों की रिपोर्ट अगले सप्ताह आने की उम्मीद है।

### विभिन्न मामलों में सात का हुआ चिकित्सकीय परीक्षण चार जिला अस्पताल रेफर

**सुइथाकला।** क्षेत्र के कुल तीन गांवों में अलग-अलग मामले को लेकर हुई मारपीट में कुल सात लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण कराए जाने का मामला मंगलवार को सामने आया है। पुलिस सभी का स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जबकि परीक्षण के दौरान कुल चार लोगों की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार शाम क्षेत्र के चेतरहां गांव में लगे मेले के दौरान बच्चों के बीच उपजे विवाद में जहां देर रात हुई मारपीट में उक्त गांव से राम अजोर 60 पुत्र रामलखन व उनकी पत्नी और बेटा श्रीपति 59, फतेह बहादुर तथा भाई रामकृपाल 70 घायल हो गए, वहीं अमावाखुर्द गांव में कूड़े के विवाद में उसी समय हुई मारपीट में राममिलन 50 पुत्र रामजीयावन और उसका 22 वर्षीय बेटा मोनू के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। इसी कड़ी में पुरा असालत खां गांव में मंगलवार सुबह किसी बात को लेकर गांव निवासी 24 वर्षीय शाह आलम खां पुत्र मोहम्मद आलम की पिटाई कर दी गई। फिलहाल तीनों मामलों में सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं परीक्षण के दौरान रामकृपाल, श्रीपति, शाह आलम खां और मोनू की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### समाजसेवी ने गरीब छात्रों में वितरित किया स्कूल बैग

**थानागद्दी।** अधिक से अधिक पैसे कमाने के चक्कर में अनेक लोग जहां गलत सही सभी तरीके अपनाने में भी संकोच नहीं करते वहीं समाज में एक ऐसा व्यक्ति भी है जो समाज सेवा के लिए प्रतिदिन की कमाई में से 10 प्रतिशत समाज सेवा के लिए खर्च करता है। केराकत ब्लॉक क्षेत्र के बम्मावन गांव निवासी सुनील शर्मा पेशे से नाई हैं। प्रतिदिन की उनकी कमाई में से 10 प्रतिशत वे समाज सेवा के लिए निकाल देते हैं। यह कार्य वे पिछले 7 वर्षों से लगातार कर रहे हैं। इसी पैसे से उन्होंने मंगलवार को थानागद्दी, बम्मावन नाऊपुर गावों के 40 गरीब बच्चों को स्कूल बैग और स्टेशनरी वितरित किया। सुनील प्रतिदिन की कमाई में से पैसे निकाल कर समाजसेवा के नाम पर रखे गए अलग गुल्लक में जमा कर देते हैं। इस पैसे को वे क्षेत्र की गरीब लड़कियों के विवाह में सहयोग करने, पौधरोपण करने, गर्मियों में राहगीरों के लिए प्याऊ लगवाने और गरीब स्कूली छात्रों में स्टेशनरी आदि वितरित करने में खर्च करते हैं। सुनील शर्मा ने बताया कि अब तक वे थानागद्दी बाजार सहित क्षेत्र के अनेक छोटे छोटे बाजारों, गावों और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर 8 हजार पौधे लगवा चुके हैं। अब तक तीन गरीब लड़कियों के विवाह में आर्थिक सहयोग कर चुके हैं और अनगिनत छात्रों को किताबें, स्कूल बैग और स्टेशनरी वितरित कर चुके हैं। सुनील शर्मा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य हैं। उनके लोकोपयोगी और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए पूर्व विधायक बीजेपी के दिनेश चौधरी उन्हें सम्मानित कर चुके हैं। सुनील शर्मा ने बताया कि उन्हें इस कार्य करने की प्रेरणा संजय शुक्ल गुरूजी से मिली।

### विक्षिप्त महिला से छेड़खानी का प्रयास, जीआरपी के जवान ने बचाया

**जंघई।** स्थानीय जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक अर्धविक्षिप्त महिला के साथ एक व्यक्ति ने छेड़खानी का प्रयास किया। महिला के विरोध पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। मौके पर पहुंचे जीआरपी के जवान ने आरोपी को पकड़ कर महिला को बचाया। रेलवे स्टेशन पर एक अर्धविक्षिप्त महिला लगभग एक महीने से स्टेशन के आसपास रह रही है। सोमवार की रात 9 बजे एक युवक ने महिला से छेड़खानी शुरू कर दिया तो महिला भड़क गयी और शोर मचाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गयी। मौके पर पहुंचे लोगों ने जीआरपी को सूचना दिया। जीआरपी का एक जवान मौके पर आ गया और किसी तरह महिला को उस व्यक्ति से बचाया। इस घटना को लेकर चर्चा जोरों पर है। लोगो का कहना है की टिकट दलाल रात में ही काउन्टर के पास आकर सो जाते है और ऐसी घटना को अंजाम देते रहते हैं।

### बांस गिरने से पांच घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

**खेतासराय।** मेन लाइन ब्रेकडाउन होने से नगर की विद्युत आपूर्ति पांच घंटे तक बाधित रही। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों के मरम्मत करने के बाद दोपहर में आपूर्ति बहाल हुई। पूर्वांचल से खेतासराय 33/11 विद्युत उपकेंद्र खेतासराय पर आने वाली लाइन पर मंगलवार की सुबह लगभग 8:30 मखमेलपुर में बांस गिर गया जिससे कस्बे की लाइन गुल हो गई। बाजार में दुकानें खुलने के बाद विद्युत आपूर्ति ठप देख बिजली के सहारे काम करने वाले दुकानदारों का काम ठप हो गया। दुकानदार बिजली न रहने का कारण एक दूसरे से पूछ्ते रहे। लाइन मैन दयाराम ने बताया कि मखमेलपुर में लाइन पर बांस गिरने से ब्रेकडाउन हो गया है। कर्मचारियों के मरम्मत के बाद दोपहर डेढ़ बजे आपूर्ति बहाल हुई।

### तहसील अधिवक्ता समिति की बैठक संपन्न

**बदलापुर।** मंगलवार को बदलापुर तहसील में स्थित अधिवक्ता भवन में अधिवक्ता दिवस पर तहसील अधिवक्ता समिति की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने किया। इस दौरान वर्तमान समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। बैठक में अधिवक्ता की समस्या और समस्याओ के निदान पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर तहसील के अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### युवक बना आग का शोला, गंभीर रूप से झुलसा

**केराकत।** नगर के गोलवार्ड स्टेशन रोड निवासी कल्लू डोम के पुत्र चंदन 23 वर्ष ने स्वयं को पेट्रोल डाल आग लगा लिया जिसमे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई जिसके चलते उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहाँ उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रामा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चंदन का झगड़ा अपनी बहन से किसी बात को लेकर हो गया जिससे आवेश में आकर चंदन ने खुद को आग लगा ली। इस घटना से क्षेत्र सहित परिवार में कोहराम मच गया।

# घनी आबादी के बीच गैस की रिफिलिंग का धंधा जोरों पर

जनसंदेश न्यूज

**प्रशासन मौन**

**गोदाम में हमेशा 15 से 20 सिलेंडर रहते हैं मौजूद**

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज क्षेत्र में घनी आबादी के बीच गैस रिफिलिंग का धंधा जोरों पर चल रहा है, प्रशासन की चुप्पी के चलते अवैध गैस का कारोबार फल फूल रहा है। कानून के रखवाले सब कुछ जानते हुए आखें मूंदे बैठे है। प्रशासन की इस सुस्ती व अनदेखी की वजह से अवैध तौर पर रिफिलिंग करने वाले धंधेबाजों के हौसले बुलंद है। वहीं कस्बेवासी इससे से खौफ जदा हैं।

जानकारी के अनुसार कस्बे के सदर मोहाल, पश्चिम मोहाल, खड़हट्टी मोहाल, बघेल छावनी आदि के समीप घनी आबादी है। यहां पर कुछ दुकानदार लंबे समय से खुलेआम अवैध तरीके से बड़े घरेलू गैस सिलेण्डरों से छोटे सिलेण्डरों में गैस रिफिलिंग को अंजाम दे रहे है। होने वाली रिफिलिंग से आमजन की जिन्दगी बेहद खतरे में है। रिफिलिंग गैस का तरीका बेहद खतरनाक है। जिसमे 6 इंच लम्बे लोहे के एक पाइप बांसुरी के जरिए बड़े सिलेंडरो से छोटे सिलेंडरो में गैस रिफिल की जाती है। रिफिलिंग के इस खेल में रिस्क के साथ साथ मुनाफा अधिक है।

यही वजह है कि कस्बे में कुछ दुकानदार अवैध रिफिलिंग खुलेआम कर रहे है। बता दे कि चूल्हा रिपेयरिंग सेंटरो से लेकर बिजली व परचून की दुकानों तक में इस खतरनाक खेल को अंजाम दिया जा रहा है। इनके साथ गैस डालते समय निकलने वाली जहरीली बंदबू ने उनका जीना दुभर किया हुआ है। कई बार इस कार्य को करते समय आग भी लग चुकी है। लेकिन आमजन की जिंदगी को खतरें में डालने वाले इन दुकानदारों को इससे कोई सरोकार नहीं। सूत्रों की माने तो 860 रुपये का सिलेंडर इन अवैध धंधेबाजो को आसानी से मिल जाता है, जिसकी गैस रिफिलिंग के जरिए बेचकर ये लोग 1500 से 2000 रुपये से अधिक रकम बना लेते है। इनके गोदाम के आसपास बसे लोगों की जिंदगी हमेशा खतरे में बनी है। बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद भी कार्रवाई न होने से इनके हौसले बढ़े हुए हैं। नगरवासियों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराकर इस समस्या से निजात दिलाने की माँग की हैं।

## देवाधिदेव का किया गया अलौकिक श्रृंगार, दर्शन पूजन के लिए लगी कतार

**गोपीगंज।** नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव व बाबा तिलेश्वरनाथ का सोमवार की देर शाम अलौकिक श्रृंगार किया गया। पंच द्रव्य और सुगंधित पुष्पों से किए गए श्रृंगार के उपरांत निखरे अलौकिक स्वरुप का दर्शन पूजन कर निहाल हुए भक्तो के जयघोष से मंदिर परिसर देर रात तक गुंजायमान रहा। दर्शन पूजन के लिए सायंकाल से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। आरती पूजन के समय पूरा परिसर श्रद्धालु नर नारियों से भर गया। आरती पूजन के दौरान भक्तो से भरा परिसर हर हर बम बम से गूंज उठा। डमरु, शंख व करतल ध्वनि के बीच पुजारी द्वारा महा आरती की गई। स्तुति गान के उपरांत महाप्रसाद का वितरण कराया। इस मौके पर मनोज पांडेय, दीपक तिवारी, किशन दुबे, दीपक मोदनवाल, शिव अग्रहरी, ओम जी जायसवाल, घनश्याम जायसवाल बाबा आदि रहें।

## सोलर पंप योजना हेतु कृषक करें ऑनलाइन आवेदन: जिलाधिकारी



**भदोही।** सीएम डैशबोर्ड से कृषि, उद्यान, गौ आश्रय स्थल पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियांन (पीएम कुसुम) सोलर पंप योजना पर बल देते हुए बताया कि जनपद के ऐसे किसान जिन्होंने 6 इंच की बोरिंग करा ली है वे ऑनलाइन आवेदन करें ,जिसमें 60 प्रतिशत अनुदान सरकार देगी 40 प्रतिशत किसान स्वयं लगाएंगे। कुल लक्ष्य 185 के सापेक्ष अभी तक 89 आवेदन ही स्वीकृत हुए हैं। अधिक आवेदन करने पर बल दिया गया।

मुख्य विकास कार्य डॉ शिवाकांत द्विवेदी ने पराली को खेतों में न जलाने की अपील के साथ ही पराली के बदले गोबर की खाद प्राप्त करने हेतु ₹परली दो - खाद लो₹ योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कोई भी किसान अपनी पराली को निकटतम गौ आश्रय स्थल में ले जाकर उसके बदले में गोबर की खाद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय उपनिदेशक कृषि से संपर्क करें। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर 15 दिन में चारागाह की भूमि का पशुपालन विभाग को हैंड ओवर करना सुनिश्चित करें।

## संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों में नहीं है प्रतिभा की कोई कमी: बीएसए



**ज्ञानपुर।** अंतराष्ट्रीय दिव्यांग जन सशक्तिकरण दिवस के मौके पर मंगलवार को आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में जनपदस्तरीय दिव्यांग खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलस्तर के सभी विजेता दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा अमन श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान बीएसए ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। आवश्यकता इन्हें बेहतर मंच देने की है। वित्त एवं लेखाधिकारी ने कहा कि बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत सुंदर और सराहनीय रहा। इस मौके पर मनोज कुमार उपाध्याय, समरजीत यादव, दिलीप सिंह, मानिकचंद्र यादव, सूर्यकांत मौर्य, विनोद, शशि किरण मिश्र, जयप्रकाश सिंह, श्याम बहादुर यादव, सत्येंद्र द्विवेदी, विवेक पाठक, संवर्त मिश्र, विजय मौर्य, मनोज सिंह राणा, गोविंदा, राजेश पांडेय, सरिता मिश्रा, मीरा प्रजापति, देवराज मिश्र, मनोज कुमार, रामसजीवन, अभिषेक पाठक आदि मौजूद रहें। संचालन बीएल पाल ने किया।

### पिता-पुत्र के विरुद्ध एससी-एसटी अधिनियम में केस दर्ज

**सुइथाकला।** बड़ौना पानी टंकी निवासी पिता-पुत्र के विरुद्ध एक युवती ने अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पीड़िता अंजू ने क्षेत्राधिकारी शाहगंज को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बड़ौना पानी टंकी स्थित कोमल गुप्ता के मकान में वह युवतियों को सिलाई-कढ़ाई का काम सिखाती है तथा बीटीसी की छात्रा है। बीते जुलाई माह में मकान मालिक कोमल गुप्ता के पुत्र सुधीर गुप्ता ने उसकी तथा वहां आने वाली अन्य युवतियों की अश्लील वीडियो बनाकर उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करना शुरू कर दिया। जिसका विरोध करने पर आरोपित ने उसकी व उसके भाई राजकुमार को जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं उसने उसके तथा उसके भाई के ऊपर चाकू से हमला किया और जलाने के उद्देश्य से तेजाब भी फेंका जिसमे वह बाल बाल बच गई।

### टीकाकरण के लिए संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**खेतसराय।** विकासखंड शाहगंज सोंधी के सभागार में मंगलवार को टीकाकरण जागरूकता हेतु एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें डॉ. नरेंद्र सिंह जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ. अभिजीत जोशे सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर की उपस्थिति में मेडिकल ऑफिसरों, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन के साथ बच्चों के नियमित टीकाकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बताया कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने खासतौर से वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिजीज खसरा एवं रूबेला पिछले तीन माह के दौरान किसी व्यक्ति को बुखार के साथ चकत्ते लाल दाने हो खसरा एवं रूबेला के अंतर्गत आता है। पिछले 6 माह के दौरान 15 वर्ष तक का कोई भी बच्चा जिसका कोई भी अंग किसी भी कारण अचानक लुज अथवा कमजोर पड़ गया हो। गला घोटू ये किसी व्यक्ति को बुखार गले में दर्द एवं टांसिल का लाल होना या खांसी एवं टांसिल से या उसके आस पास व्हाइट डार्क ग्रे या झिल्ली होना किसी व्यक्ति को कम से कम दो सप्ताह से खांसी हो इसमें कोई भी एक लक्षण हो खांसी का लगातार होना, खांसने के बाद सांस लेने की जोरदार आवाज होना खासने के तुरंत बाद उल्टी होना काली खांसी के लक्षण है। आज बीमारियों के बचाव के लिए टीकाकरण बहुत महत्वपूर्ण है जिसके लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है और प्रत्येक शनिवार और बुधवार को टीकाकरण किया जाता है। अभी इमेज रूबेला अभियान और 8 दिसंबर से सघन पल्स पोलियो अभियान क्रियान्वयन के बारे में जानकारी साझा किया गया। बैठक में गुरदीप कौर डीएमसी यूनिसेफ, डॉक्टर मसूद अहमद खान, डॉक्टर सुधाकर सिंह चौहान, डॉक्टर विवेक आनंद कुशवाहा, डा. फैजान अंसारी, डा. समरीन, अरुण कुमार उपाध्याय आदि लोग उपस्थित थे।

### नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी भदोही की होनहार बिटिया

**भदोही।** आगामी सात दिसम्बर को हरियाणा में होने वाले नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेकर राम सजीवन इंटर कालेज खमरिया की बारहवीं की छात्रा पूनम भदोही का नाम रोशन करेगी। खमरिया क्षेत्र के जगापट्टी गाँव के रघुराज बिंद की पुत्री पूनम विज्ञान वर्ग से बारहवीं की छात्रा हैं।जानकारी देते हुए विद्यालय के क्रीड़ाध्यक्ष रवि शंकर यादव व प्रधानाचार्य बनवारी लाल ने बताया कि पूनम के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यालय परिवार में हर्ष का मौहाल हैं।

# साधन सहकारी समितियों का सीडीओ ने किया निरीक्षण




**गोपीगंज।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने मंगलवार को साधन सहकारी समिति गोपीगंज एवं जंगीगंज का औचक निरीक्षण किया। गोपीगंज साधन सहकारी समिति के निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित सचिव विकास सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि डीएपी कल समाप्त हो गई है, रैक लगा हुआ है, डीएपी की उपलब्धता कल हो जाएगी।

मौके पर यूरिया, जिंक की उपलब्धता पाई गई। साधन सरकारी समिति जंगीगंज में डीएपी यूरिया एवं जिंक उपलब्ध होना नहीं पाया गया। केंद्र के सचिव बिना सूचना के अनुपस्थित रहे, चौकीदार द्वारा अवगत कराया गया कि वह दवा लेने गए हैं। सीडीओ ने दूरभाष पर सहायक निबंधक सहकारी समितियां द्वारा अवगत कराया गया कि कल कल केंद्रों पर डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता हो जाएगी। सीडीओ ने सहायक निबंधक कोऑपरेटिव को निर्देशित किया कि वह समीक्षा कर सभी केदो पर डीएपी, यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं तथा बिना सूचना के अनुपस्थित सचिव से स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रभावी कार्यवाही करें।

### प्राथमिकता के आधार पर किसानों को उपलब्ध कराएं बीज

**भदोही।** डीघ विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भंडार गोधना का सीडीओ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी विद्यनाथ सिंह उपस्थित मिले। केंद्र प्रभारी ने मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि कुल 888 कुंतल गेहूं का बीज प्राप्त हुआ था, जिसका वितरण कर दिया गया है। कल बीज का अंतिम वितरण किया गया। केंद्र पर बीज समाप्त हो गया है किंतु अभी इस केंद्र पर लगभग 25 कुंतल और बीज की डिमांड है। सीडीओ ने उप निदेशक कृषि को दूरभाष पर निर्देशित किया गया कि वह इस केंद्र पर प्राथमिकता के आधार पर गेहूं का बीज उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित कराएं ताकि कृषकों को सुगमतापूर्वक बीज प्राप्त हो सके।

# रैन बसेरा का अतहर अंसारी ने किया उद्घाटन

**शुभारंभ**

**भदोही रेलवे स्टेशन परिसर में बनाया गया है नगर पालिका परिषद द्वारा रैन बसेरा**

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** भदोही रेलवे स्टेशन के परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा रैन बसेरा बनाया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अतहर अंसारी और ईओ धर्मराज सिंह ने मंगलवार की शाम फीताकाट बनाए गए रैन बसेरा का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अतहर अंसारी ने कहा कि हर वर्ष नगर पालिका परिषद द्वारा भदोही रेलवे स्टेशन के परिसर में ठंडी के मौसम में रैन बसेरा बनाया जाता है। ताकि रेल यात्रियों को रात में ठहरने की सुविधा दी जा सके। इस वर्ष भी यहां पर रैन बसेरा बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त नगर पालिका परिषद कार्यालय में भी रैन बसेरा बनाया जाता है। अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने कहा कि पालिका अध्यक्ष नरगिस अतहर अंसारी के निर्देश पर इस वर्ष बड़ा रैन बसेर बनाया गया है। ताकि अगर अधिक यात्री पहुंचे तो उनको रात गुजारने में कोई असुविधा न होने पाएं। कहा कि रैन बसेरा पूरी तरह से वाटर प्रूफ है। वहीं महिलाओं और पुरुषों को रात गुजारने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। ईओ ने सफाई कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह यहां पर नियमित साफ-सफाई करते रहें। ताकि यहां पर गंदगी न होने पाएं। इस मौके पर सफाई निरीक्षक मिथलेश कुमार, अवर अभियंता जल रवि विश्वकर्मा, सभासद अरविंद मौर्या, जितेंद्र यादव पियाजु, अमित कुमार, अलाऊ खान आदि उपस्थित रहे।

# विश्व दिव्यांग दिवस : तुम हाथ पकड़ लो मेरा, देखूं मैं नया सवेरा...

**आयोजन**

**रचना विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने निकाली जन-जागरूकता रैली**

जनसंदेश न्यूज




**जौनपुर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रासमण्डल स्थित रचना विशेष विद्यालय में मंगलवार को साप्ताहिक कार्यक्रम के पहले दिन जन-जागरूकता रैली निकाली गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

रैली में दिव्यांग बच्चे स्लोगन लिखी तख्तियां ...तुम हाथ पकड़ लो मेरा देखूँ मैं नया सवेरा, दया नहीं अधिकारी चाहिए हमें सभी का प्यार चाहिए, हमें न समझों तुम बेकार हमें भी है शिक्षा का अधिकार लेकर लोगों को जागरूक कर रहे थे। उक्त रैली विद्यालय परिसर से निकल कर मानिक चौक, राजा साहब फाटक, अटाला मस्जिद, शाही किला होते हुए विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हो गयी। रैली के पूर्व विद्यालय परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि विशेष बच्चों की अक्षमताओं को नकारते हुए उनकी क्षमताओं को देखना चाहिए जिससे सामान्य तथा विशेष बच्चों में एकरूपता आ सके। नसीम अख्तर ने कहाकि दिव्यांगो को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की आवश्कता है, दिव्यांगता अभिशाप नहीं होती है। इसके लिए समाज के प्रत्येक प्राणी को जागरूक होना पड़ेगा। इस मौके पर विद्यालय के समन्वयक सचिन यादव, वरिष्ठ प्रवक्ता डा. सन्तोष कुमार सिंह, प्रधानाचार्य गौतम चंद, विशेष शिक्षक रविरंजन, जितेन्द्र, लाल साहब, होरेन्द्र, राहुल, दामिनी, नीतू यादव, बबिता सिंह आदि मौजूद रहे।

## नगरपालिका मुंगराबादशाहपुर के सभासद चुनाव के लिए चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**मछलीशहर।** पूर्व सभासद चंदा देवी के निधन के बाद रिक्त नगर पालिका मुंगराबादशाहपुर के वार्ड नं. 4 पकड़ी गोदाम के लिए हो रहे सभासद चुनाव के लिए मंगलवार को तहसील परिसर में नामांकन के अंतिम दिन कुल 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी अमित कुमार, सपा से अधिकृत प्रत्याशी हरिश्चंद्र, निर्दल प्रत्याशी प्रियंका एवं मो. आकिब ने नामांकन किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह ने बताया कि 4 दिसंबर को 11 बजे नामांकन पत्रों की जांच, 6 दिसंबर को 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापसी एवं 6 दिसंबर को तीन बजे चुनाव चिन्ह आवंटन होगा। मतदान 17 दिसंबर को 8 बजे से 5 बजे तक और मतगणना 19 दिसंबर को 8 बजे से परिणाम की घोषणा तक होगा। नामांकन के समय नामांकन स्थल तहसील परिसर में प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थकों की भीड़ लगी रही।

## ऑटो रिक्शा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**सुइथाकला।** क्षेत्र के गलगला शहीद बाजार में मंगलवार को पेट्रोल पंप के पास आटो रिक्शा की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र का पट्टी नरेन्द्रपुर 40 वर्षीय संजू सोनी पुत्र सूर्यभान किसी काम से बाइक द्वारा सूरापुर गया हुआ था। वापसी में गलगला शहीद बाजार के पास विपरीत दिशा से जा रहे आटो की चपेट में आने से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। वहां से स्थानीय सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर परिवार में मौत हो जाने की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। उधर पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद आटो रिक्शा चालक आटो लेकर फरार हो गया।

# पूर्व एसडीएम के आदेश को पलटा, रुपये लेकर जमीन की हेराफेरी का मामला

जनसंदेश न्यूज

**मनमानी**

**रुपये के प्रभाव में पूर्व एसडीएम ने नवीन परती भूमि को कर दिया विद्यालय के नाम**

**केराकत।** 'बंदे हैं हम उसके, हम पर किसका जोर, उम्मीदों के सूरज निकले चारों ओर' यह गीत साल 2013 में आई फिल्म धूम 3 का हैं। फिल्म में अभिनय करते हुए कलाकार लगातार अपनी चोरी में सफल होकर, नियम व सिस्टम के साथ खूब आंखमिचौली करता है। कुछ ऐसा ही वाकया केराकत तहसील में हुआ। यहां एक एसडीएम ने सरकारी तंत्र का हिस्सा रहते हुए नियम की बखिया उधेड़ दी। नियमों को ताक पर रखते हुए मनमाने तरीके से नाऊपुर गांवसभा की भूमि को विद्यालय के नाम कर दिया।

तत्कालीन एसडीएम पर यह लाइन सटीक बैठती है जिनसे शासन व आम जनता तो न्याय व नियमों के पालन के इंतजार में थी लेकिन एसडीएम ने धूम 3 के चर्चित लाइन को चरितार्थ करने में जुटी रहीं। नाऊपुर के समाजसेवी रितेश सिंह के अदम्य पैरवी व शिकायत के आगे अवैध तरीके से पारित आदेश को एसडीएम ने ही पलट दिया। मालूम हो कि तत्कालीन एसडीएम नेहा मिश्रा ने नियमों को ताक पर रखते हुए ग्रामसभा नाऊपुर के नवीन परती खाते की भूमि को कृषक इंटर कॉलेज के नाम पर दर्ज किया। उक्त मामले की जानकारी जब नाऊपुर के ग्राम प्रधान व समाजसेवी रितेश सिंह को हुई तो जिले के अधिकारियों के यहां लिखित शिकायत दर्ज कराई। लेकिन ₹ढाक के तीन पात₹ मामला जस का तस रहा। कोई कार्रवाई न होने से क्षुब्द ग्राम प्रधान ने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर को शिकायत पत्र दिया। जिसमें कहा कि एसडीएम नेहा मिश्रा ने भारी रकम लेकर उक्त जमीन को नियमों से परे जाकर बिना किसी जांच पड़ताल के कृषक इंटर कॉलेज के नाम कर दिया। मंत्री ने लेटर हेड पर मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए एसडीएम के खिलाफ जांच की मांग कर दी जिससे जिले में हड़कंप मच गया। तत्कालीन एसडीएम नेहा मिश्रा के घूस लेने की खबर सोशल मीडिया पर तैरने लगी। इसी बीच देवरिया के रणधीर सिंह ने लोकयुक्त से एसडीएम के संपत्ति जांच की मांग कर दी। हालांकि पूरे मामले के अधिकारियों ने चुप्पी साध ली थी। कुछ दिन बाद खबर दब गई, तब तक एसडीएम का ट्रांसफर बस्ती हो गया। समाजसेवी रितेश सिंह के अनवरत पैरवी से पूर्व की तरह नवीन परती को सरकारी अभिलेख में दर्ज करवा दिए। जिसकी चर्चा जोरों पर हैं। वहीं बुद्धिजीवियों का कहना हैं कि तहसील में भ्रष्टाचार आकंठ तक भरा हुआ हैं। अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। तत्कालीन एसडीएम नेहा मिश्रा के ऊपर विधिक कार्रवाई की जानी चाहिए, जिससे कि भ्रष्टाचार करने वालों को सबक मिले।

# किसान कार्ड के लिए हर गांव में लगेंगे शिविर

**सुविधा**

**पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का मिलेगा लाभ**

**जौनपुर।** जनपद के किसानों का आधार की तर्ज पर किसान कार्ड बनाया जाएगा इसके लिए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने रोस्टर जारी कर 25 जनवरी तक जिले की समस्त राजस्व गांवो में किसान रजिस्ट्री की जाएगी। इसमें किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा नंबर, खसरा नंबर, मोबाइल नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा। पूरा विवरण दर्ज होने के बाद किसानों को एक यूनिक नंबर जारी होगा। इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा। कार्ड से मिलने वाले नंबर के जरिए ही पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाएगा। किसान कार्ड के लिए जिले के हर राजस्व गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसमें कृषि विभाग/पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के दो-कर्मचारी रहेंगे। शिविर में गांव के संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सहखातेदार होने की स्थिति में गाटों में किसान का अंश, आधार नंबर, ई-केवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व स्थानांतरण (विसारत, बैनामा आदि) होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा, इससे किसान के हर गाटे में हर सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि अभी तक किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकार्ड देना पड़ता है। किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा। इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसके क्रियान्वयन में आसानी होगी। लाभार्थियों को सत्यापन कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में सहूलियत होगी साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षति पूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने में आसानी होगी, साथ ही राजस्व विवादों का भी निस्तारण होगा।

# दीवानी सभागार में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मनाई गयी जयंती

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं भारतीय संविधान को लागू करने वाले संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती मनाई गयी। नवागत जनपद न्यायधीश अनिल कुमार वर्मा, जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।


इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। सम्बोधित करते हुए नवागत जिला जज अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि वादकारियों को न्याय सुलभ कराने में बार और बेन्च में सामन्जस्य आवश्यक है। बिना आपसी सामन्जस्य से वादकारियों को सुलभ न्याय मिल पाना सम्भव नहीं है। उन्होंने अधिवक्ता समुदाय का आह्वान करते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज पर वादकारियों का बहुत बड़ा विश्वास होता है अधिवक्ता समाज को चाहिए कि वह वादकारियों के इस विश्वास पर अपनी कार्यकुशलता से खरा उतरे। जिलाधिकारी ने कहा कि देश के पहले राष्ट्रपति के रूप में देश की सेवा करने वाले उन्होंने नव स्वतंत्र राष्ट्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई डॉ. राजेंद्र प्रसाद की आज जयंती है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग और न्यायपालिका एक दूसरे के पूरक है, दोनो की मंशा एक ही होती है कि निर्दोष को सजा न मिले और दोषी सजा से बच न पाये। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह का समन्वय रखने की अपेक्षा की है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष प्रेम शंकर मिश्र, डीपी सिंह, बृजनाथ पाठक, रमेश चन्द्र उपाध्याय, हिमांशु श्रीवास्तव, प्रशांत पंकज श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश दुबे, बृजेश निषाद, अतुल श्रीवास्तव, विनय उपाध्याय, अरुण कुमार सिन्हा, नरेंद्र सिंह, मंजीत कौर, अश्वनी मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्र, आनन्द आदि अन्य वरिष्ठ अधिवक्तागण व न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कुम्भ मेले से पूर्व ठीक कर ली जाय सड़कें : जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महाकुम्भ-2025 सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में बैठक हुई जहां उन्होंने अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि कुम्भ मेला से पूर्व सड़कें ठीक कर लिया जाय। मुंगराबादशाहपुर क्रॉसिंग के पास डिवाइडर लगाये जाने के साथ ही पुलिस की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये जिससे जाम की समस्या न होने पाये। उन्होंने साइनेज बोर्ड लगाने, ट्रैफिक व्यवस्था, सीसीटीवी, शौचालय पर विस्तार से चर्चा करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग से सम्बन्धित तैयारियां पूर्ण कर लें जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण, मुंगराबादशाहपुर नगरपालिका परिषद के चेयरमैन कपिल मुनि गुप्ता के अलावा तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रही हिंसा के विरोध में निकाली गयी आक्रोश प्रदर्शन रैली



**जौनपुर।** हिन्दू रक्षा समिति के तत्वावधान में संयोजक विमल सिंह तथा सहसंयोजक डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रही हिंसा के विरोध में एक विशाल जनसमुदाय के साथ आक्रोश प्रदर्शन रैली आयोजित की गयी। शान्तिपूर्ण ढंग से आयोजित यह रैली विसर्जन घाट से प्रारम्भ की गयी जो अटाला, सुहट्टी चौराहा, कोतवाली, चहारसू, ओलन्दगंज होते हुए विसर्जन घाट पर पुनः समाप्त की गयी। इस पदयात्रा के प्रारम्भ में विसर्जन घाट पर सभा आयोजित की गयी जिसमें विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष विमल सिंह, भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय, अमित वत्स व नीतू सिंह ने अपने विचार रखे। इस पदयात्रा आक्रोश प्रदर्शन में जनसमुदाय ने लोगों को उत्साहित करने के उद्देश्य से वन्दे मातरम, भारत माता की जय और विभिन्न प्रकार के नारे लगाये। कार्यक्रम के अन्त में बांग्लादेश के हिन्दू समुदाय की सुरक्षा और सहायता के लिये आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस निमित्त हिन्दू रक्षा समिति के द्वारा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह को दिया गया। पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द कुमार वर्मा, नगर कोतवाल मिथिलेश मिश्र उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख मिथिलेशी, प्रान्त प्रचारक प्रमुख रामचन्द्र, विभाग प्रचारक अजीत, जिला प्रचारक रजत, जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज,पूर्वविधायक सुरेन्द्र, रामसूरत, जान्हवी,ब्रह्मेश, नगर प्रचारक मण्डलेश्वर, श्याम मोहन आदि उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# देश भक्ति से ओत प्रोत रहा 'जागृति भारत'






जनसंदेश न्यूज

वार्षिकोत्सव

## सेंट जॉन्स स्कूल लेढ़ूपुर का प्रांगण अभिभावकों के चहलकदमी से गूंजता रहा

### बच्चों के एक से बढ़कर एक कार्यक्रम को देख अतिथियों ने भी की सराहना

**वाराणसी।** सेंट जॉन्स स्कूल लेढ़ूपुर का वार्षिकोत्सव जागृति भारत मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप यूजीन जोजेफ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की तथा विद्यालय के विद्यार्थियों ने ईश वंदना तारा चरणों में शीश नवाऊं गीता व नृत्य के माध्यम से ईश्वर के प्रति प्रेम और विश्वास प्रकट किया।

मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर हेनरी ने अंग वस्त्रम व पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आरंभ में सूर-मधुर वीणा की झंकार एवं मधुर स्वर लहरियों के मध्य नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जय जवान - जय किसान कार्यक्रम के अंतर्गत बढ़ते चलो-बढ़ते चलो गीत देश प्रेम कार्यक्रम के अंतर्गत हम वीर सिपाही हैं एवं आजादी का उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत देश रंगीला रंगीला भांगड़ा स्क्वाड के गीत छल्ला-छल्ला गीत व नृत्य ने दर्शकों के दिलों को देशभक्ति की भावना से भर दिया।

नमन मातृभूमि कार्यक्रम के अंतर्गत जयति जननी जन्मभूमि गीत व नृत्य ने मातृभूमि के प्रति त्याग, बलिदान और अगाध प्रेम से भर दिया। हिंदी लघु नाटिका संविधान ने समस्त दर्शकों को संविधान के महत्व को समझाते हुए अपने मूल अधिकारों और कर्तव्यों के पालन करने को प्रोत्साहित किया। तो कार्यक्रम शान ए बनारस ने विश्व की प्राचीनतम सांस्कृतिक नगरी बनारस के बनारसी अंदाज से सभी को आनंदित कर दिया।



वृहद हस्थ लघु नाटिका के माध्यम से बच्चों ने वर्तमान समय में परिवार में उपेक्षित एवं दीन-हीन दशा को प्राप्त घर के वृद्धों की दयनीय दशा पर संवेदना प्रकट की तथा यह बताने का प्रयास किया कि वृद्धो का बरद हस्त आपके जीवन में कितना उपयोगी है।

कार्यक्रम आज की आवाज के माध्यम से लड़कियों पर हो रहे एसिड अटैक की दुखद घटना का जीवंत प्रस्तुति कर दर्शकों को भाव विह्ल कर दिया। अंग्रेजी लघु नाटिका मैकबेथ की प्रस्तुति अत्यधिक महत्वाकांक्षा से होने वाली हानियों से परिचित करवाया तो ह्यरंग वर्ष गीत एवं नृत्य कार्यक्रम विभिन्न त्योहारों के माध्यम से मन के उल्लास को अभिव्यक्त कर दर्शकों को झूमने के लिए विवश कर दिया।

मुख्य अतिथि विशप ने अपने संभाषण में सभी छात्रों एवं दर्शकों से देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने की मार्मिक अपील की जिससे हमारा देश एक सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बन सके।

कार्यक्रम के मध्य में विज्ञापनों के माध्यम से यातायात के नियमों का पालन करना, खाद्यान्न को नष्ट न करना एवं पॉलिथीन का प्रयोग न करने की शिक्षा दी गई। विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथियों एवं दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर हेनरी ने किया।

कार्यक्रम का संचालन छात्र और छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। अभिभावकों ने विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, समग्र विकास एवं छात्रों की प्रगति तथा प्रधानाचार्य फादर हेनरी के अनुभव से विद्यालय के प्रगति की सराहना की।

# संविधान निर्माण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अहम भूमिका : विजयलक्ष्मी




**वाराणसी।** बड़ा लालपुर स्थित जीवनदीप ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन व चित्रगुप्त सभा काशी के सयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को संविधान रचयिता डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति इलहाबाद हाईकोर्ट विजयलक्ष्मी, विशिष्ट अतिथि एमएलसी आशुतोष सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव वर्मा, जीवनदीप शिक्षण समूह के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार सिंह व वाइस चेयरमैन डॉ. अंशु सिंह ने अपने उद्‌बोधन में छात्रों व संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने कहा की डॉ. बीआर अम्बेडकर का संविधान निर्माण में जितना योगदान रहा उतना ही डॉ. राजेंद्र प्रसाद का भी है। इस लिए हमें राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को भी नहीं भूलना चाहिए।

इसी क्रम में जीवनदीप शिक्षण समूह के चेयरमैन डॉ. सिंह ने कहा की राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद भोजपुरी भाषा को प्रोत्साहित करने वालों में से एक थे। उनसे आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा लेने की आवश्यकता है। वहीं विशिष्ट अतिथि एमएलसी सिन्हा ने कहा की डॉ. राजेंद्र प्रसाद से छात्रों को प्रेरणा लेनी चाहिए। विधि के ज्ञाता होने के साथ वो संविधान सभा के अध्यक्ष भी रहे। कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। संचालन सभा के महामंत्री अजीत प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान मोहिनी वर्मा, विदुषी, अभिषेक निगम, संजीव, विनोद, जीवनदीप महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. अमित सिंह के शिक्षक, छात्र व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग समाकलन संस्थान की ओर से जनजागरूकता रैली निकाली गई



**वाराणसी।** दिव्यांग समाकलन संस्थान की ओर से मंगलवार को पूर्वान्ह में जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्‌घाटन डा. अशोक गुगार बौध, शल्य चिकित्सक ने हरी झण्डी दिखाकर किया। रैली करौंदी स्थित संस्थान परिसर से चलकर आदित्य नगर पहुंची, जहां विशिष्ट बच्चों के साथ-साथ संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों तथा अन्य कर्मचारियों ने लोट पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिव्यांगता के प्रति फैली कुरुतियों, बलेश एवं अभिशाप मिटाने का संकल्प लिया।

रैली में विशिष्ट बच्चों, अभिभावको, प्रशिक्षणार्थियों एवं उनके शिक्षकों, प्रशिक्षकों राहित लगभग सौ से अधिक संख्या में विभिन्न प्रकार के नारों से लिखित तख्तियां लेकर चल रहे थे।

इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डा. आर. ए. जोसेफ ने सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से एस. के राव, बनारसी प्रसाद, रामकेश, अंजना शुक्ला, सुपमा वर्मा, फूलचन्द भारती, विनोद यादव, अर्जुन वर्मा, सुश्री ममता मौर्या, ममता सिंह, गिरजा, सुनीता, अवधेश कुमार, कमलेश कुमार, उषा मिश्रा, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# सामूहिक विवाह में 551 जोड़े लेंगे फेरे

महोत्सव


### विधायक ने प्रेसवार्ता कर दी महोत्सव की जानकारी



**बदलापुर।** क्षेत्र के सल्तनत बहादुर इंटर कालेज में 7 व 8 दिसम्बर को होने वाले बदलापुर महोत्सव में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में लगभग 501 जोड़े फेरे लेंगे। यह जानकारी आयोजक विधायक रमेशचंद्र मिश्र ने मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सात दिसम्बर को प्रातः दस बजे से तीन बजे तक होगा। शाम चार बजे से अंतर्राष्ट्रीय सूफी गायिका ममता जोशी पंजाब, बीहू (असामी लोकनृत्य), उज्जैन के कलाकारों द्वारा तोप से प्रदर्शन, थारु लोकनृत्य के अलावा लोक गायिका मानसी सिंह लखनऊ व सौम्या मिश्रा बिहार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। दूसरे दिन आठ दिसम्बर को प्रसिद्ध कवि नीलोत्पल मृणाल की प्रस्तुति, प्ले बैक सिंगर बालीवुड मुंबई शब्बीर कुमार, बिहार की भोजपुरी स्टार खुशी कक्कर व आर्यन धमाल मचाएंगे। इसके अलावा दीप शिखा प्रयागराज डेडिया, फरवाही, आदिवासी नृत्य का आयोजन होगा। विधायक ने बताया कि महोत्सव में स्टाल लगाकर क्षेत्रवासियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी, पंजीयन आदि भी किया जाएगा।

# काशी विद्यापीठ में तानसेन संगीत समारोह का आयोजन





**वाराणसी।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश सरकार तथा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में तानसेन संगीत समारोह के 100 वां वर्ष 2024 के मुख्य अतिथि पूनम मौर्या जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी ने मंगलवार को गांधी अध्ययन पीठ के सभागार में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया।

कार्यक्रम को शुभारंभ संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना से किया। तत्पश्चात अंशुमान महराज ने सरोद वादन प्रस्तुत किया। उन्होंने रूपक ताल तीन ताल जोड़झाला सुनाया। कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन पद्मभूषण पंडित गोकुलोत्सव महाराज (इंदौर) ने ध्रुपद राग मधुवंती प्रस्तुत किया। इन्होंने तीन ताल के माध्यम से दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम के अंत में चित्रकला, गायन वादन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री राजेश अहिरवार सहायक निदेशक संस्कृति विभाग, चीफ प्राक्टर प्रो के के सिंह, डॉ शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ संगीता घोष आदि लोग उपस्थित रहे।

# हिंदू देवी देवता पर युवक ने किया अभद्र टिप्पणी

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के तरसंड गांव निवासी एक युवक ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवता के ऊपर अभद्र और गंदी टिप्पणी कर दिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के तरसंड गांव निवासी नितेश कुमार राव ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवता के ऊपर अभद्र और गंदी टिप्पणी कर दिया जिससे आहत होकर बहराइच जनपद के हरदी थाना क्षेत्र के आदित्य मिश्रा कई लोगों के साथ थाने पहुंच गए और नामजद तहरीर दी।

पुलिस ने नितेश कुमार राव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। मंगलवार की शाम को चार बजे उप निरीक्षक रवि प्रकाश अपने हमराहियों के साथ उसके घर से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# शिव पार्वती विवाह प्रसंग सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**जंघई।** चनेथू पड़ान गांव में मुख्य यजमान सरोजा देवी एवं कमलेश पांडेय के निवास पर आयोजित संगीतमय शिव महापुराण अमृत कथा में कथावाचक आचार्य सुधाकर मिश्र ने शिव विवाह प्रसंग सुनाया जिसे सुनकर उपस्थित श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान भक्तों ने नृत्य भी किया।

महाराज ने बताया कि शिवजी अजन्मे है और उनका कोई परिवार नहीं बल्कि वह स्वयं सभी के परिवार कहे जाते है। शिव बारात में ब्रह्माजी, विष्णुजी समेत सभी देवी-देवता, सुर-असुर अपने सारे झगड़े भुलाकर पहुंचे थे। शिव पशुपति हैं, मतलब सभी प्राणियों के देवता भी हैं, इसलिए समस्त जानवर, कीड़े-मकोड़े और सारे जीव जंतुओं के अलावा भूत-पिशाच और विक्षिप्त लोग भी विवाह में शिवजी की तरफ से पहुंचे। बताया कि रुद्रप्रयाग में स्थित 'त्रियुगी नारायण' एक पवित्र जगह है, माना जाता है कि सतयुग में जब भगवान शिव ने माता पार्वती से विवाह किया, तब यह हिमवत की राजधानी था। विवाह मंडप की अग्नि आज भी वहां प्रज्ज्वलित है। मान्यता है कि भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए त्रियुगीनारायण मंदिर से आगे गौरी कुंड कहे जाने वाले स्थान माता पार्वती ने तपस्या की थी और बाद में भगवान शंकर ने इसी मंदिर में माता पार्वती से विवाह किया।

महाराज गणेश जन्म प्रसंग पर भी प्रकाश डाला और बताया कि भगवान शिव ने महागणपति की आराधना की थी जिस पर भगवान गणपति ने प्रसन्न होकर उनसे वरदान मांगने को कहा, तब भगवान शंकर ने उन्हें अपने पुत्र के रूप में अवतार लेने के वर मांगा जिसके बाद भगवान महागणपति शिव-पार्वती के पुत्र के रूप में अवतरित हुए। कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आचार्य भानु प्रताप मिश्रा, कैलाशनाथ पांडेय, केशव प्रसाद शुक्ल, नारायण दास शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, मुन्ना पांडेय प्रधान, गोपीनाथ पांडेय, आशाराम पांडेय पूर्व प्रधान, आचार्य मनमोहन पांडेय, सूर्यमणि शुक्ला, कृपाशंकर पांडेय, शेषमणि पांडेय, विद्यामनि पांडेय, दरोगा पांडेय, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, सुरेश पांडेय, विनोद पांडेय, लल्लन प्रसाद पांडेय, जयशंकर शुक्ला, ओमप्रकाश पांडेय, छोटेलाल सोनी, बालकृष्ण पांडेय, सुशील उपाध्याय, पवन प्रीत, दीपक, मनीष, धीरज, महेश, रासुतोष, नीरज, विवेक, विनायक, आर्यन, अनुज पांडेय कृष्णा पांडेय एवं रुद्र पांडेय सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# भक्तों ने धनुष यज्ञ की कथा का किया रसपान

**अदलहाट।** क्षेत्र के कैलहट हनुमानगढ़ी मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पुरुषोत्तम दास जी महाराज ने व्यास पीठ से भक्तों को धनुष यज्ञ की कथा सुनाई। कथा में जनक जी के प्रतिज्ञा तथा स्वयंवर के हर क्षण को सविस्तर वर्णन करते हुए धनुष उठाने की पूरी लीला तथा स्वयंवर का दृश्य कथावाचक ने बड़े भाव के साथ प्रस्तुत किया। वही भक्तों ने माता जानकी व प्रभु श्रीराम की झांकी का दर्शन किया। उक्त अवसर पर मुख्य यजमान बाबू नंदन सिंह, रतनदीप जायसवाल, राजबहादुर सिंह, अशोक श्रीवास्तव, राकेश विश्वकर्मा, दीपक सिंह, राकेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गुप्ता, श्याम सुंदर सिंह, शिव बालक सिंह, मनोहर, आनंद भूषण सिंह, पप्पू यादव, पंकज सिंह, डी.एस. यादव सहित क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु व सैकड़ों की संख्याओं में कथा का रसपान करने हेतु भक्तगण उपस्थित रहे।

# अवर अभियंता के खिलाफ पीड़ित ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गैपुरा।** छानबे क्षेत्र के गोगांव गांव निवासी आशीष कुमार सोनकर पुत्र हरिश्चन्द्र सोनकर ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विद्युत उप केंद्र हरगढ़ में तैनात अवर अभियंता किशन लाल शर्मा की कारस्तानी का खुलासा किया है।

डीएम ने जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। आशीष कुमार सोनकर ने बताया कि माता के नाम से 2021 में विद्युत लिया गया था। मीटर में फाल्स बिलिंग का हवाला देकर अवर अभियंता ने मकान पर पहुंचकर मेरे पिता से 30 हजार रुपये की डिमांड किया। जब मेरे पिता ने कहा कि मीटर की गड़बड़ी के कारण अधिक बिलिंग हुआ है। पैसा न देने पर अवर अभियंता आपे से बाहर हो गए। जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली दी। कुछ ही दिन बाद दूसरे के मीटर की बिलिंग को उनके मीटर का बताते हुए विभागीय विजिलेंस टीम के साथ छापेमारी कर दी गई। अवर अभियंता ने मेरे पिता के खिलाफ धोखाधड़ी करते हुए विभागीय थाने में मनगढंत मुकदमा दर्ज करवा दिया।

## मिनी सदन की बैठक 23 दिसम्बर को

**वाराणसी।** नगर निगम मिनी सदन की बैठक 23 दिसम्बर को होगी। मैदागिन स्थित टाऊनहाल भवन में अपराह्न 12 बजे होने वाले इस बैठक में जहां महापौर रहेंगे, वहीं सभी वार्डों के पार्षद जुटेंगे और अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी उपसभापति नरसिंह दास ने दी हैं। बैठक में मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की जायेगी। इस दौरान नवविस्तारित क्षेत्रों के विकास कार्य मुद्दा बन सकते हैं। पूर्व विधायक श्यामदेव राय चौधरी के निधन पर शोक श्रद्धांजलि भी दी जाएगी।

# फैसिओलियासिस घातक बीमारी पर धर्मेंद्र कुमार ने किया शोध



उपलब्धि

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में पीएचडी में हुआ साक्षात्कार

### रोग से बचाव के लिए कई तर्क पर दी जानकारियां

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में फैसिओलियासिस घातक बीमारी पर धर्मेंद्र कुमार यादव का शोध कार्य पूरा हुआ और विश्वविद्यालय परिसर के प्रशासनिक भवन में इस विषय पर बाह्य विशेषज्ञ ने मौखिकी साक्षात्कार किया। जिसमें उन्होंने रोग के रोकथाम के लिए कई तर्क देते हुए जानकारी दी।

पूर्वांचल विवि से संम्बद्ध संत गणिनाथ राजकीय डिग्री कॉलेज गोहना मऊ से जीव विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार के निर्देशन में धर्मेंद्र कुमार यादव ने शोध किया। इन्होंने फैसिओलियासिस घातक बीमारी व रोकथाम पर अपना शोध कार्य पूरा किया। धर्मेंद्र कुमार के मुताबिक जंगली पशुओं में ज्यादातर पाया जाता है लेकिन मनुष्यों में भी अपना पांव पसार चुका है। दोनों प्रजातियों में यह दूषित पानी या कच्चे भोजन या अधपके वनस्पति से लार्वा अंतरग्रहण के बाद मनुष्य में संक्रमित करती है। इसके रोकथाम पर शोधकार्य जंगल की वनस्पतियों से लेकर जंगली पशुओं घरेलू पशुओं और मनुष्यों व चिकित्सालय से भी शोधकार्य को पूरा किया। धर्मेंद्र कुमार ने शोध कार्य में टिनोस्पोरा कार्डीफोलिया (गिलोय) पौधे के पत्ते तथा पिथेसलॉबियम डल्स (जंगल जलेबी) की पत्ती से रोकथाम के कारगर उपाय बताए गए हैं। धर्मेंद्र कुमार की मौखिकी परीक्षा सोमवार को बाह्य परीक्षक पटना विवि पटना के डॉ. डीके पॉल ने शोध प्रबंध को देखते हुए साक्षात्कार किया और शोध प्रबंध की सराहना की। धर्मेंद्र का दो अंतरराष्ट्रीय शोध पेपर भी प्रकाशित हो चुका है। यह मूल रूप से मड़ियांहू के सिंगारपुर गांव के रहने वाले हैं। धर्मेंद्र ने कहा कि शोधकार्य में वनस्पतियों के गुणवत्ता पर बहुत कुछ जानकारी हुई जो आगे लोगों के काम आएगी और बीमारी को रोकने में वनस्पतियों का बहुत योगदान है।

# संत की पहचान उसके कर्मों से, वस्त्रों से नहीं: देवकीनंदन

**वाराणसी।** प्रखर भागवत वक्ता पूज्य देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि संत की पहचान उसके भेष से नहीं बल्कि असली संत की पहचान उसके कर्म से ही होती है। भगवा या धवल वस्त्र धारण कर लेने से कोई संत नही बनता, सच्चा संत मान-अपमान दोनों को सहन कर लेता है, दूसरे के दुःख को देखकर करूणा करने वाला हो, जीव को कष्ट में देख दयालु भाव रखने वाला होता है। वह परोपकारी और सत्य वचन वाला होता है।

ब्रह्मलीन परम पूज्य संत श्री नारायण दास भक्तमाली (बक्सर वाले मामा जी) की सद्‌प्रेरणा से आयोजित होने वाले सिय पिय मिलन महामहोत्सव के पांचवें दिन मंगलवार को सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में चल रही श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराते हुए देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि सच्चे संत का सानिध्य मिलता है तो यह चंचल मन सारे बंधनो से मुक्त हो जाता है। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा की काशी वाले बहुत खास है, क्योंकि इनकी पहुंच सीधे प्रधानमंत्री तक है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह, काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चक पं. श्रीकांत मिश्र, विंध्याचल धाम के पुजारी अगस्त द्विवेदी, सिया दीदी, अशोक गुरुकृपा, दीपक बजाज, अशोक सिंह, मनीष श्रीवास्तव, अमित विश्वकर्मा, सीताराम चतुर्वेदी अजीत राय, सुरेश तुलस्यान, वेद अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, अनिल अग्रवाल आदि ने व्यासपीठ का साविधि पूजन अर्चन किया। संचालन जय शंकर शर्मा एवं अशोक मिश्रा ने किया।

# आये दिन जाम के झाम में फंसते हैं राहगीर

परेशानी

## क्षेत्रवासियों ने ओवरब्रिज बनाने की उठायी मांग

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित शाहगंज-फूलपुर मुख्य मार्ग पर माहुल तिराहा के पास हर दिन लगने वाले जाम से लोग परेशान हैं। कोई समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पा रहा है, तो कोई स्कूल। जिम्मेदार भी इस समस्या से निजात दिलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जाम की बड़ी वजह खुरासन रोड स्टेशन के पास 58 सी रेलवे फाटक प्रायः ट्रेनों के आवागमन के दौरान बन्द रहता है।

हर दिन की तरह मंगलवार, शनिवार तथा शुक्रवार को दोपहर में प्रमुख मार्गों पर काफी भीड़ रहती है। रेलवे फाटक बंद होने से फूलपुर माहुल तिराहा सड़क पर लगे जाम में लोग काफी देर तक फंसे रहते हैं। यहां जब ट्रेनें क्रॉस करती हैं तो फाटक बंद हो जाता है। दोनों तरफ से बाइक, चार पहिया वाहन, पैदल एक साथ गेट खुलते ही निकलने से घंटो लखनऊ बलिया मार्ग सहित फूलपुर माहुल मार्ग पर जाम लग जाता है। जिसे हटाने में पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। ऊपर से सड़क कीपटरियों पर ठेला, सब्जी, टेम्पो आदि खड़ी करके जाम के दौरान और समस्या बढ़ा देते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस रेलवे क्रॉसिंग को अंडर पास या ओवर ब्रिज का रूप दे दिया जाय तो हर दिन लगने वाला जाम स्वतः समाप्त हो जाएगा। क्षेत्रवासी बतीस यादव, चन्द्रभान, मो. आमीर, सैफुल्लाह, मो. अनवर, रिजवान अहमद, मो. खालिद, राहुल यादव, आजम, शिव पूजन, अजय यादव आदि ने समस्या समाधान की मांग की है।



रेलवे क्रासिंग के पास लगा जाम।